राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 13
लखनऊ, गुरुवार 11 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



किसान हित योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : सूर्य प्रताप शाही 03

लोक अदालत की तैयारी बैठक सम्पन्न, 128442 मामले चिन्हित 10

# नेपाल में 13,500 कैदी फरार, अब तक 30 लोगों की मौत

## पुलिस से झड़प में पांच नाबालिग कैदी मारे गए, 1000 घायल, मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की बन सकती हैं नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री

### बिगड़े हालातों से भारत व नेपाल सीमा पर लाखों की संख्या में वाहन फंसे

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ छिड़े हिंसक प्रदर्शन का फायदा उठाकर 13,500 से ज्यादा कैदी भाग निकले। जबकि हिरासत में लिए गए 560 आरोपी भी फरार हो गए। नेपाल में हो रहे प्रदर्शन के कारण बिगड़े हालातों से भारत व नेपाल सीमा पर लाखों की संख्या में वाहन फंसे हैं। इसके अलावा पश्चिमी नेपाल की एक जेल में सुरक्षाकर्मियों और कैदियों के बीच झड़प हो गई। इसमें पुलिस की गोलीबारी से पांच नाबालिग कैदियों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक सुधार गृह में कैदियों ने सुरक्षाकर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस को गोली चलानी पड़ी।



### नेपाल में सेना ने आज से समूचे देश में कर्फ्यू लगाने का किया ऐलान

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में 10 सितंबर को सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के बाद शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों की आग से पूरा देश झुलस रहा है। नेपाली सेना ने अशांति के मद्देनजर गुरुवार से समूचे देश में कर्फ्यू लगाने की घोषणा की है। द हिमालयन पोस्ट अखबार की रिपोर्ट के अनुसार नेपाल के जनसंपर्क और सूचना निदेशालय ने बुधवार को इस संबंध में बयान जारी किया। बयान में सेना ने कहा कि आज निषेधाज्ञा लगाई गई है, जो शाम 5-00 बजे तक लागू रहेगी। अगले दिन गुरुवार सुबह 6.00 बजे से पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया जाएगा। सेना ने कहा कि आगे के फैसले सुरक्षा स्थिति के आधार पर लिए जाएंगे। सेना ने कानून और व्यवस्था बनाए रखने में अब तक के सहयोग के लिए नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। साथ ही प्रदर्शन के दौरान जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया गया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रमुख स्थानों पर घुसपैठ, आगजनी, लूटपाट, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को क्षति और लक्षित हिंसक हमलों पर सेना ने कहा, विरोध के नाम पर किया गया ऐसा कोई भी आपराधिक कृत्य दंडनीय अपराध है। सुरक्षा बल ऐसी गतिविधियों पर कार्रवाई करेंगे। सेना ने कहा है कि कर्फ्यू के दौरान एम्बुलेंस, शव वाहन, दमकल गाड़ियां, स्वास्थ्य कर्मियों व सुरक्षाकर्मियों के वाहनों सहित आवश्यक वाहनों को चलने की अनुमति होगी।

### नागरिकों की सुरक्षित निकासी के लिए भारत भेजेगा विशेष विमान

**काठमांडू।** काठमांडू विमानस्थल पर फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए विशेष विमान भेजने की तैयारी की जा रही है, क्योंकि यहां का विमानस्थल अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। नेपाल की सेना ने मौजूदा जटिल स्थिति के कारण देश में फंसे विदेशी नागरिकों से बचाव और सहायता के लिए निकटतम सुरक्षा एजेंसी या तैनात सुरक्षाकर्मियों से संपर्क करने का आग्रह किया है। इस वक्त 400 से अधिक भारतीय नागरिक काठमांडू हवाईअड्डे पर फंसे हैं।

भारत सरकार भी अपने नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी के प्रयास में है, इसलिए विमानस्थल में कल से फंसे यात्रियों को भारत सरकार दिल्ली वापस बुलाने के लिए विशेष विमान भेजने की तैयारी कर रही है। दिल्ली से काठमांडू विमान भेजने के लिए नेपाली सेना से समन्वय का प्रयास किया जा रहा है। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने भारतीय वायु सेना के दो विमान काठमांडू भेजने के लिए नेपाली सेना से संपर्क किया है। नेपाली सेना ने आज एक बयान में कहा कि मौजूदा अशांति के बीच मदद या निकासी का इंतजार करने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना किसी देरी के स्थानीय सुरक्षा बलों तक पहुंचना चाहिए। सेना ने होटलों, टूर ऑपरेटरों और अन्य संबंधित संगठनों से भी अनुरोध किया कि वे जरूरतमंद विदेशी आगंतुकों के लिए समन्वय और सहायता की सुविधा प्रदान करें। यह मौजूदा परिस्थितियों से प्रभावित सभी विदेशी नागरिकों की सुरक्षा और समय पर सहायता सुनिश्चित करने का एक उपाय है।

### यूपी के सीमावर्ती जिलों में हाईअलर्ट, हेल्पलाइन नंबर जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पड़ोसी देश नेपाल में हिंसक विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी सीमावर्ती जिलों को हाई अलर्ट पर रखा है। पुलिस 24 घंटे सोशल मीडिया की पोस्टों पर भी नजर रख रही है। नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिए लखनऊ पुलिस मुख्यालय में एक विशेष कक्ष बनाया गया है। सरकार ने हेल्पलाइन नंबर और व्हाट्सएप नंबर भी जारी किए हैं, जिस पर मदद ली जा सकती है।मुख्यमंत्री योगी ने नेपाल में बिगड़ते हालात को देखते हुए पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण को राज्य के सभी सीमावर्ती जिलों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में सुरक्षा बढ़ा दी है और 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। डीजीपी के निर्देश पर नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिए पुलिस मुख्यालय में एक विशेष कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

#### पुलिस मुख्यालय में बनाया गया कंट्रोल रूम, सोशल मीडिया पर हो रही है निगरानी

### नेपाल से भागे कैदी महाराजगंज व सिद्धार्थनगर की सीमा पर पकड़े गए

**लखनऊ।** पड़ोसी देश नेपाल में हिंसक प्रदर्शन के बीच वहां की जेल से भागे कई कैदियों को महाराजगंज और सिद्धार्थनगर के बार्डर से एसएसबी और पुलिस ने पकड़ा है। इन लोगों से सुरक्षा जांच एजेंसी पूछताछ कर रही है। नेपाल के हालातों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। बुधवार को मण्डलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ भारत-नेपाल बॉर्डर के ककरहवा थाना मोहाना व अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु बार्डर का भ्रमण किया। इस दौरान डीआईजी ने बताया कि पड़ोसी देश नेपाल की जेल से भागे कुछ लोगों को सीमा पर पकड़ा गया है, जिनसे सुरक्षा एजेंसी पूछताछ कर रही है। इसी तरह महाराजगंज के सोनौली बॉर्डर से एसएसबी की 22वीं वाहिनी ने चेकिंग के दौरान कैदियों को पकड़ा है। इनमें दो कैदी यूपी के जिले के हैं। इन सभी से जांच टीम पूछताछ कर रही है।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,10,660/ |
| 22 कैरेट | = | 10,1450/ |
| 18 कैरेट | = | 83,030/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,30,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### तेलंगाना के बोधन में एनआईए ने पकड़ा संदिग्ध आतंकी

**बोधन।** निजामाबाद जिले के बोधन में एनआईए अधिकारियों द्वारा एक संदिग्ध आतंकवादी की गिरफ्तारी से हड़कंप मच गया। एनआईए और पटियाला पुलिस ने बुधवार तड़के स्थानीय पुलिस के सहयोग से बोधन कस्बे में व्यापक जांच की और आईएसआईएस से जुड़े एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। बोधन अदालत में पेश करने के बाद उसे पटियाला स्थानांतरित कर दिया गया।

### उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के चेयरमैन को अवमानना नोटिस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के चेयरमैन डॉ आशीष कुमार गोयल को अवमानना के एक मामले में नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि डॉ आशीष कुमार गोयल या तो 14 अक्टूबर तक आदेश के पूर्ण अनुपालन का हलफनामा दाखिल करें, या फिर उस तारीख को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने मोहन सिंह की अवमानना याचिका पर उनके अधिवक्ता को सुनकर दिया है। अवमानना याचिका के अनुसार रिट कोर्ट ने याची के ग्रेच्युटी, पेंशन व अन्य बकाया भुगतान का आदेश दिया था। आरोप है कि इस आदेश का जानबूझकर पालन नहीं किया गया है। इसीलिए यह अवमानना याचिका दाखिल की गई।

### कांग्रेस विधायक सैल को कोर्ट से दो दिन की ईडी हिरासत

**बेंगलुरु।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार कर्नाटक के कारवार निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक सतीश सैल को बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने दो दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में देने के आदेश दिए हैं। इसके बाद मंगलवार को अवैध लौह अयस्क निर्यात संबंधी पूछताछ के बाद ईडी ने कारवार से विधायक सैल को गिरफ्तार कर किया था। ईडी के अधिकारियों ने उन्हें बेंगलुरु की विशेष जनप्रतिनिधि कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में ईडी अधिकारियों ने मामले की आगे की जांच के लिए विधायक सतीश सैल को हिरासत में देने की मांग की।

### भारत ने हासिल की 250 गीगावाट हरित ऊर्जा क्षमता की उपलब्धि

**नई दिल्ली।** देश में हरित स्रोतों से बनने वाली ऊर्जा 250 गीगावाट पहुंच गई। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस उपलब्धि को सौर, पवन, जल और जैव ऊर्जा जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के समन्वित उपयोग से हासिल किया गया।

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को मरणोपरांत पीवी नरसिम्हा राव स्मृति पुरस्कार

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह को भारत के आर्थिक बदलाव और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत पीवी नरसिम्हा राव स्मृति अर्थशास्त्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हैदराबाद स्थित पीवी नरसिम्हा राव स्मृति संस्थान ने बुधवार को एक बयान में बताया कि पिछले हफ्ते राष्ट्रीय राजधानी में उनकी पत्नी गुरशरण कौर ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह पुरस्कार पूर्ववर्ती योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और सेंटर फॉर सोशल एंड इकॉनमिक प्रोग्रेस के विशिष्ट फेलो मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने प्रदान किया। अर्थशास्त्र में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए पीवीएनएमएफ ने इस पुरस्कार की स्थापना की थी।

## डूंगरपुर कांड में आजम की जमानत मंजूर सजा के खिलाफ दाखिल की थी अर्जी

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पूर्व सपा सांसद व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान की डूंगरपुर कांड के मुकदमे में जमानत मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने इस मामले में रामपुर के विशेष एमपी एमएलए कोर्ट से मिली सजा के विरुद्ध अपील के साथ दाखिल जमानत अर्जी पर बुधवार को दिया।

कोर्ट ने ठेकेदार बरकत अली और मोहम्मद आजम खान की अर्जियों पर एक साथ सुनवाई के बाद गत नौ अगस्त को आदेश सुरक्षित कर लिया था। गौरतलब है कि 30 मई 2024 को रामपुर की स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट ने मोहम्मद आजम खान को 10 साल कैद की सजा सुनाई थी। आजम खान ने सजा के फैसले को आपराधिक अपील के माध्यम से चुनौती दी है। डूंगरपुर मामले में अबरार ने अगस्त 2019 में रामपुर के गंज थाने में आजम खान, रिटायर सीओ आले हसन खान और ठेकेदार बरकत अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायतकर्ता अबरार के अनुसार दिसम्बर 2016 में आजम खान, रिटायर सीओ आले हसन खान और ठेकेदार बरकत अली ने उसे पीटा था।



### तानाशाही कर रहा है चुनाव आयोग, वोट चोरी के हैं ब्लैक एंड व्हाइट सबूत : राहुल गांधी

**रायबरेली।** सांसद राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर करारा हमला करते हुए तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम देखने के बाद हमें वोट चोरी के ब्लैक एंड वाइट सबूत मिले राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर आज रायबरेली में हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को रायबरेली की हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के बटोही रिसोर्ट में आयोजित बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग अब तानाशाही पर उतारू हो गया है। वह अब किसी की नहीं सुन रहा है। वोट चोरी के सारे सबूत होने के बावजूद जांच करने को भी तैयार नहीं है।

## काशी पहुंचे मॉरीशस के पीएम, राज्यपाल ने की अगवानी

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम बुधवार शाम को तीन दिवसीय दौरे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी (काशी) पहुंच गए। स्थानीय हवाई अड्डे पर प्रदेश की राज्यपाल और जिले के प्रभारी मंत्री ने उनका स्वागत किया।

हवाई अड्डे पर ही उन्हें औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी दिया गया। मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम आज शाम को विमान से बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। हवाई अड्डे पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने डॉ. रामगुलाम की गर्मजोशी से अगवानी की। इसके बाद वे एयरपोर्ट से नदेसर स्थित ताज होटल के लिए रवाना हुए। इस दौरान पूरे मार्ग पर आकर्षक ढंग से सजावट के साथ काशी के मेहमाननवाजी का नजारा दिखा।



#### आज गंगा आरती और काशी विश्वनाथ दरबार में देंगे हाजिरी

प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम अपने काशी प्रवास के दौरान गुरुवार को विवेकानंद क्रूज से गंगा यात्रा करेंगे और विश्व प्रसिद्ध दशाश्वमेध घाट की गंगा आरती के साक्षी बनेंगे। इसके बाद वे नमो घाट के रास्ते कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होटल लौटेंगे।

#### मोदी-रामगुलाम की द्विपक्षीय वार्ता भी आज

गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ डॉ. रामगुलाम की द्विपक्षीय बैठक प्रस्तावित है। वार्ता में व्यापार, सांस्कृतिक सहयोग, विरासत संरक्षण और वैश्विक कूटनीतिक विषयों पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी कल ही पूर्वाह्न वाराणसी पहुंचेंगे।

## रांची से आईएसआईएस का संदिग्ध आतंकी हथियार के साथ गिरफ्तार

### बम बनाने में इस्तेमाल होने वाले केमिकल व मेटल बरामद

एजेंसी

**रांची।** रांची के तबारक लॉज से आईएसआईएस के एक संदिग्ध आतंकी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता हासिल हुई है। अशरफ दानिश (23) नाम का यह आतंकी लॉज में काफी दिनों से अपना ठिकाना बनाए हुए था। अशरफ दानिश झारखंड के बोकारो का ही रहने वाला है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल आतंकी को गिरफ्तार कर अपने साथ ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले गयी।

गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी अशहर दानिश के पास से देशी कट्टा, कॉपर सीट, नाइट्रिक एसिड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, सोडियम बाइकोर्बोनेट, सल्फर पाउडर, लैपटॉप, एक मोबाईल, 10 हजार 500 रुपये सहित कई अन्य केमिकल और मेटल बरामद हुए हैं। दानिश के पास से बरामद केमिकल्स और मेटल से विस्फोटक बनाए जाते हैं। दानिश की गिरफ्तारी को देश में चल रही एक बड़ी आतंकी साजिश का पर्दाफाश बताया जा रहा है। रांची से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी अशरफ दानिश के पास से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस ने विस्फोटकों में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स के साथ कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए हैं।

### बांग्लादेश से 2009 में आए प्रमथ रंजन को मिली भारतीय नागरिकता

**उत्तर 24 परगना।** पश्चिम बंगाल में बागदा के हेलेंचा बैंचीडांगा इलाके में रह रहे बांग्लादेश के पूर्व डाककर्मी प्रमथ रंजन विश्वास ने भारतीय नागरिकता प्राप्त कर ली है। सितंबर, 2025 में नागरिकता का प्रमाणपत्र हाथ में पाकर वे भावुक हो गए और बोले अब कोई मुझे भारत से बाहर नहीं निकाल पाएगा। मैं भारतीय नागरिक हूं, भारत सरकार ने मुझे मान्यता दी है। प्रमथ रंजन विश्वास मूल रूप से बांग्लादेश के निवासी थे और पेशे से डाककर्मी रहे हैं। वर्ष 2009 में वे भारत आकर स्थायी रूप से उत्तर 24 परगना में बस गए। एक दशक से भी अधिक समय तक रहने के बावजूद उन्हें औपचारिक नागरिकता नहीं मिल पाई थी। इस कारण वे हमेशा असुरक्षा और अनिश्चितता में रहते थे।

## केन्द्रीय कैबिनेट से भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट रेलवे लाइन के दोहरीकरण को मिली मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट रेलवे लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। यह लाइन तीन राज्यों बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से होकर गुजरेगी। इस 177 किलोमीटर लंबे खंड पर करीब 3,169 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे लोगों, सामान और सेवाओं की आवाजाही आसान होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। परियोजना से रेलवे नेटवर्क में 177 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। यह पांच जिलों को जोड़ेगी और क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत करेगी। कैबिनेट फैसलों की जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि यह लाइन देवघर (बाबा बैद्यनाथ धाम) और तारापीठ (शक्ति पीठ) जैसे धार्मिक स्थलों को जोड़ेगी। इससे 441 गांव, लगभग 29 लाख लोग और बांका, गोड्डा, दुमका जैसे आकांक्षी जिले सीधे रेल नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। इस मार्ग से कोयला, सीमेंट, उर्वरक, ईंट और पत्थर जैसे सामान का परिवहन आसान होगा।



#### बक्सर-भागलपुर कॉरिडोर के मोकामा-मुंगेर खंड के निर्माण को मंजूरी

केंद्र सरकार ने बिहार को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत बक्सर-भागलपुर हाई-स्पीड कॉरिडोर के मोकामा-मुंगेर खंड का हाइब्रिड वार्षिकी मोड में निर्माण होगा। यह सड़क मोकामा, बड़हिया, लखीसराय, जमालपुर और मुंगेर को भागलपुर से जोड़ेगी। इससे क्षेत्र के लोगों को तेज और सुरक्षित यात्रा का लाभ मिलेगा। मोकामा-मुंगेर सेक्शन 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड सड़क होगी। इसकी कुल लंबाई 82.4 किलोमीटर होगी।

### देश में पहली बार एक ट्रैक पर दौड़ेगी नमो भारत व मेरठ मेट्रो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर और मेरठ को जोड़ने वाला नमो भारत रेल और मेरठ मेट्रो प्रोजेक्ट अब अपने आखिरी चरण में है। यह देश का पहला ऐसा प्रयोग है, जहां एक ही ट्रैक पर सेमी हाई-स्पीड नमो भारत रेल और मेरठ मेट्रो एक साथ दौड़ेंगी। इस अनोखे प्रोजेक्ट का उद्घाटन जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। 82 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में से 55 किलोमीटर पर नमो भारत रेल पहले से चल रही है, और अब मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक 21 किलोमीटर के ट्रैक पर मेरठ मेट्रो शुरू होगी। सूत्रों के मुताबिक, इस महीने के अंत तक सराय काले खां से मेरठ तक पूरा कॉरिडोर शुरू हो सकता है। मेरठ मेट्रो का ट्रैक 21 किलोमीटर लंबा है, जिसमें 13 स्टेशन हैं।

श्रद्धांजलि

### सीएम ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं व अवेद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि पर बोले-

## सनातन के प्रति समर्पण भाव श्रीमद्भागवत का वास्तविक मर्म

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर परिस्थिति में सनातन धर्म के प्रति समर्पण का भाव बना रहे, यही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का वास्तविक मर्म है। श्रीमद्भागवत कथा जीवन के ज्ञान का भान कराने वाली, भक्ति से जोड़ने वाली और मुक्ति का मार्ग दिखाने वाली कथा है।

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 11वीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में बुधवार शाम श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के विराम सत्र पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कथा श्रवण करने तथा व्यासपीठ के समक्ष श्रद्धावनत होने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा पांच हजार वर्ष पहले पहली बार स्वामी शुकदेव ने महाराजा परीक्षित को मृत्यु के भय से अभय करने के लिए सुनाई थी। तबसे यह कथा कोटि-कोटि सनातन धर्मावलंबियों की मुक्ति का माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की ऋषि परंपरा उद्घोष करती है कि भारत में जन्म लेना दुर्लभ है। उसमें भी मनुष्य रूप में जन्म लेना और भी दुर्लभ है। सनातन भारत ने ही ज्ञान, भक्ति और मुक्ति की दाता, जीवन के रहस्यों का उद्घाटन करने वाली श्रीमद्भागवत कथा का उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि कथा का वास्तविक मर्म यह है कि हम हरहाल में अपने धर्म और देश के प्रति अडिग रहें। किसी भी परिस्थिति में बिना झुके, बिना रुके, बिना डिगे सनातन और भारत के प्रति समर्पण का भाव बनाए रखें।



#### लाखों लोगों ने उठाया कथा का आंनद

व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास, परिधान पीठ गोपाल मंदिर श्री अयोध्याधाम से पधारे जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य महाराज की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए सीएम योगी ने कहा कि स्वामी रामदिनेशाचार्य ने अत्यंत सरलता और सहजता से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराया। इसका आनंद यहां आए श्रद्धालुओं के साथ मीडिया के जरिये लाखों लोगों ने प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी रामदिनेशाचार्य जी रामानंदाचार्य परंपरा से आते हैं। अगले वर्ष उनके श्रीमुख से यहां श्रीराम कथा का भी श्रवण कराया जाएगा। कथा के विराम पर मुख्यमंत्री, संतजन व यजमानगण ने श्रीमद्भागवत महापुराण और व्यासपीठ की आरती उतारी।

## एशिया कप 2025 : भारत ने यूएई को नौ विकेट से हराया

एजेंसी

**दुबई।** भारत ने एशिया कप 2025 में धमाकेदार शुरुआत की है। टीम ने यूएई के खिलाफ 58 रन का टारगेट सिर्फ 27 गेंदों में चेज कर लिया। यह भारत का सबसे तेज रन चेज है। अभिषेक शर्मा 30 रन बनाकर आउट हुए। जबकि शुभमन गिल 20 रन पर नाबाद लौटे।

बुधवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। यूएई 13.1 ओवर में 57 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने आखिरी 8 विकेट 28 रन बनाने में गंवा दिए। ओपनर आलिशान शराफु ने 22 और कप्तान मोहम्मद वसीम ने 19 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 4 विकेट झटके। शिवम दुबे ने 3 विकेट लिए। भारतीय टीम की ओर से अभिषेक शर्मा ने 30 रन बनाकर आउट हुए। पारी में गेंद बाकी रहते हुए यह भारत की सबसे बड़ी जीत रही। टीम इंडिया ने यूएई के खिलाफ दुबई में 27 गेंद (4.3 ओवर) में ही टारगेट हासिल कर लिया, यानी 93 गेंदें बाकी रह गईं। इससे पहले 2021 में स्कॉटलैंड के खिलाफ दुबई में ही भारत 81 गेंद बाकी रहते जीत गया था। टेस्ट प्लेइंग नेशंस में यह गेंद बाकी रहते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत रही। 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में एंटीगुआ के मैदान पर इंग्लैंड ने ओमान को 19 गेंद में ही हरा दिया था। तब 101 गेंदें बाकी रह गई थीं।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइकों की हुई आमने-सामने भिड़ंत, तीन घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** बुधवार सुबह हुई दो बाइकों की सीधी टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमे से दो को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के खंडेह निवासी राजेंद्र (29) पुत्र राम बिहारी बाइक से कस्बे की ओर आ रहा था। वहीं छिमौली गांव निवासी दीपक (30) पुत्र काशीराम और नन्हू (55) पुत्र पंचा बाइक से बांदा जा रहे थे। तभी खंडेह के निकट दोनों बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें तीनों बाइक सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से दीपक और राजेंद्र को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। दीपक को गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

### नेत्र परीक्षण शिविर में 105 मरीजों की आंखों की हुई जांच

**पौथिया, हमीरपुर।** गांव स्थित साई हेल्थकेयर सेंटर में बुधवार को सत गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड चित्रकूट की ओर से निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 105 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कराई। जिसमें 12 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित मिले। जिन्हें चित्रकूट ले जाया गया। शेष मरीजों को आई ड्रॉप व चश्मा तथा दवाएं वितरित की गई। इस मौके पर टीम के प्रदीप रजत, गौरव तिवारी, आशीष गुप्ता सहित पौथिया गांव के पूर्व प्रधान आनन्द अशोक सचान, पूर्व प्रधान राजू सचान, पूर्व प्रधान नीरज सचान, डा.निशांत सचान सहित बायो वृद्ध भाजपा कार्यकर्ता लल्लू महराज मौजूद रहे।

### अवैध स्कूल संचालित होने की शिकायत पर एबीएसए ने की छापेमारी

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे के पठानपुरा गंज में स्थित गंज बिहारी मंदिर में चल रहे विद्यालय संचालित की शिकायत पर एबीएसए शैलेश त्रिपाठी ने छापा मारा। छापे के दौरान वहां पर विद्यालय संचालित करते हुए नहीं पाया गया है। एबीएसए ने आपसी सहमति से बात करने की बात कही है। बुधवार को कस्बे के पठानपुरा गंज मोहल्ला निवासी याघवेंद्र सिंह, डॉ बीके यादव, योगेश सोनी, शिवम यादव, अमित निगम की शिकायत पर बीएसए ने गंज बिहारी मंदिर में चल रहे अवैध स्कूल को लेकर बीएसए से शिकायत की थी। बुधवार को बीएसए ने मौके पर पहुंच छापेमारी की। इस दौरान बीएसए ने बताया कि जांच के दौरान वहां कोई विद्यालय संचालित नहीं मिला है। वह समिति की जगह है। जहां पर कुछ बच्चें रहते हैं। समिति के कोषाध्यक्ष मुन्ना लाल ने बताया कि यह जगह समिति की है। जो रजिस्टर है। बताया कि कोई विद्यालय संचालित नहीं है। बताया कि मोहल्ले के लोगों ने विरोध किया था। जो कि गलत है।

### संदिग्ध परिस्थितियों के चलते महिला की हुई मौत

**राठ, हमीरपुर।** तहसील के मझगवां थाना क्षेत्र के इटौरा गांव की निवासी 21 वर्षीय एक युवती की मेरठ में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक युति तीन माह की गर्भवती भी बताई जा रही है। घटना की जानकारी लगते ही मृतक युवती के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची राठ कोतवाली पुलिस के द्वारा आज बुधवार की शाम करीब 4 बजे मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। जानकारी के अनुसार राठ तहसील के मझगवां थाना क्षेत्र के इटौरा गांव की निवासी 21 वर्षीय युवती कल्पना पत्नी अनिल जो कि अपने पति सहित अन्य ससुरालीजनों के साथ मेरठ में मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग करती थी। जिसकी मंगलवार की सुबह करीब 5ः00 बजे मेरठ में ही मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव को राठ ले आये। मृतका के भाई भूपेंद्र निवासी ग्राम धमना ने बताया कि उसने अपनी बहन कल्पना का विवाह वर्ष 2023 की जुलाई माह में इटौरा गांव के निवासी अनिल के साथ किया था। बताया कि बीती 12 अगस्त वर्ष 2025 को उसकी बहन के ससुराल वाले उसकी बहन कल्पना को मेरठ ले गए थे। जहां पर उसके मौत हो गई है। बताया कि उसकी बहन कल्पना 3 माह की गर्भवती भी थी । मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

### निरीक्षक राजेश नारायण पदोन्नत होकर बने पुलिस उपाधीक्षक




**बांदा।** जनपद बांदा में नियुक्त निरीक्षक राजेश नारायण को पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल व सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक द्वारा सिल्वर स्टार लगाकर उन्हे बधाई व शुभकामनाएं दी गई । बता दें कि राजेश नारायण मूल रुप से जनपद कानपुर के रहने वाले हैं तथा वर्ष–1998 में जनपद लखनऊ से उपनिरीक्षक पद पर भर्ती हुए थे व वर्ष–2015 में निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए । अब तक वे रायबरेली, खीरी, प्रयागराज, कौशाम्बी तथा प्रतापगढ़ में सेवा दे चुके हैं । वर्ष–2021 से वे जनपद बांदा में नियुक्त हैं तथा इस दौरान वे प्रभारी निरीक्षक जसपुरा, तथा प्रभारी क्राइम ब्रांच के दायित्वों को निर्वहन कर चुके हैं ।

### मेडिकल कालेज के जे आर द्वारा महिला मरीज के साथ अभद्रता पर तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच

**बांदा।** मेडिकल कालेज में डाक्टरों द्वारा अभद्रता करने के मामले में प्राचार्य द्वारा शिकायत और शोशल मीडिया में प्रसारित वीडियो पर तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच करने के आदेश दे दिए हैं जिसमे एक सप्ताह में जांच आने के बाद कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। मामला जिले के रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज का है जहां पर मंगलवार को हमीरपुर जिले के रहने वाली बेबी अपने दातों की सफाई कराने के लिए आई थी जहां पर डाक्टर निधि गुप्ता ने दांतों की सफाई के लिए सरकारी फीस जमा करने को कहा जहां पर मरीज द्वारा फीस जमा करने के बाद ओटी पर गई जहां पर जूनियर डाक्टर स्नेहलता द्वारा कहा कि तुम गुटखा खाती हो इसलिए तुम्हारे दांत साफ नहीं किए जा सकते हैं जिसकी शिकायत मरीज द्वारा कालेज के प्राचार्य सुनील कौशल से किया जिस पर उन्होंने कहा कि साफ़ होंगे जिस पर मौके पर मौजूद जे आर डाक्टर सूरज राज द्वारा महिला मरीज से अभद्रता करना शुरू कर दिया जिस पर महिला ने विरोध किया जिस पर जे आर द्वारा महिला को मारने के लिए दौड़ा जिस पर महिला ने अपनी जान बचा कर प्राचार्य के पास शिकायत करने गई जिसके बाद प्राचार्य द्वारा लगे सीसी टीवी कैमरों को देखा गया और इस पर संबंधित डाक्टरों के विरुद्ध एक तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गए जिसमे प्राचार्य सुनील कौशल ने बताया कि जांच टीम पहले संबंधित को एक कारण बताओ नोटिस देंगे और इसके बाद जांच कर 1 सप्ताह में अपनी आंख प्रस्तुत करेंगे जिसके आधार पर डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। वहीं इस संबंध में जब रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा.सुनील कुमार कौशल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ अभद्रता का मामला संज्ञान में आया है। जिसके लिए जांच टीम बना दी गई और आख्या के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। लेकिन मरीजों के साथ ऐसा बरताव करना गलत इस कठोर कार्यवाही जायेगी।

### भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने छह सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन सौंपा



**पनवाड़ी, महोबा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) संगठन ने मंगलवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी (वीडीओ) पनवाड़ी के नाम छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इससे पहले ब्लॉक परिसर में ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में किसान पंचायत आयोजित हुई। पंचायत में ग्रामीणों ने विकासखंड पनवाड़ी के अलग–अलग गांवों की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में मांग की गई कि ग्राम पहाड़ियां में हनुमान मंदिर के सामने लिंक रोड की मरम्मत कराई जाए। ग्राम सरगपुरा में श्मशान घाट तक जाने वाले मार्ग का निर्माण कराया जाए। रिबई गांव में ब्रह्मा नदी के रास्ते की मरम्मत की जाए। इसके अलावा पनवाड़ी हाईवे बाईपास से हनुमान मंदिर वाले सेक्टर तक लिंक रोड का निर्माण कराया जाए। ग्राम टोला में सीता राजपूत के मकान से हनुमान मंदिर तक पक्की सड़क बनाई जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें रमेश मेंबर, मूरत ध्वज नायक, राजाराम रैकवार, प्रभु सिंह परिहार, राजकुमार शुक्ला, दीपेंद्र राजपूत, फूल सिंह अहिरवार, बृज किशोर, राजेंद्र कुमार गंगली समेत ग्राम अध्यक्ष और आधा सैकड़ा से अधिक किसान शामिल रहे।

# डीएम ने समितियों व खाद वितरण केंद्रों का किया निरीक्षण

- खाद वितरण में लापरवाही बरतने पर डीएओ, एआर कॉपरेटिव व जिला प्रबंधक पीसीएफ का डीएम ने वेतन रोका

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण को लेकर किसानों की समस्याओं को देखते हुए जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बुधवार को सदर तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत सहकारी समितियों/खाद वितरण केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उर्वरक वितरण में लापरवाही बरतने तथा केंद्रों का सतत पर्यवेक्षण न किए जाने पर जिला कृषि अधिकारी, एआर कॉपरेटिव एवं जिला प्रबंधक पीसीएफ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही कराने के लिए शासन को पत्र लिखते हुए संबंधित का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कुरारा क्षेत्र में पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड एवं बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बीपैक्स) लिमिटेड मिश्रीपुर, सिवनी के केंद्रों पर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में जानकारी ली। साथ ही किसानों से वार्ता कर उर्वरक वितरण के संबंध में फीडबैक लेते हुए उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी सहकारी समितियों/निजी खाद वितरण केंद्रों के सचिवों को सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक केंद्र का वितरण रजिस्टर बनाया जाए तथा किसानों की खतौनी व जोत के अनुसार टोकन प्रणाली अपनाकर खाद वितरण किया जाए। उर्वरक वितरण में लापरवाही बरतने तथा केंद्रों का सतत पर्यवेक्षण न किए जाने को लेकर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी, एआर कॉपरेटिव एवं जिला प्रबंधक पीसीएफ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही कराने के उद्देश्य से शासन को पत्र लिखते हुए संबंधित का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए है। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर केडी शर्मा, उपनिदेशक कृषि डॉ.प्रमोद कुमार अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरकारी अस्पताल में रील बनाना युवती को पड़ा भारी, मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** बीते पांच दिन पहले सीएचसी में कर्मचारी की सीट पर बैठकर रील बनाने वाली रीलबाज युवती के खिलाफ अस्पताल प्रशासन की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। बीते पांच दिन पहले कस्बे की रीलबाज युवती रोजी खान ने पुरुष स्टाफ नर्स सूरज कुमार जब वह ऑपरेशन थिएटर में मरीज के टांके काटने गया था। तभी खाली सीट पर बैठकर रील बनाकर सोशल साइट इंस्टाग्राम में अपलोड कर दी थी। जिसके बाद स्टाफ नर्स सूरज कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि पिछले सप्ताह उक्त रोजी खान ने रेलवे स्टेशन रागौल में एक युवक के साथ मारपीट कर मोबाइल छीनने की रील बनाई थी। जिस पर रेलवे पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके चलते रीलबाज युवती के हौसले और बुलंद हो गए।

## भारत माता शिक्षक रत्न नेशनल अवॉर्ड 2025 से सम्मानित हुए कमल किशोर

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शब्दों के जादूगर प्रसिद्ध साहित्यकार व अटेवा के जिला महासचिव एवं वर्तमान में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरारा के भाषा शिक्षक कमलकिशोर को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत माता अभिनंदन संस्था सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल द्वारा भारत माता शिक्षक रत्न नेशनल अवॉर्ड 2025 प्रदान किया गया। उनको यह सम्मान दिये जाने से शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

बताते चलें कि साहित्यकार कमलकिशोर को इनकी रचना ÷मन श्री कुंडलियां÷ के लिये पूर्व में इसराजी देवी साहित्य सम्मान 2023 भी प्राप्त हो चुका है। साथ ही दोहा पाठशाला मंच द्वारा दोहा सम्राट की उपाधि से भी विभूषित किया जा चुका है। कमलकिशोर कमल की इस सफलता से जनपदवासियों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। उनके शुभचिंतकों द्वारा बधाइयों एवं शुभकामनाओं की झड़ी लगा दी गयी है।

## दुष्कर्म पीड़िता गर्भवती की इलाज के दौरान कानपुर में हुई मौत

- तीन दिन पूर्व दो युवकों ने खेतों में किया था सामूहिक दुष्कर्म, घटना से पीड़िता के परिजनों सहित ग्रामीणों में आक्रोश

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सामूहिक दुष्कर्म की शिकार मायके में रह रही मंदबुद्धि 26 वर्षीय विवाहिता की उपचार के दौरान मंगलवार की रात कानपुर के हैलट में मौत हो गई। कानपुर में ही उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना से गांव में खलबली मच गई है। वहीं घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को पकड़ने में नाकाम है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सोमवार को सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था।

बीते सात सितंबर को एक गांव निवासी मुन्नीलाल व रामबाबू मायके में रह रही पड़ोसी 26 वर्षीय महिला को बहला फुसलाकर खेतों की तरफ ले गए। जहां उसके साथ बारी बारी दुष्कर्म किया। इसके बाद गर्भपात कराने के लिए दवा खिला दी। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। जानकारी होने पर परिजन स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने हालत में सुधार न होते देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से उसे कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया। उपचार के दौरान मंगलवार रात करीब 2 बजे उसकी मौत हो गई। मृतका के भाई ने बताया उसकी बहन के मंदबुद्धि थी। ससुरालियों से विवाद होने के बाद दो साल से मायके में ही रह रही थी। जहां पड़ोसी मुन्नीलाल व रामबाबू से उसकी जान पहचान बढ़ गई। हालांकि पिता ने आरोपियों से पुत्री से दूर रहने की कई बार हिदायत भी दी। बताया गर्मियों में रबी फसल की कटाई के दौरान आरोपियों के निकट आई थी। तभी वह गर्भवती हो गई। गर्भवती होने की जानकारी होते ही पिता ने रामबाबू से उलाहना भी दिया था। तब उसके साथ गाली गलौज की थी। बीते सोमवार को मुन्नीलाल व रामबाबू ने बहन के साथ खेतों में बारी-बारी से दुष्कर्म करने के बाद उसे गर्भपात की गोलियां खिला दी। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। मंगलवार की रात करीब दो बजे उपचार के दौरान कानपुर हैलट में उसकी मौत हो गई। वहीं पीएम होने के बाद शव को गांव लाकर अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस संबंध में थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति का कहना है कि उन्हें मौत की जानकारी नहीं है। परिजन अभी कानपुर उसका इलाज कराने ले गए हैं। कहा आरोपियों के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। अगर ऐसा है तो आरोपियों के खिलाफ अन्य धाराएं जोड़ी जाएंगी। फिलहाल गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## नो हेल्मेट नो फ्यूल के तहत चलाया जागरूकता अभियान

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पूरे प्रदेश में लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर जनहानि रोकने के उद्देश्य से सरकार ने नो हेलमेट नो फ्यूल का अभियान शुरू कर दिया है जिसके चलते कस्बे में परिवहन विभाग की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया।

कस्बे के बाहर नेशनल हाईवे पर स्थित रश्मि फिलिंग स्टेशन में बुधवार दोपहर संभागीय परिवहन अधिकारी अमिताभ राय के साथ परिवहन विभाग के जिम्मेदारों ने बाईकर्स को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया और हेलमेट पहनने के लाभ बताए साथ ही सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आदेशित किया कि वह बिना हेलमेट के बाईकर्स को पेट्रोल नहीं दें इस दौरान उनके साथ डी.एस.ओ. ब्रजेश शुक्ला, रवीन्द्र गुप्ता, अवधेश पालीवाल, शांतनु गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस सम्बन्ध में संभागीय परिवहन अधिकारी अमिताभ राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेश पर यह अभियान एक सितम्बर से तीस सितम्बर तक चलाया जाएगा। सबको मालूम है कि आएदिन सडक हादसों में होने वाली मौतों की मुख्य वजह सर में चोट लगना होता है इसलिए अब सरकार ने अभियान शुरू किया है कि बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा जिसके चलते लोग हेलमेट पहनने के लिए जागरूक होंगे तथा सडक हादसों में होने वाली जनहानि को कम किया जा सके।

## कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने विद्युत विभाग के एक्सीएन को सौंपा ज्ञापन

- शंकर नगर मोहल्ले की समस्या समाधान करने की मांग



**बांदा।** शहर क्षेत्र में मौके पर दौरा करके विद्युत समस्याओं के निदान के लिए मोहल्ला वासियों व बांदा शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह ने अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड बांदा से मांग की है कि बांदा शहर के वार्ड नम्बर 10(दस), मोहल्ला शंकर नगर में बड़े मैदान के पास डा. परदेशिया शुक्ला के नए घर वाली गली में, तथा मोहल्ला आजाद नगर में मस्जिद के सामने वाली गली में लोग विद्युत कनेक्शन लिए हैं, बांस बल्लियों के सहारे टेंपरेरी लाइने अपने घरों तक उपभोक्ता लोग ले गए हैं, इन बांसों के सहारे खींची गई टेंपरेरी लाइने गम्भीर खतरों को दावत दे रही हैं, यहाँ पोल/पिलर लगवाए जाएं, तथा पोलों के जरिए घरों तक लोगों को लाइनें व्यवस्थित करके दी जाएं, ताकि खतरों की सम्भावना ना रहे। उक्त समस्याओं का समाधान शीघ्र प्रभाव से किया जाए। मौके में बांदा शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह के साथ शेख मोइनुद्दीन, मतीन उद्दीन, शादाब समादत, हफीज खान, शानू खान, फैजान खान, समीम खान, बरकत अली, इरशाद बेग, आदिल, सैय्यद इफ्तिखार अली आदि लोग मौजूद रहे।

## बांदा में जनपद स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**बांदा।** 69 वीं जनपदीय वालीबाल प्रतियोगिता का आदर्श बजरंग इंटर कालेज बांदा मे आयोजन किया गया है, जिसमें बबेरू बांदा अतर्रा तिंदवारी क्षेत्र के इंटर कालेजों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया है। जिसमें सीनियर जूनियर तथा सब जूनियर के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया, वही विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश पांडे के द्वारा फीता काट कर शुभारंभबलिया है। आदर्श बजरंग इंटर कालेज बांदा जहां पर 69 वीं वॉलीबाल खेलकूद प्रतियोगित का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 14 अंडर 17 वर्ष एवं अंडर 19 वर्ष के बालक/बालिकाओं प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अपना अपना दमखम दिखाया, खेल में



जनपद के चार क्षेत्रों में से तीन क्षेत्र ने प्रतिभाग किया। जिसमें बबेरू, अतर्रा और बांदा, के बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया तिंदवारी क्षेत्र अनुपस्थित रहा। खेल में सब जूनियर , जूनियर, तथा सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरी, वहीं विजयी प्रतिभागी खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह पुरस्कार देकर सम्मानित किया, और आगामी होने वाली महोबा में मंडलीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को अपने जनपद का प्रथम स्थान लाने के लिए आशीर्वचन दिया। खेल के दौरान आदर्श बजरंग इंटर कालेज के व्यायाम शिक्षक रमेश चंद्र, बिसंडा से धर्मपाल सिंह, विनय सिंह बेरॉव ,राजेंद्र यादव, शाहिद वली खांन, पुष्पा देवी, शहजादी ,इस्मिता द्विवेदी, मंगल प्रसाद उप प्रधानाचार्य, तथा स्कोर सीट में रणबिजय सिंह, अखिलेश शुक्ला सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। वहीं पर विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा आए हुए सभी व्यायाम शिक्षकों एवं खिलाड़ियों का आभार प्रकट किया।

## डीएम ने किया पीएचसी तिंदवारी का औचक निरीक्षण



**बांदा।** प्रा.स्वा. केन्द्र, तिन्दवारी का जिलाधिकारी जे.रीभा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित चिकित्साधिकारी को नियमित रूप से ओपीडी में मरीजों को देखने, प्रसव के उपरान्त जच्चा–बच्चा का समुचित उपचार करने एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय बिना किसी सूचना के स्वास्थ्य केन्द्र से अनुपस्थित पाये गये प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सर्वजीत सिंह के विरुद्ध कार्यवाही हेतु सीएमओ को आवश्यक निर्देश दिये गये।

## समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनेगा सेवा पखवाड़ा

- पंचायत चुनाव में मतदाता पुनरीक्षण की अहम् भूमिका, एमएलसी चुनाव जीतने के लिए अभी से करें तैयारी

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 दिसंबर से लेकर गाँधी जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाडा अभियान चलाएगी जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। सेवा पखवाडा के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण, रक्तदान, नमो मेराथन एवं चित्रकला जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने उक्त कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देशन पर सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है जिसमें पंचायत चुनाव , शिक्षक स्नातक चुनाव व मतदाता पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रमों को गति दी जाएगी। पंचायत चुनाव में मतदाता पूरीक्षण अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका है स प्रत्येक ग्राम पंचायत में अपने विचार धारा के अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है स यदि सभी लोग मतदाता का पूरीक्षण करेंगे तो सभी चुनाव जीतेंगे। वोट बढ़ाना अपना दायित्व है। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि एम एल सी चुनाव जीतने के लिए संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है यदि योजनाबद्ध तरीके से कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तो चुनाव जीतना बहुत ही सरल होगा। सभी को मतदाता पूरीक्षण अभियान में वोटरों को बढ़ाने के लिए सक्रियता से लगना होगा स एम एल सी चुनाव में जिताऊ प्रत्याशी को लड़ाना होगा। उन्होंने सेवा पखवाडा में चलाये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। एम एल सी जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने भी सेवा पखवाडा पर प्रकाश डाला। मतदाता पूरीक्षण अभियान के जिला संयोजक उत्तम सक्सेना ने कहा कि पूरीक्षण का कार्य शुरू हो गया है सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक वोट बढ़ाने व फर्जी मतदाता को कटवाने का कार्य करें। कार्यक्रम को नरैनी विधायक ओममणि वर्मा , सेवा पखवाडा के संयोजक संतोष गुप्ता संतू व एम एल सी चुनाव के संयोजक धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल, जगराम सिंह, संजय सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, लवलेश सिंह, अशोक त्रिपाठी जीतू, विवेकानंद गुप्ता, अयोध्या सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

## प्रसूता की डिलेवरी पर रुपए मांगने के लगे आरोप

- पनवाड़ी सीएचसी के लेवर रूम में स्टॉप नर्स द्वारा पैसों को लेकर परेशान करने के तीमारदार ने लगाए आरोप, नायब तहसीलदार बोले, कार्यवाही होगी



**पनवाड़ी, महोबा।** जिले में आज शाम प्रसूता की डिलेवरी पर अवैध पैसे मांगने के तीमारदार ने आरोप लगाए हैं। अवैध धन उगाही की सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने स्टॉप नर्स की क्लास लगाते हुए कार्यवाही करने की बात कही है। बता दें पूरा मामला पनवाड़ी के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के लेवर रूम का है। जहां पर विकास खंड के ग्राम दिदवारा निवासी हरदेव और उसकी पत्नी आज शाम करीब 7 बजे अपनी प्रसूता बहू छाया पत्नी देवेंद्र को लेकर स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे हैं। आरोप है कि बहू की डिलेवरी होने पर तीमारदार से ड्यूटी पर तैनात स्टॉप नर्स रुपयों की मांग की है। आरोप है तीमारदार ने जब पैसे देने से मना कर दिया तो उनको भयभीत करने के लिए प्रसूता को रेफर करने की धमकी देने लगी। हद तो तब हो गई जब स्टॉप नर्स ने पैसे मिलता ना देख प्रसूता के पति देवेंद्र जो कि गांव में था उसको अपने मोबाइल नंबर से फोन कर दिया। प्रसूता की डिलेवरी पर अवैध पैसे की मांग पर तुरंत मौके पर पहुंच नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा ने आरोपित स्टॉप नर्स को चेतावनी देकर कार्यवाही करने की बात बोली है।

## सृष्टि श्रीवास्तव ने स्वर्ण पदक प्रकार नगर का बढ़ाया गौरव

- राज्यपाल के हाथों से हुईं सम्मानित, कस्बे के पेशे से अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव की बेटी हैं सृष्टि श्रीवास्तव

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलजी झांसी में एमबीए फाइनल मैं उच्च स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल राज्यपाल द्वारा दिया गया राज्यपाल के हाथों से पाकर स्वर्ण पदक पाकर सृष्टि श्रीवास्तव की खुशी का ठिकाना नहीं रहा मंगलवार को लखनऊ के अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह के दौरान मेधावी छात्रों को राज्यपाल द्वारा मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमें नगर की सृष्टि श्रीवास्तव का भी स्थान मेधावी छात्रों में रहा बताते चलें की सृष्टि श्रीवास्तव ने कस्बे के शांति धाम सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हाई स्कूल इंटर की परीक्षा पास की है आगे सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण कर समाज की सेवा करना चाहती है सृष्टि श्रीवास्तव के पिता मनोज श्रीवास्तव पैसे से अधिवक्ता है अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रहे हैं सृष्टि श्रीवास्तव तीन बहने हैं पिता तहसील में विधि व्यवसाय करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। सृष्टि श्रीवास्तव के स्वर्ण पदक मिलने पर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़, वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम पांडे, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मनोज द्विवेदी, सूरज बाजपेई, विश्वनाथ स्वास्थ्य विपिन मिश्रा, विनय मिश्रा, अरविंद पांडे, राजेश द्विवेदी, सुशील गुप्ता, लखन मिश्रा, राम प्रकाश यादव, राजेंद्र गुप्ता, शिव मूर्ति मिश्रा, जितेंद्र तिवारी, संजय श्रीवास्तव, राममिलन कुशवाहा, उमाशंकर त्रिपाठी, वीरेंद्र पांडे, भोला द्विवेदी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

HOME TUITION WALA
घर पर ही ट्यूशन पढ़वायें।
2 Days Free
Demo For Class
Nursery to 12th
ICSE/ CBSE/UP BOARD
Male/ Female Tutors are available
Mobile 7784888786
(9Am-9Pm)

लकी टी स्टाल एंड रेस्टोरेंट
स्वादिष्ट फास्ट फूड एवं मनभावन चाय
पताः निकट अरबिंदो पुलिस चौकी, तकरोही रोड, इंदिरानगर, लखनऊ

# विकसित यूपी @2047 : आत्मनिर्भर हो रही नारी, बम्पर हुआ व्यापार

**यूपी ले रहा नया अवतार : लक्ष्मी हुई सुरक्षित तो बढ़ने लगा अर्थ व्यापार**

समृद्धि न्यूज



**महिला श्रम भागीदारी दर में भी ऐतिहासिक उछाल आया और यह 13.5 से बढ़कर सीधे 34.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत पर आ गई और अकेले एमएसएमई सेक्टर से 1.65 करोड़ रोजगार सृजित हुए। औद्योगिक ऋण 3.54 लाख करोड़ से बढ़कर 9.24 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा।**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी द्वारा बीते साढ़े आठ साल में किये गये लगातार प्रयासों के फलीभूत प्रदेश में आज बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यही वजह है कि लक्ष्मी स्वरूप महिलाएं स्वयं को तेजी से सशक्त बना रही हैं, साथ ही प्रदेश में उद्योग-व्यापार का माहौल स्थापित होने लगा है। इसी सोच के साथ अब सीएम योगी ने विकसित यूपी @2047 का विजन सामने रखा है, जिसमें आत्मनिर्भर नारी और बम्पर व्यापार को राज्य की प्रगति का मूल आधार माना गया है।

**2017 से 2025 : बदलाव की नई इबारत** योगी सरकार ने बीते साढ़े आठ साल में अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। अपराधी या तो जेल की सलाखों के पीछे नजर आने लगे या परलोक सिधार गये, बचे खुचे अपनी जान की परवाह करते हुए प्रदेश छोड़कर भाग खड़े हुए। इसके बाद महिला सुरक्षा के साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण के द्वार तो खुले ही निवेश के क्षेत्र में भी व्यापक तौर पर बुनियादी बदलाव दिखने शुरू हो गये। प्रदेश का एलएफपीआर 44.6 प्रतिशत से बढ़कर 56.9 प्रतिशत हो गया। महिला श्रम भागीदारी दर में भी ऐतिहासिक उछाल आया और यह 13.5 से बढ़कर सीधे 34.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत पर आ गई और अकेले एमएसएमई सेक्टर से 1.65 करोड़ रोजगार सृजित हुए। औद्योगिक ऋण 3.54 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 9.24 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा। इसी दौरान 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर समझौते हुए, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं जमीन पर उतर भी चुकी हैं।

**2030 तक महिला श्रम भागीदारी दर 50 प्रतिशत करने का इरादा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि विकसित यूपी @2047 का सबसे अहम स्तम्भ महिला सशक्तिकरण है। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक प्रदेश में महिला श्रम भागीदारी दर 50 प्रतिशत हो और 2047 तक यह पुरुषों के बराबर पहुंचे। इसके लिए महिलाओं को स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स) शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। किशोरी कल्याण, पोषण व स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त किया जाएगा। महिला श्रमिकों के लिए 2030 और 2047 तक उनकी जरूरत के हिसाब से हर शहर में हॉस्टल की व्यवस्था की जाएगी।

**6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य**

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार विकसित यूपी @2047 के तहत राज्य ने 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए 2025 से 2047 तक औसतन 16 प्रतिशत की विकास दर बनाए रखनी होगी। वर्तमान में प्रदेश की जीडीपी 353 बिलियन डॉलर है, जो 2030 तक 1000 बिलियन, 2036 तक 2000 बिलियन और 2047 तक 6000 बिलियन डॉलर तक पहुंचाई जाएगी। उस समय प्रति व्यक्ति आय 26 लाख रुपये तक होगी।

## महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे पंडित गोविंद बल्लभ : केशव प्रसाद मौर्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, स्वतंत्र भारत के यूपी के पहले मुख्यमंत्री, भारत के पूर्व गृहमंत्री, भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 138वीं जयंती पर लोकभवन स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

भारत माता के महान सपूत को समाज और राष्ट्र के लिए किए गए उनके योगदान के लिए स्मरण करते हुए प्रदेशवासियों की तरफसे अर्पित की विनम्र श्रद्धांजलि है। उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। उन्होंने प्रदेश की तरक्की के लिए उन्होंने विकास का माडल देने का प्रयास किया। पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने गृहमंत्री के रूप में देश की सेवा की। उन्होंने यूपी को उस समय आगे बढ़ने के लिए जो विकास का मॉडल देने का प्रयास किया था, वही उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पंडित गोविंद बल्लभ पन्त के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खबरें एक नजर में

### नगर पंचायत के पास पर्याप्त जमीन लेकिन बैकुंठ धाम के लिए नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जो जन्मा है, उसकी मृत्यु निश्चित है, चाहे वह राजा हो या रंक। उसके अंतिम संस्कार के लिए सार्वजनिक भूमि की आवश्यकता होती है। बाराबंकी के जिला मुख्यालय से सटी हुई नगर पंचायत बकी में सार्वजनिक बैकुंठ धाम यानि दाह संस्कार का कोई स्थान निश्चित नहीं है जबकि नगर पंचायत बंकी में 70 फीसदी हिंदू आबादी है। इसको लेकर समाजसेवी दिलीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से मिलकर एक मांग पत्र दिया था। डीएम ने जनसुनवाई पोर्टल में दर्ज कराते हुए 22 अगस्त को संदर्भ सं-20017625021661 के मांग पत्र को निस्तारण हेतु अधिशाषीअधिकारी नगर पंचायत बंकी को भेजा था किन्तु जनहित मे जायज समस्या का समाधान किये बिना 9 सितंबर को जनसुनवाई पोर्टल पर जिला अधिकारी को भेजी अपनी आख्या में कहा कि नगर पंचायत निकाय के पास पर्याप्त जमीन बैकुंठ धाम,दाह संस्कार के लिए उपलब्ध नही है, जहां सार्वजनिक बैकुंठ धाम बनाया जा सके। जबकि निकाय के सीमा बिस्तार में पशु चराचर एवं बंजर भूमि बाराबंकी देहात मे काफी है, जिसे चिह्नित कर सार्वजनिक बैकुंठ धाम बनाया जा सकता है। समाजसेवी ने मुख्यमंत्री को रजिस्टर डाक से मांग पत्र भेजकर नगर पंचायत बंकी में शीघ्र से शीघ्र हिंदुओं के लिए सार्वजनिक बैकुंठ धाम, दाह संस्कार स्थल के निर्माण की मांग की है।

### एसटीएफ ने पकड़ा कछुआ तस्कर, नेपाल बॉर्डर पर बेचता था

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में एसटीएफने मंगलवार शाम हसनगंज थाना क्षेत्र के निराला नगर इलाके से कछुआ बेचने आए एक तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से विलुप्त प्राय प्रजाति का कछुआ बरामद हुआ। वन विभाग की टीम भी कार्रवाई में शामिल रही। एसटीएफको पिछले कुछ दिनों से वन्यजीवों और उनके अंगों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की जानकारी मिल रही थी। इस वजह से एसटीएफ ने जाल बिछाया। मुखबिरों को सक्रिय किया। मुखबिर से सूचना मिली कि निराला नगर स्थित जेप्टो ऑफिस के सामने एक व्यक्ति कछुआ बेचने आया है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान कबाड़िया का पुरवा डालीगंज निवासी विशाल मिश्रा के रूप में हुई। उसने कबूला कि कछुए को वह कोलकाता से पार्सल के जरिए मंगवाता है। उन्हें नेपाल और बॉर्डर के जिलों में ऊंचे दामों पर बेचता है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। बरामद कछुआ अनुसूची-1 में दर्ज प्रजाति का है, जो विलुप्त प्राय: हो चुका है।

### रालोद पंजाब भेजेगा आपदा पीड़ितों के लिए राहत सामग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों की मदद हेतु राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश मुख्यालय से राहत सामग्री भेजेगा। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने इस संबंध में 5 सदस्यीय राहत समिति का गठन किया है, जो राहत सामग्री के संकलन, प्रेषण और वितरण की जिम्मेदारी निभाएगी। गठित समिति में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, आदित्य विक्रम सिंह, रजनीकांत मिश्रा तथा तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक शामिल हैं। समिति के संयोजक पीके पाठक होंगे, जो पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों का समन्वय करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा आपदा की घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ा रहा है और आगे भी रहेगा। पंजाब में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों तक शीघ्र ही भोजन सामग्री, दवाइयाँ और अन्य आवश्यक वस्तुये पहुँचाई जायेगी।

### सपा कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा, पुलिस से झड़प

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। एसआईआर (मतदाता सूची का विशेष गहन जांच) और वोट चोरी के मुद्दे पर जीपीओ से विधानभवन की ओर मार्च के दौरान पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इससे नाराज सपा कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोकझोंक हो गई। सपा नेता समयून खान ने कहा सरकार संविधान की हत्या करना चाहती है। एसआईआर के नाम पर आम नागरिकों से वोटिंग का अधिकार छीना जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच में काफी देर तक संघर्ष हुआ। प्रदर्शन कर रही सपा नेता समयून खान ने कहा बिहार में चुनाव से ठीक पहले एसआईआर करवाया जा रहा है। वह भी जब बिहार बाढ़ में डूबा है। विपक्ष के नेताओं ने वोट चोरी के प्रमाण भी दिया। उसके बाद भी निर्वाचन आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा लोकतंत्र में वोट चोरी सबसे बड़ा अपराध है। यह आम जनता के भरोसे की हत्या है, जिसे सत्ता में बैठे हुए लोग लगातार कर रहे हैं। हम लोग सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ रहे हैं। लड़ते रहेंगे।

### सपा ऑफिस के बाहर युवक ने खुद को लगाई आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सपा ऑफिस के बाहर एक युवक ने खुद को आग लगाकर आत्मदाह की कोशिश की। वह जेब में पेट्रोल भरी बोतल लेकर आया था। सपा ऑफिस के बाहर ही उसने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। युवक के आग लगाते ही वहां भगदड़ मच गई। मौके पर मौजूद लोग दौड़ते हुए आए और आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन, आग इतनी तेज थी कि बुझ नहीं पा रही थी। जैसे-तैसे कंबल डालकर आग बुझाई गई। तब तक युवक करीब 80 प्रतिशत तक झुलस गया था। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी घायल युवक को ई-रिक्शा से सिविल अस्पताल ले गए। वहां उसकी हालत गंभीर है। घटना सपा ऑफिस के बाहर बुधवार दोपहर करीब 3 बजे हुई। वहीं, अखिलेश यादव ने भी घटना को लेकर यूपी सरकार को घेरा है। वहीं, सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा युवक 80 प्रतिशत जला है। उसकी स्थिति नाजुक है। लगभग पूरा शरीर जल गया है। सीने और चेहरे का कुछ हिस्सा ही बचा है। प्रारंभिक उपचार किया गया है।

**कृषि मंत्री ने की केसीसी, पीएम फसल बीमा योजना व उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा**

# किसान हित योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**किसान क्रेडिट कार्ड व पीएम फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा**

समृद्धि न्यूज



**इसके उपरांत कृषि मंत्री द्वारा राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में खाद निर्माता कम्पनियों, उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनियों के प्रतिनिधियों तथा होलसेल एवं रिटेलर के साथ भी उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में की गयी समीक्षा बैठक में कहा कि सही हितधारक इस बात का ध्यान दें कि किसान को उर्वरक प्राप्त करने में कठिनाई न हो। प्रदेश की योगी सरकार किसानों को समृद्ध करने के लिए समर्पित है। हम किसान हित से कोई समझौता नहीं करेंगे।**

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा बुधवार को विधानभवन स्थित सभाकक्ष संख्या-8 में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, बैंकों तथा कृषि बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ किसान क्रेडिट कार्ड एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी।

इसके उपरांत उनके द्वारा राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में खाद निर्माता कम्पनियों, उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनियों के प्रतिनिधियों तथा होलसेल एवं रिटेलर के साथ भी उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी। केसीसी तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बीमा कम्पनियों तथा बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा केसीसी ऋण और बीमा के कार्य में बरती जा रही लापरवाही पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने 14 सितम्बर तक इस संबंध में समस्त आंकड़ों की अद्यतन स्थिति पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। केसीसी ऋण तथा बीमा के लंबित प्रकरणों का त्वरित गति से समाधान कर लिया जाए।

बैठक के दौरान प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र, सचिव कृषि इन्द्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव ओपी वर्मा, निदेशक कृषि पंकज कुमार त्रिपाठी, निदेशक उद्यान भानु प्रकाश राम, निदेशक सांख्यिकी सुमिता सिंह तथा केसीसी एवं फसल बीमा से संबंधित बैंकों एवं बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस बैठक के दौरान प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र, सचिव कृषि इन्द्र विक्रम सिंह, निदेशक कृषि पंकज कुमार त्रिपाठी तथा उर्वरक कम्पनियों के प्रतिनिधि, होलसेलर तथा रिटेलर उपस्थित रहे।

## सतीश महाना बने सीपीए इंडिया रीजन कार्यकारी समिति के सदस्य

समृद्धि न्यूज

**विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को बनाया पारदर्शी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना को पुनः कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन सीपीए इंडिया रीजन कार्यकारी समिति का सदस्य नामित किया गया है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा उन्हें वर्ष 2025 से 2028 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए इस समिति में नामित किया गया है। सीपीए विश्व के सर्वाधिक प्रतिष्ठित संसदीय संगठनों में से एक है, जिसका उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करना और सदस्य देशों की विधानसभाओं के मध्य संवाद एवं सहयोग को बढ़ावा देना है। सीपीए इंडिया रीजन की कार्यकारी समिति में चयनित होना उत्तर प्रदेश विधान सभा और राज्य की गौरवपूर्ण उपलब्धि है।सीपीए इंडिया रीजन की 11वीं कॉन्फ्रेंस 11 से 13 सितम्बर तक बेंगलुरु, कर्नाटक में होने जा रही है। इस दौरान कार्यकारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक 11 सितम्बर को अपराह्न 3.30 बजे, बेंगलुरु में संपन्न होगी। सतीश महाना बैठक में उत्तर प्रदेश विधान सभा की ओर से सक्रिय सहभाग करेंगे और प्रदेश विधान सभा की गरिमामयी परंपरा एवं दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## प्रेम प्रसंग व पैसों को लेकर हुई थी रिकवरी एजेंट की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार रात हुई रिकवरी एजेंट कुनाल शुक्ला की हत्या का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। हत्या के आरोपी रिकवरी एजेंट के दोस्त और सहयोगी हैं। दोस्त ने ही अपने साथी के साथ मिलकर पैसों के लेन-देन और पत्नी से प्रेम-प्रसंग के शक में रिकवरी एजेंट की हत्या की थी।

पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बुधवार को बताया बताया कि दादूपुर गांव में रहने वाले अशोक कुमार शुक्ला के बेटे कुनाल शुक्ला की हत्या में उसके मित्र विवेक सिंह और वसीम अली खान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपित विवेक ने बताया कि कुनाल उनके साथ चार साल से रिकवरी एजेंट का काम कर रहा है। कुनाल और उसकी पत्नी के बीच अक्सर बात होती थी, जिसे लेकर गांव में उसकी बदनामी हो रही थी। कुनाल से उसका पैसों को लेकर भी लेन-देन चल रहा था। इसी बात से मैं परेशान रहता था। मैंने अपने यहां काम करने वाले सरोजनी नगर निवासी वसीम अली के साथ मिलकर कुनाल को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। इसके तहत आठ सितंबर को आफिस में बैठकर कुनाल को खूब शराब पिलाया और वह नशे में होकर वही सो गया। फिर मैंने वसीम को फोन कर बताया कि अब अपना काम पूरा कर सकता है।

### विश्वविद्यालय से एनएसयूआई छात्रों को हिरासत में लिया

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर 1 पर एनएसयूआई के छात्रों को हिरासत में लिया गया। विश्श्विद्यालय के 68 वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंची राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को विश्वविद्यालय के छात्र एनएसयूआई के सदस्य ज्ञापन देना चाहते मगर पुलिस ने पहले ही हिरासत में लिया गया। राज्यपाल के काफिले का पहले से इंतजार कर रहे है छात्रशुभम, सुधांशू, किरतेंद्र और अनादि को हिरासत में ले लिया गया। एनएसयूआई सदस्य शुभम ने बताया कि विश्श्विद्यालय के कौटिल्य भवन के पास छात्रवास का गेट बंद कर दिया गया है है जिससे छात्रों को काफी घूम कर आना-जाना पड़ता है इससे पढ़ाई का नुकसान होता है।

## बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए राज्यव्यापी अभियान शुरु

**बेसिक शिक्षा विभाग व यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद कर रहा सहयोग**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ के भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय में बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक के लिए राज्यव्यापी अभियान चलाया है। इस कार्य में बेसिक शिक्षा विभाग और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद पूरा सहयोग कर रहा है।

इस संबंध में विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र भेज गया है। अभियान के अंतर्गत उन बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट पूरा करने पर बल दिया जा रहा है जो 07 वर्ष और 17 वर्ष के हो चुके हैं। लेकिन अभी तक अपने आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक् अपडेट नहीं कराया हैं। यह अपडेट आधार के अंतर्गत आवश्यक है। बच्चों के आधार में अनिवार्य अपडेट के लिए स्कूलों में विशेष आधार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त माता-पिता या अभिभावक किसी भी आधार सेवा केंद्र या निर्दिष्ट आधार केंद्र पर जाकर अपने बच्चे का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करवा सकते हैं। सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी एवं स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को सूचित किया गया है की वे बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करें। वर्तमान नियमों के अनुसार बच्चे के आधार में 05 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर पहला और 15 वर्ष की आयु प्राप्त होने पर दूसरा बायोमेट्रिक अपडेट अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाना चाहिए।

### लखनऊ पुलिस की बर्बरता, युवक को बीच सड़क पर पीटा

**लखनऊ।** लखनऊ में पुलिस का अमानवीय चेहरा एक बार फिर सामने आया है। हुसैनगंज इलाके में दवा लेने निकले एक दलित युवक को पुलिसकर्मियों ने बीच सड़क पर डंडों से बेरहमी से पीटा। यही नहीं, उसे चौकी ले जाकर लात-घूंसे बरसाए और जातिसूचक गालियां भी दीं। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हुसैनगंज निवासी आदर्श मंगलवार देर रात दवा लेने निकले थे। चौराहे पर खड़े होने के दौरान स्थानीय चौकी इंचार्ज अपने एक सिपाही के साथ पहुंचे और अचानक डंडा निकाल लिया। आदर्श ने बताया कि डंडा देखते ही वह डरकर हट गया, लेकिन चौकी इंचार्ज ने उसे दौड़ा लिया और सड़क पर ही पीटना शुरू कर दिया।

## लखनऊ कैंट स्थित एएमसी सेंटर व कॉलेज में सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम का हुआ उद्घाटन

**ले. जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने फीता काट कर पूरे विधि विधान से किया उद्घाटन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सेना के मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने 10 सितंबर को लखनऊ कैंट स्थित एएमसी रिकॉर्ड्स, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज में सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह, कमांडेंट, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज एवं ओआईसी रिकॉर्ड्स और कर्नल कमांडेंट तथा ब्रिगेडियर सहजवीर सिंह, ब्रिगेडियर रिकॉर्ड्स की गरिमामयी उपस्थिति रही। एएमसी रिकॉर्ड्स पेंशनभोगियों के सही दस्तावेजीकरण, शिकायत निवारण और समय पर ई-पीपीओ जारी करने, पेंशन दावों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों को सेवा/पारिवारिक पेंशन और अन्य सेवांत लाभों के अनुदान को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों के उपयोग के माध्यम से पूरी पारदर्शिता, सटीकता और दक्षता के साथ एएमसी और एडी कोर के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों, पूर्व सैनिकों और सेवारत जेसीओ/ओआर की शिकायतों का समाधान करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इन प्रयासों के अनुरूप, एएमसी रिकॉर्ड्स ने वेतन और भत्ते, भाग-II आदेश समायोजन और एएमसी केंद्र एवं कॉलेज में डिस्चार्ज ड्रिल के दौरान रिपोर्ट करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों, साथ ही एएमसी एवं एडी कोर के पूर्व सैनिकों और सेवारत जेसीओ/ओआर के लिए पिछले लंबित दावों के निपटान से संबंधित सभी शिकायतों के समाधान हेतु एकल खिड़की समाधान सुविधा की अवधारणा तैयार की है।

## बेटियों की तरक्की से ही देश होगा विकसित : रजनी तिवारी

समृद्धि न्यूज

**समारोह में कुल 40 पदक स्टूडेंट्स को प्रदान किए गए**

**लखनऊ।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का 15वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ऑनलाइन जुड़े। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में संस्कृति-पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह शामिल हुए। राज्य मंत्री रजनी तिवारी भी शामिल हुईं।

समारोह में कुल 40 पदक स्टूडेंट्स को प्रदान किए गए, जिनमें 25 स्वर्ण पदक, 07 रजत पदक और 08 कांस्य पदक शामिल है। एमपीए कथक नृत्य की छात्रा अंशिका कटारिया को 8 मेडल प्रदान किया गया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल समारोह में नहीं शामिल हुईं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा पीएम और सीएम की मंशा के अनुरूप सभी बालिकाओं को समुचित अवसर मुहैया कराया जा रहा है। आज हमें भारत के स्वरूप को तय करने का मौका मिल रहा। विश्व की परिस्थिति बदल रही है। हालात बदल रहे हैं। कई विद्वानों के कहा कि अध्यात्म और संगीत एक दूसरे के पूरक है। भगवान कृष्ण के जमाने की बांसुरी से लेकर आज के दौर में भी इसकी प्रासंगिकता है। यूपी के विधानसभा में लगातार 24 घंटे तक सत्र चलाकर विकसित भारत पर चर्चा हुई। विकसित भारत तभी बनेगा जब उत्तर प्रदेश विकसित होगा।

## पर्यटन विभाग की पहल, टैक्सी चालक सुनाएंगे शहर की रोचक कहानियां : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित करने की निर्णय लिया है। इसी क्रम में वाराणसी में चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ऑटो, टैक्सी और बस चालकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफटूरिज्म मैनेजमेंट एमकेआईटीएम के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम में लगभग 310 चालकों ने हिस्सा लिया, जिनमें 19 महिला ड्राइवर शामिल रहीं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि ऑटो, टैक्सी और बस चालक पर्यटकों के लिए सारथी की भूमिका निभाते हैं। यह प्रयास ऐतिहासिक नगरी वाराणसी और उसके आसपास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक सुनियोजित पहल है। इस योजना का उद्देश्य पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना है। पर्यटन विभाग द्वारा जुलाई माह में संत रविदास मंदिर, राजघाट में नाविकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चालकों को पर्यटकों के प्रति व्यवहार, स्वच्छता, सुरक्षा और शहर की सांस्कृतिक व धार्मिक धरोहर से संबंधित जानकारी दी गई। यह पहल वाराणसी आने वाले पर्यटकों को सकारात्मक अनुभव दिलाने में मददगार सिद्ध होगी। ऑटो, टैक्सी और बस चालकों को स्टोरीटेलिंग कहानी कहने की कला के बारे में बताया गया। यात्रा के दौरान चालक कहानियों के माध्यम से पर्यटकों के अनुभव को अविस्मरणीय बनाने में मदद करेंगे। चालकों को वाराणसी से जुड़ी कहानियों को रोचक ढंग से प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण दिया गया।

**आयोजन** | **लखनऊ विश्वविद्यालय का 68वां दीक्षान्त समारोह कला संकाय प्रांगण में सम्पन्न**

## दीक्षांत डिग्री का अवसर नहीं बल्कि जीवन की नई जिम्मेदारियों की शुरुआत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का 68वाँ दीक्षान्त समारोह बुधवार को कला संकाय प्रांगण में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने की।

इस अवसर पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद सीएसआईआर के पूर्व महानिदेशक डॉ. शेखर सी. माण्डे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय अति विशिष्ट अतिथि और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि लखनऊ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का नगर ही नहीं बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में गौरवपूर्ण परंपरा रखता है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने उपलब्धियों से प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने उपाधि, पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके माता-पिता, गुरुओं को बधाई देते हुए कहा कि सफलता उनके सामूहिक परिश्रम का परिणाम है। दीक्षान्त केवल डिग्री प्राप्ति का अवसर नहीं बल्कि जीवन की नई जिम्मेदारियों का आरंभ है। विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करना होगा। श्री उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। राज्यपालआनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में प्रदेश के विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट स्थान प्राप्त हुआ है। कई विश्वविद्यालयों को ए प्लस और ए डबल प्लस ग्रेडिंग मिली है तथा एनआईआरएफ रैंकिंग में भी प्रदेश के विश्वविद्यालय लगातार ऊपर आ रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि यह लक्ष्य तभी संभव होगा जब युवा पीढ़ी शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े और राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय योगदान दे।उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उपाधि और पदक प्राप्त करना जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसका सही उपयोग समाज और राष्ट्रहित में करना ही विद्यार्थियों की वास्तविक सफलता होगी। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका होगी। उत्तर प्रदेश शिक्षा का केंद्र बन रहा है और यहाँ बड़ी संख्या में विदेशी विद्यार्थी भी अध्ययन के लिए आ रहे हैं।

### समारोह में पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार को मानद उपाधि

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के 68वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने 201 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल दिए। इनमें 80 : मेडल्स छात्राओं को मिले। अरिंदम चतुर्वेदी को चांसलर मेडल और अवंतिका राय को वीसी गोल्ड मेडल मिला। कन्वोकेशन के दौरान 3 महीने पहले रिटायर हुए डीजीपी प्रशांत कुमार को मानद उपाधि दी गई। राज्यपाल ने कहा लखनऊ विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स इतने मेधावी हैं कि उन्हें मेडल देते-देते पसीना छूट गया। उन्होंने कहा कि अब 75 अटेंडेंस होने पर ही परीक्षा देने को मिलेगी। समारोह का आगाज करते हुए कुलपति मनुका खन्ना ने कहा लखनऊ विश्वविद्यालय निरंतर आगे बढ़ रहा है। 2025 में विदेश से एडमिशन के लिए 2 हजार 153 स्टूडेंट्स के आवेदन आए हैं। समारोह में 3 विदेशी स्टूडेंट्स को मेडल भी मिला है।

# भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थिति सामान्य

## नेपाली जिला बांके के बाल सुधारगृह में हुई झड़प में पांच किशोर कैदियों की मृत्यु तथा 20 घायल, 80 फरार

### आईजी तथा मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल ने किया सीमा क्षेत्र का दौरा

समृद्धि न्यूज





**रुपईडीहा, बहराइच।** भारत-नेपाल की रुपईडीहा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में बुधवार को हालात लगभग सामान्य रहे। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपालगंज से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। नेपालगंज शहर में आम जनजीवन पटरी पर लौटता दिखा। लोग घरों से बाहर निकले और कुछ दुकानें भी खुलीं।

ज्ञात हो कि मंगलवार की रात नेपाली सेना ने देश की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी। इसके बाद जन आंदोलनकारी संगठन जेन जे ने अपना आंदोलन वापस ले लिया तथा सेना से अंतरिम सरकार के गठन और जल्द चुनाव कराने की मांग की। सेना ने मंगलवार शाम 5 बजे से बुधवार सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू लागू किया और जनता से शांति बनाए रखने की अपील की।सेना के अनुसार रात्रि का कर्फ्यू जारी रहेगा। इसका असर यह रहा कि बुधवार को नेपालभर में कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई।

सेना ने आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए टेबल पर आने का आग्रह किया है। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को हुई घटनाओं में सबसे बड़ा नुकसान तब हुआ जब देश की करीब 18 जेलों को तोड़ दिया गया और लगभग 6 हजार कैदी फरार हो गए। इससे नेपाल में अपराध बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इधर, नेपाल के हालात को देखते हुए देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील (आईएएस) तथा आईजी जोन देवीपाटन अमित पाठक ने सीमा क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।



उन्होंने सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया कि संदिग्ध व राजनीतिक तत्वों को भारत में प्रवेश न करने दिया जाए, केवल जरूरतमंदों को ही अनुमति दी जाए। फिलहाल उत्तर प्रदेश पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) संयुक्त गश्त कर सीमा पर निगरानी रख रहे हैं। इसी बीच, नेपाल के जिला बांके अंतर्गत कोहलपुर के एक बालसुधार गृह से कैदियों के भागने के प्रयास के दौरान हुई झड़प में पांच कैदियों की मौत हो गई।

घटना के दौरान कैदियों ने सुरक्षा कर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश की, जिस पर मुठभेड़ जैसी स्थिति बन गई। फायरिंग में पांच कैदी मारे गए, जबकि 20-25 घायल हो गए। वहीं, करीब 80 कैदी फरार होने में सफल रहे। नेपाल के जानकारों का मानना है कि अगले 24 घंटे में हालात सामान्य हो सकते हैं पटरी पर लौट सकते हैं और राजनीतिक समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। नेपाल की जनता जल्दी से जल्दी शान्ति की वापसी चाहती है।

# कमिश्नर व आईजी ने रूपईडीहा चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** नेपाल में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस गोलीबारी में कुछ छात्रों और युवाओं की मौत के बाद तनाव बढ़ गया है। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने नेपाल के बांके जिले में सरकारी कार्यालयों में तोड़फोड़ की और कई कार्यालयों को आग लगा दी।

इस स्थिति को देखते हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारत-नेपाल सीमा को सील कर दिया है। स्थानीय पुलिस बल एसएसबी के साथ मिलकर सीमा क्षेत्र में निगरानी कर रही है। बुधवार को देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल व आईजी अमित पाठक ने रूपईडीहा चेक पोस्ट का दौरा किया। उन्होंने एसएसबी अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। आईजी पाठक ने बताया कि नेपाल की स्थिति को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इन क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। मंडल के सभी नेपाल सीमा से लगे जिलों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, सीओ नानपारा और थाना प्रभारी रूपईडीहा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### भारतीय किसान यूनियन का प्रदर्शन, सैकड़ों लोग हुए शामिल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने जरवल में धरना प्रदर्शन किया। जरवल ब्लॉक अध्यक्ष राम किशोर वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन में किसानों ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। किसान यूनियन की प्रमुख मांगों में जरवल रोड पर चल रहे 20 से अधिक अवैध स्कूलों को बंद कर एफआईआर दर्ज कराना शामिल है। साथ ही क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने की मांग की गई। अन्य मांगों में बी.पैक्स लिमिटेड अलीनगर के जर्जर भवन की जगह नया भवन बनाना और किसानों को यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराना शामिल है। किसानों ने मुस्तफाबाद सरकारी अस्पताल के सामने के गड्ढों को भरकर आरसीसी मार्ग बनाने और जर्जर जरवल रोड-रेवढ़ा मार्ग की मरम्मत की भी मांग की।प्रदर्शन में जोगिंदर यादव, रामराज सिंह, पुत्ती लाल यादव, समर सिंह वर्मा, श्याम किशोर वर्मा, राधेश्याम यादव और राम समुझ निषाद समेत सैकड़ों किसान शामिल हुए।

### शिक्षक संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय शिक्षक संघ गोण्डा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज दिनांक 10/09//25 महाविद्यालय के ललिता सभागार में आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डा जनमेजय तिवारी अध्यक्ष आक्टा, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर अमूल्य कुमार सिंह, महामंत्री आक्टा व डा वेद प्रकाश वेदी विश्वविद्यालय प्रतिनिधि की गरिमामयी उपस्थिति रही। निर्वाचन अधिकारी प्रोफेसर जितेन्द्र सिंह ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, महामंत्री डा अवधेश वर्मा, उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, सहमंत्री डा विवेक प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष डा वन्दना भारतीय, सदस्य पद हेतु प्रोफेसर शशिबाला,डा मनीष शर्मा,डा मनीष मोदनवाल,डा परवेज आलम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया।मंच का संचालन डा परवेज आलम ने किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर श्याम बहादुर सिंह, प्रोफेसर आर बी एस बघेल, प्रोफेसर संदीप श्रीवास्तव, प्रोफेसर मंशाराम वर्मा समेत अन्य शिक्षक साथियों की उपस्थिति रही।

# नवीन आशा कार्यकर्ताओं को मिला प्रारंभिक प्रशिक्षण

### आठ दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में 30 कार्यकर्ता हुए दक्ष

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** जिले के अचल प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे आठ दिवसीय नवीन आशाओं का प्रारंभिक प्रशिक्षण बुधवार को सम्पन्न हुआ। यह पहला बैच था, जिसमें 30 आशा कार्यकर्ताओं को प्रजनन स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, नवजात एवं बाल स्वास्थ्य तथा पोषण संबंधी विषयों पर प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान आशाओं को डेंगू, मलेरिया सहित अन्य बीमारियों की जांच के लिए भी प्रशिक्षित कर उन्हें जांच किट उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा सभी आशा कार्यकर्ताओं को प्रिंटेड बैग, आशा डायरी, स्टेशनरी, प्रशिक्षण मॉड्यूल, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और आशा कार्यकर्ता पहचान पत्र भी वितरित किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि नवचयनित कुल 162 आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाना है। जिसका पहला बैच 03 सितम्बर से शुरू हुआ था जो सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है, जबकि शेष पांच बैचों का प्रशिक्षण 26 अक्टूबर तक क्रमशः जारी रहेगा। डीसीपीएम व प्रशिक्षक मो राशिद ने बताया कि प्रशिक्षण के साथ ही सभी आशा कार्यकर्ताओं को व्यवहारिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से जिले में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र, प्रसव कक्ष, चिल्ड्रेन वार्ड, सिक न्यू बोर्न केयर यूनिट, टीकाकरण कक्ष आदि स्थानों का भ्रमण कराया गया, ताकि उनकी बेहतर समझ विकसित हो सके और वे अपने-अपने क्षेत्र में इस कौशल का उपयोग कर सकें। प्रशिक्षक जुगुल किशोर चौबे और चंद्रेश्वर पाठक ने बताया कि आशा कार्यकर्ता अपने समुदाय की जरूरतों और सामाजिक कारणों को भली-भांति पहचानती हैं। लेकिन बेहतर संचार और कौशल के लिए उन्हें अतिरिक्त ज्ञान और क्षमता की आवश्यकता होती है। स्वास्थ्य अधिकारों, सामान्य बीमारियों व उनके इलाज और उपलब्ध सेवाओं की जानकारी मिलने से वह अधिक दक्ष हूं हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। इससे वे रोगों की रोकथाम और स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने के साथ-साथ साधारण बीमारियों का उपचार करने और समुदाय की नेतृत्व क्षमता विकसित करने में भी सक्षम होंगी। यह प्रशिक्षण उनके कार्य की शुरुआत के लिए आवश्यक आधारभूत जानकारी और कौशल प्रदान करेगा।

# विकसित यूपी की परिकल्पना भी हर प्रदेशवासी के सहयोग से ही होगी साकार : शिवाकान्त

### मेडिकल कॉलेज के आडिटोरियम में सम्पन्न हुआ जनसंवाद कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** विकसित भारत-विकसित यूपी, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प/2047 के लिए कार्ययोजना तैयार किये जाने के उद्देश्य से महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के आडिटोरियम में से.नि. आईएएस शिवाकान्त द्विवेदी, से.नि. मुख्य अभियन्ता सिंचाई मन्साराम शुक्ला तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या की उपस्थिति में विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान के अन्तर्गत चिकित्सकों व मेडिकल छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

से.नि. आईएएस शिवाकान्त द्विवेदी ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना भी हर प्रदेशवासी के सहयोग से ही साकार होगी। उन्होंने बताया कि जनभागीदारी से विजन डॉक्यूमेंट 2047 का निर्माण करने के उद्देश्य से 500 से अधिक विषय-विशेषज्ञों सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, वैज्ञानिक, कुलपति एवं प्रोफेसर्स, चिकित्सक, सेक्टोरल विशेषज्ञों का पैनल जिलों में संवाद के लिए जा रहे हैं। श्री द्विवेदी ने मौजूद चिकित्सकों एवं छात्र-छात्राओं का आहवान किया कि बायोटेक अनुसंधान, मेडिकल टूरिज्म व इनोवेशन के माध्यम से यूपी को वैश्विक स्वास्थ्य का केन्द्र बनाने हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव क्यू आर कोड अथवा समथ उत्तरप्रदेश डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से उपलब्ध करा सकते हैं। श्री द्विवेदी ने कहा कि इस पूरी कवायद के पीछे मंशा यही है कि विकसित भारत-विकसित यूपी का सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का साझा लक्ष्य है। सरकार की कोई भी योजना तभी सफल होती है, जब जनता उसे विश्वास और सक्रिय सहभागिता के साथ आगे बढ़ाती है। विकसित यूपी की परिकल्पना भी हर प्रदेशवासी के सहयोग से ही साकार होगी। जनभागीदारी से विजन डॉक्यूमेंट 2047 का निर्माण करने के उद्देश्य से 500 से अधिक विषय-विशेषज्ञों सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, वैज्ञानिक, कुलपति एवं प्रोफेसर्स, चिकित्सक, सेक्टोरल विशेषज्ञों का पैनल जिलों में संवाद के लिए जा रहे हैं।

# नबाबगंज का प्राथमिक विद्यालय करौंदी बना भ्रष्टाचार का हब

समृद्धि न्यूज

**मनकापुर/गोण्डा।** एक तरफ जहां सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बड़े-बड़े दावे और शिक्षा को बढ़ाने के लिए तमाम प्रकार की सुविधाएं दे रही है वही दूसरी तरफ देखा जाए तो कुछ लोग सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे है। उनको न तो शासन का खौफ है और न ही प्रशासन का।

विकासखण्ड नबाबगंज के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय करौंदी से है जहां पर आए दिन कुछ न कुछ लापरवाही देखने को मिलती रहती है जो समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों पर कई बार प्रकाशित हो चुकी है। ऐसा ही एक मामला फिर उभरकर सामने आया है जिसमें से कुछ लोगो ने नाम न बतानें और नाम न छापनें की शर्त पर मुझसे बताया की 3-4 दिनों से शिक्षिका रागिनी सिंह विद्यालय नही आ रही है और उनके जगह पर उनके पति अमृत सिंह प्रतिदिन विद्यालय आते है यहां तक ही नही जब शिक्षिका रागिनी सिंह विद्यालय आती भी है तो भी शिक्षिका के पति जब स्कूल उनको छोड़ने आते है तब स्कूल की कुर्सी को कब्जा करके स्कूल में ही जमें रहते हैं और स्कूल का कोई भी अध्यापक कभी समय से स्कूल नही आते है और अवकाश होने के समय से पहले ही स्कूल से चले जाते है। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी जीरो टारलेंस नीति की बात कर रहें हैं लेकिन जमीनी स्तर पर दिख नही रहा है अगर जमीनी स्तर पर जीरो टारलेंस नीति होती तो शिक्षा के क्षेत्र में इतना भ्रष्टाचार न होता कि ड्यूटी किसी की और उनकी जगह पर ड्यूटी करे कोई। यहां तो सरकार और अधिकारियों पर बहुत बड़ा सवालिए निशान खड़ा हो रहा है।

इस सिलसिले में जब गोण्डा बीएसए से फोन से संपर्क करके बात किया गया तो उन्होंने बताया हम देख रहे है। अब देखना यह है कि बीएसए द्वारा कोई कार्यवाही की जाती है या पहले की भांति मामले में लीपापोती करके मामलें को रफा-दफा कर दिया जाता है। यहां तो सही है अगर इन शिक्षकों पर कोई ठोस कार्रवाई होती तो इन लोगो का मनोबल इतना बड़ा न होता।

# शेष चौरसिया पांचवीं बार बने भाजपा के कोषाध्यक्ष

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व, क्षेत्रीय नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व के द्वारा शेष चौरसिया पूर्व सभासद को पुनः पांचवी बार कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गोंडा बनाया गया।

बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में कीर्ति वर्धन सिंह (केंद्रीय मंत्री), बृज शरण भूषण सिंह, करण भूषण सिंह, प्रतीक भूषण सिंह माननीय, प्रभात वर्मा, प्रेम नारायण पांडे, रमापति शास्त्री, विनय द्विवेदी, अजय सिंह, बावन सिंह, तुलसी दास चंदानी, शांति देवी चौरसिया (पूर्व सभासद/उपाध्यक्ष भाजपा), सचिन चौरसिया (सेक्टर संयोजक), सूर्य नारायण तिवारी, आशीष त्रिपाठी, आशीष मोदनवाल, विशाल अग्रवाल, संदीप पांडे, अनुपम मिश्रा, ज्ञानेंद्र पाठक प्रिंस चौरसिया, राजेश रायचांदनी,जसवंत लाल सोनकर, राकेश तिवारी, लल्लन चौरसिया, जुग्गी लाल साहू, राधे श्याम साहू, चंद्रभानदुबे, चंद्रिका पासवान, निखिल पाण्डेय, अनिल सिंह, सूरज गौतम, संदीप साहू, अनिल तिवारी, विकी कश्यप, राजू कौशल, मोहित कौशल, राकेश सिंह, अनुराग शुक्ला, राम गोपाल गुप्ता, राम किशुन गुप्ता, सूरज साहू, विशाल शुक्ला, रवि नंदा, शिवम् श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, सनी गुप्ता, राज कुमार गुप्ता, नन्द लाल यादव आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## पुलिसिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अहम शोध



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में जन्मे एवं स्नातक तक की शिक्षा गोंडा शहर से ग्रहण कर पूरे देश में जनपद का नाम रोशन करने वाले मो. मुनव्वर ख़ान जो इस समय वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ जबलपुर के पद पर तैनात हैं। मो. मुनव्वर ख़ान का शोध लेख "Artificial Intelligence in Policing: A Tale of Two Futures" ÂýçÌçDÌ Indian Police Journal (BPR&D, नई दिल्ली) के जनवरी-जून 2025 अंक में प्रकाशित हुआ है। इस लेख में श्री ख़ान ने आधुनिक पुलिसिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका और उसकी संभावनाओं पर गहन अध्ययन प्रस्तुत किया है। लेख में बताया गया है कि किस प्रकार AI के प्रयोग से–

फॉरेंसिक जाँच में त्वरित परिणाम अपराध की पूर्वानुमानित रोकथाम डेटा एनालिटिक्स द्वारा अपराध नेटवर्क की पहचान तथा जन सुरक्षा व त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने अपने शोध में बेंगलुरु पुलिस के STraM प्रोजेक्ट और उत्तर प्रदेश पुलिस के CrimeGPT जैसे उदाहरणों का विश्लेषण करते हुए यह स्पष्ट किया है कि ए आई पुलिस बल की कार्यक्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है।

साथ ही, उन्होंने डेटा प्राइवेसी, एल्गोरिदमिक बायस और जनता के भरोसे जैसे संवेदनशील मुद्दों को भी रेखांकित करते हुए सुझाव दिया है कि ए आई का इस्तेमाल सुरक्षा, निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए। लेख के निष्कर्ष में श्री ख़ान ने यह संदेश दिया है कि ए आई पुलिसिंग का भविष्य गढ़ सकता है, परन्तु इसे सदैव मानव-केंद्रित, नैतिक और विधिसम्मत रूप में अपनाना आवश्यक है। यह प्रकाशन न केवल उनके व्यक्तिगत शोध व लेखन की बड़ी उपलब्धि है, बल्कि यह भारतीय रेल सुरक्षा बल तथा सम्पूर्ण पुलिसिंग जगत की प्रतिष्ठा को भी बढ़ाता है।

# अब कैसरगंज में आदमखोर भेड़िए का आतंक, बच्ची को मार डाला

समृद्धि न्यूज

### मां-पिता के सामने जबड़े में दबाकर ले गया 800 मीटर दूर मिला शव

**बहराइच।** जिले में भेड़िए की फिर से एंट्री हो गई है। यहां मां-बाप के सामने 5 साल की मासूम बच्ची को उठा ले गया। रात 10 बजे भेड़िया चुपके से घर में घुसा। उस वक्त मासूम खाना खा रही थी। बच्ची को जबड़े में दबोचकर भागने लगा। बेटी की चीख सुनकर पास में ही लेटे पिता और चाचा लाठी लेकर दौड़े, लेकिन अंधेरे के चलते भेड़िया भाग गया।

परिजनों ने गांव वालों को बुलाया। इसके बाद पूरी रात गांव वाले लाठी लेकर बच्ची को तलाशते रहे, लेकिन नहीं मिली। बुधवार सुबह घर से 800 मीटर दूर खेत में बच्ची का शव मिला।बेटी की मौत की सूचना मिलने पर मां रो-रोकर बेसुध हो गई। घटना कैसरगंज थाना के परागपुरवा गांव की है। चाचा सतगुरु प्रसाद ने कहा- रात 10 बजे की बात है। मैं खाना खाकर लेटा था। बड़े भाई रामजीत भी थोड़ी दूर पर लेटे थे। उनकी 5 साल की बेटी ज्योति को उसकी मां खाना खिला रही थी। इतनी ही देर में खूंखार भेड़िया आया और बच्ची को दबोच ले गया। हम लोग लाठी-डंडा लेकर पीछे दौड़े, लेकिन वो भाग गया। सुबह घर से 800 मीटर दूर खेत में ज्योति का शव मिला।

### पीएम मोदी के जन्मदिन को लेकर जिला भाजपा कार्यालय पर तैयारियों की बैठक

**बहराइच।** 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित की अध्यक्षता में तैयारी बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा प्रशांत सेठ और जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय उपस्थित रहे। बैठक में आए हुए मुख्य अतिथि प्रशांत सेठ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि देश प्रधानमंत्री अपने जन्मदिन को सेवा कार्य करके मनाते है और इसी क्रम में 17 सितम्बर को युवा मोर्चा द्वारा बहराइच जिले में 150 युवाओं द्वारा रक्तदान किया जाएगा। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने कहा कि प्रत्येक वर्ष बहराइच जनपद के युवा रक्तदान में पूरे प्रदेश में अग्रणी भूमिका में रहते है।

# परिवहन विभाग के नए पीटीओ का नहीं दिख रहा है जलवा

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** चिराग तले अंधेरा की कहावत कहीं और नहीं मुख्यालय पर ही चरितार्थ हो रही,चौंकिए नहीं वैसे तो प्रशासन की नजर में कोई बड़ी बा त नहीं है लेकिन मुद्दा बड़ा है।बात हो रही है रोडवेज बसस्टॉप के नजदीक गुरुनानक पुलिस चौकी के पास सड़क पर अवैध रूप से संचालि त बस व टैक्सी स्टैंडों की है,एक दो बार ही नहीं मुख्यमंत्री ने इसे लेकर कई बार आदेश जारी किए।

मजाल है कि परिवहन विभाग व पुलिस के जिम्मेदारों के कान पर जूं तक रेंगी हो,पहली बार दिए गए आदेश पर तो कुछ हरकत हुई दू सरी और तीसरी बार के निर्देश पर कुछ भी न हीं हुआ नतीजा शहर से लेकर कस्बों तक अवै ध टैक्सी स्टैंडों का संचालन बदस्तूर जारी है। शुरूआत शहरी इलाके से ही करते हैं। रेलवे स्टेश न के मुख्य गेट पर संचालित टैक्सी स्टैंड कैसे चल रहा है...? यहां से डग्गामार वाहन बेखौफ होकर सवारियां भरते हैं।पहली बार जारी आदे श पर इसे पीछे किया गया,लेकिन अब फिर गोंडा बलरामपुर ओवरब्रिज तक चल रहा है। गोंडा- बहराइच रोड नारायण पेट्रोल पंप के पास रोड पर तो अवैध टैक्सी स्टैंड वालों की बादशाहत चलती है। रोडवेज बस अड्डे के पास गुरु नानक पुलिस चौकी पर तो खैर कहना ही क्या, टैक्सियां और बसे यहां ऐसे खड़ी होती हैं जैसे एलाट किया गया हो स्थल।परिवहन निग म के अधिकारी लिखते - लिखते हार गए लेकि न सब जस का तस ही है। चुंगी नाका झंझरी ब्लॉक के सामने, मनकापुर उतरौला रोड समेत अन्य क्षेत्रों में अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहे हैं, ले किन कोई पूछने वाला नहीं हैं।

**विरोध** | टेट की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

# आरटीई लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से रखा जाए मुक्त

समृद्धि न्यूज






**गोण्डा।** सितंबर की पहली तारीख को सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश के द्वारा कक्षा 1 से 8 तक पढाने वाले सभी शिक्षकों को 2 वर्ष के भीतर टीईटी पास करना अनिवार्य कर दिया गया है इसमें नाकाम रहने वाले शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्त करने की बात कही गयी है तो वहीं पदोन्नति में भी टीईटी को अनिवार्य किया गया है । कोर्ट के इस आदेश से शिक्षकों में हड़कंप मच गया है और उन में भारी आक्रोश है क्योंकि देशभर में लाखों शिक्षक हैं जिनकी नियुक्ति आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व की है और वे टेट का परीक्षा पास नहीं हैं।

शिक्षकों के आक्रोश को देखते हुए जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह के नेतृत्व में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन गोंडा की इकाई द्वारा सैकड़ो शिक्षकों के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट परिषद में विरोध प्रदर्शन किया तत्पश्चात माननीय प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय को सौंपा । इस अवसर पर यूटा के जिला अध्यक्ष ने बताया की शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23(1) व 23(2) मैं अधिनियम लागू होने की तिथि के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने का निर्देश नहीं दिया गया है एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए न्यूनतम योग्यता निर्धारित की गई है जिसकी धारा 4 में प्रावधान किया गया है की 23 अगस्त 2010 के पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की आवश्यकता नहीं है। जबकि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ऐसे सभी शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं सरकार का ध्यान इस मसले की ओर आकृष्ट कराने हेतु आज माननीय प्रधानमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को दिया गया है कोर्ट में भी पुनर्विचार यशिकाएं दाखिल की जाएंगी । इस अवसर पर हेमंत तिवारी जिला संरक्षक, आत्रेय मिश्रा जिला संरक्षक, चंदन सिंह कोषाध्यक्ष, गिरीश पांडे जिला उपाध्यक्ष, बालकृष्ण गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुनील विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, सादिक अली उपाध्यक्ष, सुचित्रा सिंह महिला उपाध्यक्ष, सुधाकर त्रिवेदी संयुक्त मंत्री, अमित पांडे संयुक्त मंत्री, शशि भूषण तिवारी प्रचार मंत्री, प्रदीप सिंह जिला लेखाकार, विनय मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष मनकापुर, विकास मौर्या, अरविन्द कुमार, रजत, विजय, सत्येंद्र सिंह, आशीष कुमार शुक्ला, देवीधर द्विवेदी, सुरेन्द्र सिंह, तेजभान पाण्डेय उपेन्द्र बहादुर सिंह,अनिमेषडॉ मनोज कुमार सिंह कुलदीप सिंह जगप्रसाद जैनेंद्र प्रताप सिंह मानवेंद्र पांडेय अजीत यादव लालजी यादव विकास वर्मा सिंह,कमलेंद्र चौबे,चंद्र भूषण सिंह, रितेश यादव, निरंकार सिंह, विनय मौर्य, कोमल सोनी, सुचित्रा सिंह,रूबी मलिक, प्रियंका मिश्रा, मनोज सिंह, सुधीर सिंह अनिल उपाध्याय,आशुतोष पांडेय, विनय मौर्य, चंद्र भूषण के साथ सैकड़ो की संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे यह जानकारी संघ के जिला मीडिया प्रभारी अरुण मिश्रा ने दी ।

## खबरें एक नजर में

### दर्दनाक हादसे में एक मजदूर की चिकित्सीय परीक्षण के दौरान मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**रायबरेली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन की बाउंड्री वाल गिरने से दो मजदूर मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां अस्पताल में परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे मजदूर का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल मजदूर अनूप कुमार पुत्र रामगुलाम उम्र 23 वर्ष अपने साथी राम सुमेर पुत्र छीटू उम्र 29 वर्ष निवासीगण खुदाईगंज थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली के साथ शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन परिसर में बाउंड्री वॉल बनाने का काम कर रहे थे। तभी अचानक बाउंड्री वॉल भरभरा कर उनके ऊपर गिर पड़ी। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी तत्काल सूचना एंबुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए राणा बेनी माधव जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सक रोशन पटेल ने प्राथमिक परीक्षण के दौरान रामसुमेर को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनूप कुमार का गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पहचान शुरू की, जिसके बाद पारिवारिक जनों को सूचना देकर शव को पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### घरेलू गैस सिलेंडरों का होटलों, ढाबों, चाय-नाश्ते की दुकानों पर धड़ल्ले से हो रहा उपयोग



**शिवगढ़, रायबरेली।** व्यवसायिक गैस के रेट अधिक होने के कारण पैसे बचाने के लिए दुकानों में घरेलू गैस का उपयोग बढ़ा है। क्षेत्र में अधिकतर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा। क्षेत्र के भवानीगढ़, शिवगढ़, गूढ़ा, बैंती बाजार में अधिकतर होटलों, चाय–नाश्ता की दुकानों और ढाबो मे व्यवसायिक गैस सिलेंडर का कनेक्शन न के बराबर है। लगभग 90 प्रतिशत दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग ने सालों से इसकी जांच नहीं की है और न ही किसी दुकानदार पर कार्यवाही की गई। हालात यह हैं कि कई दुकानों में उज्जवला योजना के गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। जिला आपूर्ति विभाग के अधिकारी होटलों और अन्य दुकानों में जांच करने से परहेज कर रहे हैं। इसकी वजह से होटल, चाय-नाश्ता के साथ ढाबों और बड़ी होटलों के संचालक धड़ल्ले से घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं। सरकारी व्यवस्था के तहत 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर घरेलू उपयोग के लिए है। वहीं 19 किलो गैस वाला गैस सिलेंडर व्यवसायिक उपयोग के लिए है। इस पर सरकारी स्तर से किसी भी तरह की सब्सिडी नहीं है। व्यवसायिक उपयोग में इसी 19 किलो वाले सिलेंडर का उपयोग किया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा कुछ ही दुकानदार कर रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण बुधवार को जय श्री स्वीट्स हाउस में देखने को मिला, जहां पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था। इस बारे में जब उप जिलाधिकारी गौतम सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि यदि दुकानदार कमर्शियल सिलेंडर की जगह घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहा है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### प्रबुद्धजनों की कार्यशाला आयोजित




**बिसवां (सीतापुर)।** आत्मनिर्भर भारत एवं समर्थ, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लक्ष्य को लेकर आईटीआई परिसर, कंदुनी में प्रबुद्धजनों की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी शरद चौधरी ने किया। कार्यशाला में रिटायर्ड आईएएस प्रवीर कुमार ने कहा कि 2047 का भारत तभी विकसित होगा जब गांव, जिला और प्रदेश विकसित होंगे। इसी दृष्टि से आमजन, किसान और महिलाओं से सुझाव मांगे गए। कार्यक्रम में फिल्म निर्माता सतीश कौशिक के भतीजे निशांत कौशिक ने कंदुनी में मिनी फिल्म सिटी बनाने की घोषणा की और कहा कि दिसम्बर तक इस पर कार्य शुरू होगा। इससे ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को मंच मिलेगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर राजस्व परिषद अध्यक्ष पी. गुरु प्रसाद, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अपर्णा ऐश्वर्य, उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला, खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह, सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संयोजक शरद चौधरी ने कहा कि यह संकल्पना विकसित भारत के निर्माण में सहायक हो।

### जहरीला फल खाने से आठ की हालत बिगड़ी


**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत बेनीपुर गांव में मंगलवार की शाम उस समय अफरा–तफरी मच गई जब बकरी चराने गए कुछ ग्रामीणों ने अनजाने में जहरीला फल खा लिया। फल खाने के कुछ ही देर बाद आठ लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। हालत बिगड़ने पर परिजन घबरा गए और तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया। बीमार होने वालों में श्रहरुलनिशा, शब्रिन, तैसरी, शहर बानो, मौसेर जहां, शबाना, अरमान और अमजद शामिल हैं। अमेठी सीएचसी अधीक्षक डॉ. आलोक तिवारी ने बताया कि सभी ग्रामीणों ने गलती से जेट्रोफा (रतनजोत) के बीज खा लिए थे। यह बीज सामान्यत- औद्योगिक उपयोग, खासकर बायोडीजल बनाने में काम आता है। डॉक्टर के अनुसार, इसे खाने से उल्टी, दस्त और चक्कर आने जैसी दिक्कतें तुरंत शुरू हो जाती हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी मरीज अब खतरे से बाहर हैं और उन्हें घर भेज दिया गया है। घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने कहा कि बच्चों को ऐसे जहरीले फल और बीजों से दूर रखने के लिए लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गांव–गांव में इस तरह के खतरनाक पौधों और उनके दुष्प्रभावों के बारे में अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।

### स्कूल से बचने के लिए सातवीं के छात्र ने गढ़ी थी फर्जी अपहरण की कहानी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र इन्हौना के अंतर्गत सोमवार को एक छात्र के अपहरण की कोशिश का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया था। लेकिन पुलिस जांच में ये मामला पूरी तरह से फर्जी निकला। सातवीं कक्षा के छात्र ने स्कूल से बचने के लिए ये कहानी खुद गढ़ी थी। थाना क्षेत्र इन्हौना के बड़नापुर गांव निवासी छात्र मोहम्मद हसन ने सोमवार सुबह दावा किया कि शेखा पीर मजार के पास कार सवार दो लोगों ने उसका अपहरण करने की कोशिश की। सूचना पर पुलिस अलर्ट हुई, टीम मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाला। फुटेज में छात्र सुबह 8 बजकर 20 मिनट पर आराम से जाते हुए दिखाई दिया, जबकि उसने घटना का समय 8 बजकर 18 मिनट बताया था। यही नहीं, घटनास्थल से घर पहुंचने का समय भी मेल नहीं खा रहा था। पुलिस की जांच में सामने आया कि उस दौरान वहां से कोई कार गुजरी ही नहीं थी। कड़ाई से पूछताछ में हसन ने सच कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह आठ दिन से स्कूल नहीं जा रहा था और पढ़ाई से बचने के लिए ही कहानी गढ़ी थी। वहीं, गांव के ही युवक आदिल लतीफ ने उसे बयान देने के लिए पहले से तैयार किया था। वीडियो में हसन ने अपहरणकर्ताओं को भगवा कपड़े पहने होने का भी झूठा दावा किया था। इन्हौना थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पूरी कहानी गढ़ी हुई थी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से यह साफ हो गया है। बच्चे और परिजनों को समझा दिया गया है।

### राष्ट्रवादी पार्टी ने दिया डीएम को संबोधित ज्ञापन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रवादी पार्टी ने मंगलवार को पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। पार्टी का कहना है कि जनपद में यूरिया खाद की कमी से किसान परेशान हैं तथा यूरिया की कालाबाजारी को रोकते हुए समय से उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके अलावा पार्टी ने टूटी सड़कों की तरफ ध्यान केंद्रित करते हुए कहा है कि उन्हें ठीक कराया जाए, तथा जिले में गौशाला के होते हुए भी छुट्टा जानवर सड़कों पर घूम रहे हैं जिससे आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं पार्टी ने इन्हें संरक्षित करने की मांग की है। आगे पार्टी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों की मदद करने तथा जनपद में बिजली कटौती से छुटकारा दिलाने की अपील की है। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं में विजय प्रताप सिंह, अरुण प्रताप सिंह, संतोष सिंह, धर्मराज सिंह, शोभनाथ आदि शामिल रहे।

## पुलिस प्रशासन पर मंत्री ने लगाए आरोप

# दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की गई शिकायत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के द्वारा बताया गया कि रायबरेली जिले में पार्टी के कार्यकताओं के साथ स्नातक शिक्षक तथा पंचायत चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में महावीर सिंह महाविद्यालय, रायबरेली में अपरान्ह 10:00 बजे से एक बैठक आयोजित थी जिसमें हम लोग शामिल होकर चुनावी तैयारियां कर रहे थे कि इतने में महाविद्यालय के सामने से रायबरेली-लखनऊ राजमार्ग से पीएम मोदी की श्रद्धेय माता को गाली दिये जाने के बाद पहली बार राहुल गांधी का काफिला निकल रहा था, उस सड़क के किनारे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बिहार राज्य में पीएम मोदी की दिवंगत श्रद्धेया माता को गाली दिये जाने और उन गाली देने वाले कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी अथवा कांग्रेस नेतृत्व के द्वारा कुछ कहा भी नहीं गया और न ही राहुल गांधी को भारत के प्रधानमंत्री की मां को गाली दिये जाने पर कोई अफसोस ही हुआ इस कारण क्षुब्ध होकर सिर्फ सड़क के किनारे यह बैनर लेकर कि पीएम मोदी की मां का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान और भारतीय जनता पार्टी के झण्डे लेकर रायबरेली के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विरोध प्रकट कर रहे थे। किसी भी कार्यकर्ता का मंतव्य सड़क पर जाने का और न ही आवागमन बाधित किये जाने का था, क्योंकि सड़क के दोनों ओर साफ-साफ बैनर लगे थे कि आम नागरिकों के लिए मार्ग खुला है, इससे साफ परिलक्षित होता है कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का प्रयास था कि जनमानस को असुविधा न हो और सरकार की छवि पर भी कोई आंच न आये, किन्तु पुलिस के अधिकारियों के द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की गयी, लोगों को नियंत्रित करने के लिए छोटा सा माइक हैण्डसेट छीन लिया, झण्डे छीन लिये और कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गयी, यह सूचना जैसे हम लोगों के पास पहुंची, हम लोग मीटिंग से निकल कर बाहर आये, उस समय भी सामान्य तरह से विरोध करने वाले पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस अपमानित कर रही थी, जिस पर मुझे और अन्य पार्टी जनों को कार्यकर्ताओं के समर्थन में आगे आकर बीच-बराव और प्रोटेस्ट करना पड़ा।

### राहुल के इशारे पर कर रही थी रायबरेली पुलिस काम

राहुल गांधी का दौरा हतप्रभ करने वाला रहा। रायबरेली के प्रशासन और पुलिस के द्वारा राहुल गांधी के आगमन पर दो दिन तक लगातार 70–70 किलोमीटर का रूट डायवर्जन घोषित किया गया मतलब अगर रायबरेली सीमा में कोई प्रवेश करना चाहता है तो उसे 70 किलोमीटर घूम कर आना होगा। इसी के साथ रायबरेली के हर चौराहे पर छोटी–छोटी दुकानें लगाकर रोजी–रोटी चलाने वाले फल–सब्जी वाले रेहड़ी–पटरी दुकानदारों के ठेलों को भगाकर पूरी रायबरेली को रेहड़ी–पटरी दुकानदारों से मुक्त करा दिया गया, इससे गरीब और सफर करने वाले लोगों में व्यापक रोष, क्षोभ व्याप्त हो गया है। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होने के नाते उन्हें भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है। सम्भव है नेता प्रतिपक्ष के कुछ और प्रोटोकाल हों, मैं नहीं जानता किन्तु जिस तरह का वातावरण रायबरेली का बनाया गया, जैसे देश नहीं विदेश का कोई राष्ट्राध्यक्ष रायबरेली आ रहा हो. गरीब दिखने न पाये, सड़कें चमचमाती रहें, कोई व्यक्ति सड़क पर दिखाई न पड़े, जहां कहीं कुछ दिखने लायक था उसको व्यू कटर से ढका गया इससे गरीब आदमी को आतंकित किया गया, यह अनुचित था इसकी जांच होनी चाहिए और जो दोषी हो उसके विरुद्ध कार्यवाही भी।

### सड़क पर भैंस आने से बाइकसवार टकराया, गंभीर, ट्रामा सेंटर रेफर




**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास पर गजियापुर के पास अचानक सड़क पर भैंस जाने से बाइक सवार उससे टकराकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल बाइक सवार अनूप पुत्र स्वर्गीय धनीराम निवासी रामपुर डिघारी थाना नगराम जनपद लखनऊ स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास होते हुए शेखपुर समोधा गांव आ रहा था। जैसे ही वह गजियापुर गांव के निकट पहुंचा तभी अचानक सड़क पार कर रही एक भैंस उसके सामने आ गई। जिससे उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल अवस्था मे इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां मौजूद डॉक्टर के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है।

### प्रधानमंत्री का एआई जेनरेटेड आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने पर आरोपित पर हुई कार्रवाई

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

देश के प्रधानमंत्री का एआई जेनरेटेड आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने पर आरोपित पर पुलिस ने कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चने की स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत बन्नावा गांव का रहने वाला एक युवक दुर्गेश कुमार पुत्र रामदीन जिसने इंटरनेट मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक लड़की के साथ एआई जेनरेटेड एक अभद्र वीडियो वायरल कर दिया। आपत्तिजनक और मनगढ़ंत वीडियो वायरल करने पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने उक्त युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। उक्त वायरल वीडियो के संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी ने बताया कि वीडियो में प्रधानमंत्री को एक लड़की के साथ गलत संदर्भ में दिखाया गया है। जो पूरी तरह से असत्य और समाज के नैतिक मूल्यों के खिलाफ है। यह गंभीर अपराध है, जो देश के सर्वोच्च पद की छवि धूमिल करने का प्रयास है। ऐसे घटिया तत्वों पर सख्त से सख्त कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने एक्स के माध्यम से घटना की शिकायत पुलिस के उच्च अधिकारियों से की है। इसके पश्चात पुलिस एक्शन मोड में आई और युवक को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही की है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही युवक को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्यवाही की गई है।

### सांसद राहुल गांधी के स्वागत में उमड़े कांग्रेसी कार्यकर्ता, हुआ स्वागत

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के रायबरेली दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आगमन पर बछरावां कस्बे में क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल माला देकर उनका भव्य स्वागत किया। बुधवार 11:00 बजे के आसपास रायबरेली दौरे के दौरान कस्बे से गुजर रहा नेता प्रतिपक्ष व जनपद के सांसद राहुल गांधी का काफिला कस्बे के मुख्य चौराहे के पास कार्यकर्ताओं की भीड़ देखकर कुछ देर के लिए रुक गया। राहुल गांधी ने कार से उतरकर समर्थकों से मुलाकात की। चंद मिनटों की मुलाकात के दौर में पार्टी पदाधिकारियों व समर्थकों ने अपने नेता राहुल गांधी का फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया। वहीं समर्थकों ने राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद प्रियंका गांधी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए। इस अवसर पर राहुल गांधी ने पार्टी पदाधिकारियों से जन जन को जागरूक करने की बात कही। इस मौके पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों की सरकार है। इस सरकार की नीतियों ने किसानों का शोषण किया है। आवारा पशुओं की समस्या से किसान बेहाल है। रोजगार के अवसर नहीं दिख रहे हैं, युवा बेरोजगार हैं, जनता सब कुछ जान चुकी है, आगामी चुनाव में जनता वर्तमान सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी। इस मौके पर अवधेश चौधरी, कृपा शंकर शुक्ला, रमाकांत मिश्रा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पलटू दास, सतीश कुमार, राम लखन यादव, अविनाश चंद्र बाजपेई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता व समर्थक मौजूद रहे।

### भाजपा जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा व आगामी अभियानों की कार्यशाला आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा से संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि का जिला अध्यक्ष द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि पार्टी सेवा पखवाड़ा व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अभियान में जा रही है और प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को प्रत्येक मंडल शक्ति केंद्र बूथ स्तर पर संगठन के निर्देशो का पालन करना है और अभियान को सफल बनाना है। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में संपूर्ण अभियान की कार्य योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं पदाधिकारीयों से पार्टी निर्देशों के अनुसार कार्य करने का आवाहन किया साथ ही साथ आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भी उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को विस्तार से कार्य योजना समझायी। साथ ही साथ उन्होंने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बूथ मैनेजमेंट के साथ कार्य करने के दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर प्रमुख के रूप से क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, सिधौली विधायक मनीष रावत, नगर पालिका खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, नगर पालिका मिश्रित अध्यक्ष सीमा भार्गव, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मल्होत्रा, मन अभियान संयोजक रोहित सिंह, नैमिष रत्न तिवारी विश्राम सागर राठौर, सुनील मिश्रा, संजय मिश्रा, अजय विश्वकर्मा, अनूप विश्वकर्मा, सचिन मिश्रा, तरुण शुक्ला, श्वेतांशु, विष्णु मौर्य, कामेश शुक्ला, प्रखर जायसवाल, सुधीर सिंह, कौशलेंद्र सिंह, अतुल तिवारी सहित पदाधिकारी कार्यकर्ताउपस्थित रहे।

### एल्पिस ग्लोबल स्कूल में स्काउट-गाइड त्रिदिवसीय शिविर का शुभारंभ



**बिसवां, सीतापुर।** एल्पिस ग्लोबल स्कूल में 10 सितम्बर से भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस की शुरुआत प्रार्थना एवं झंडा गीत से हुई। टोली निर्माण व गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अनुशासन, आत्मनिर्भरता, टीम भावना और सेवा का पाठ सीखा। शिविर का संचालन मंगली प्रसाद, अनिल बंशवार, प्रतिभा श्रीवास्तव, रूपेश अवस्थी सहित विद्यालय प्रशिक्षकों दिलशाद अली व सुश्री नेहा मौर्या के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षकों ने बच्चों को स्काउट-गाइड आंदोलन का इतिहास व आदर्श बताए और सेवा ही धर्म की भावना अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधक उमंग राजवंशी व प्रधानाचार्या दीपा चंद्रा ने इसे छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### सभी ब्लॉकों के किसानों ने बीडीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को बड़ा अभियान चलाया है। संघ की ओर से जनपद के सभी 13 ब्लॉकों पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन क्षेत्र विकास अधिकारियों के माध्यम से दिया गया और उन्हें मुख्यमंत्री तक भेजने का आग्रह किया गया, ताकि किसानों की आवाज़ सीधे सरकार तक पहुंच सके। किसानों ने कहा है कि खाद, बीज और कृषि रसायनों में मिलावट से फसलें खराब हो रही हैं। छुट्टा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है, सिंचाई व्यवस्था चरमराई हुई है और बिजली की कटौती ने खेती को और भी प्रभावित कर दिया है। किसानों ने मांग की है कि गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज समय पर उपलब्ध कराने, खराब पड़े राजकीय नलकूपों और नहरों की मरम्मत कराने तथा नालियों की नियमित सफाई कराने को कहा है। साथ ही रबी फसलों की सिंचाई के लिए दिन में अबाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई। भारतीय किसान संघ ने यह भी कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों का सतत प्रशिक्षण हो, ताकि वे किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और सेवा भाव से कार्य करें। इस मौके पर जिला मंत्री ओम प्रकाश मिश्र, रविंद्र प्रताप पाठक, राणा प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह, बृजेश मिश्रा, रवि सिंह, संतोष कुमार सहित सैकड़ों किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन स्वीकार करने के दौरान संबंधित क्षेत्र विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो संगठन प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### कॉम्बिंग के दौरान नहीं मिले बाघ के हमले के कोई चिन्ह

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग ने बताया कि दिनॉक 10-09-2025 को समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के शीर्षक सीतापुर में बाघ ने किसान पर किया हमला, कमर में बंधी तौलिया से बची जान, बहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती के क्रम में अवगत कराना है कि प्राप्त सूचना का संज्ञान लेकर दिनॉंक 09-09-2025 को वन विभाग एवं पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पहुँची। टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास निरीक्षण/कॉम्बिंग किये जाने पर किसी वन्य जीव/बाघ के पग चिन्ह के निशान नहीं पाये गये। समाचार पत्र में उल्लिखित खबर कि बाघ का पंजा प्रेम की कमर पर बंधी तौलिया में फंस गया और वह धड़ाम से जमीन पर गिर पड़े। इसी दौरान बाघ उन्हें खेत की ओर घसीट ले गया। घटना स्थल पर निरीक्षण के समय खेत में घसीटने के निशान नहीं पाये गये। श्री प्रेम पुत्र श्री गया प्रसाद, निवासी ग्राम भगवंतपुर के शरीर पर किसी भी प्रकार के वन्य जीव के पंजे, दाँत, नाखून या वन्य जीव के हमले के स्पष्ट निशान मौजूद नहीं थे। युवक के शरीर पर न तो गहरे घाव थे और न ही खरोंच के ऐसे साक्ष्य जो बाघ या किसी वन्य जीव के हमले की पुष्टि करते हों। श्री प्रेम को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐलिया भेजा गया, जहाँ डॉक्टरों द्वारा इलाज के दौरान यह बताया गया कि युवक की जान को खतरा नहीं है, वह गहरे खौफ में है। उक्त घटना स्थल पर निरीक्षण/कॉम्बिंग के दौरान किसी वन्य जीव/बाघ के पग चिन्ह नहीं पाये गये। समाचार में प्रकाशित खबर जॉच के दौरान असत्य एवं निराधार पायी गयी है। इस प्रकार से समाचार पत्र में भ्रामक एवं असत्य समाचार प्रकाशित होने से क्षेत्र के आम जनमानस में भय का वातावरण बन जाने की सम्भावना है।

### रामघाट पर मंदिर निर्माण में पड़ी बाधा से ग्रामीणों में रोष

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ठेंगहा ग्राम सभा स्थित मालती नदी के तट पर बने पौराणिक रामघाट पर भगवान श्री राम का मंदिर निर्माण एक नए विवाद में उलझ गया है। जनश्रुतियों के अनुसार यह वही स्थान है जहां वनगमन के दौरान प्रभु श्रीराम ने स्नान, दातुन और विश्राम किया था। इसी वजह से स्थानीय जनता की इस स्थल से गहरी आस्था जुड़ी हुई है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ग्रामीणों ने भी रामघाट पर मंदिर निर्माण का संकल्प लिया।

प्रशासन ने पूर्व में रामघाट सेवा समिति को इस स्थान पर भूमि उपलब्ध कराई थी। इसी पर जनसहयोग से मंदिर निर्माण कार्य शुरू हुआ। लेकिन भगवान राम के मंदिर के निर्माण कार्य की शुरुआत होते ही गांव के कुछ लोगों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए उपजिलाधिकारी से शिकायत की है। जिसके बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस विरोध की अगुवाई कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव राकेश मौर्य कर रहे हैं, जो बार-बार फर्जी शिकायतें देकर बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि राकेश मौर्य स्वयं इमारती लकड़ी का जंगल (श्रेणी 132 की रिजर्व लैंड) पर अवैध निर्माण कर चुके हैं, जिस पर साल 2023 में तहसील प्रशासन ने बेदखली और जुर्माने का आदेश भी पारित किया था, लेकिन कार्रवाई अब तक अमल में नहीं लाई गई है। यही नहीं नाम न छापने की शर्त पर एक ग्रामीण ने यह भी बताया कि कुछ समय पहले यह ग्रामीण बैंक की बीसी चलाता था। जिसमें फिंगरप्रिंट की क्लोनिंग सहित लेनदेन में बहुत ही घपला किया गया है जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा बैंक से की गई। बैंक के अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बीसी को वापस ले लिया। इस स्थिति से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम अमेठी आशीष कुमार सिंह से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन पर ठेंगहा, भौसिंहपुर, बदलापुर, शुकुलपुर ग्राम प्रधानों समेत चार दर्जन से अधिक संभ्रांत नागरिकों के हस्ताक्षर हैं। रामघाट विकास सेवा समिति के अध्यक्ष अनुपम मिश्र ने बताया कि यही लोग गांव में विद्वेष फैलाकर धार्मिक भावना से जुड़े कार्य में अनावश्यक बाधा डाल रहे हैं। फिलहाल एसडीएम आशीष कुमार सिंह ने मामले की जांच करने के उपरांत वस्तु स्थिति स्पष्ट करने का आश्वासन दिया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना संख्या : 42/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी) पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.-1, कार्य का विवरणः** इज्जतनगर मण्डल के लालकुओं-काशीपुर अनुभाग में पी.एस.सी. स्लैब का उपयोग करेके वेल फाउण्डेशन पर बृहत पुल संख्या 68 (5x12.20 मीटर) एवं पुल संख्या 92 (6x12.20 मीटर) का विनिर्माण कार्य। **अनुमानित लागत रूपयो में:** ₹27,42,75,534.19, **बयाना राशि रूपयो में:** ₹ 15,21,400, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 00, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह, **नोटः** 1, ई-निविदा दिनांकः 03.10.2025, को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे, 2, ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल रेल प्रबंधव (इंजी0) इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-256

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## नयी पीढ़ी को बताएं पूर्वजों की प्रेरक कहानियां

पिछले साल पितृ पक्ष के दिनों की बात है। मैं अपने मित्र के घर गया। शाम का समय था। उसके घर के आंगन में मिट्टी के कुछ दीपक टिमटिमा रहे थे। धूप बत्ती की भीनी-भीनी सी सुगंध वातावरण में घुली हुई थी। घर मानो मंदिर बन गया हो। मित्र के हाथों में अपनी मां की एक धुंधली सी ब्लैक एंड व्हाइट फोटो थी। वो अपने बेटे को इस तस्वीर में कैद यादों की दुनिया में ले जा रहे थे–'ये तुम्हारी दादी थीं बेटा!' मित्र की आवाज में गहरी श्रद्धा थी – 'जिन्होंने जीवन भर सादगी और दया के भाव का दीपक जलाये रखा। गांव में यदि किसी गरीब के घर चूल्हा न जलता, तो वे चुपचाप अनाज व सब्जियां पहुंचा देती थीं। पड़ोस, गली–मोहल्ले के लोग तारीफकरते हुए कहते–बड़े दिल वाली है दादी मां। हर दिन दादी की रसोई का पहला ग्रास किसी भूखे के लिए आरक्षित रहता था।' मित्र लगातार अपने बेटे को उसकी दादी के प्रेम और दया भाव के किस्से सुनाए जा रहा था। बच्चा बड़ी उत्सुकता से यह सब सुन रहा था,जैसे कोई अनजानी कहानी उसके सामने जीवित हो उठी हो। मैं चुपचाप यह दृश्य देख रहा था। मेरे मन में विचार आया–क्या यही सच्चा श्राद्ध नहीं है? सच कहूं तो यह पल मेरे लिए एक सहज जागरण था। आज पितृ पक्ष का वास्तविक अर्थ मेरी समझ में आ गया था। मित्र के अपने बेटे को संबोधन के दौरान मुझे लगा कि श्राद्ध सिर्फजल के अर्घ्य या पिंड दान के कर्मकांड तक ही सीमित नहीं है , बल्कि यह तो उससे कहीं अधिक गहरा और सार्थक है। ऐसे कर्मकांड निश्चित रूप से हमारी सनातन परंपरा की आधारशिला हैं। ये हमें हमारे पूर्वजों से जोड़ते हैं। वहीं हमारी सामूहिक स्मृति को जीवित बनाए रखते हैं। ऐसे कर्मकांड हमें कृतज्ञता व्यक्त करने का साधन प्रदान करते हैं। परंतु सच्चा श्राद्ध तभी पूर्ण होता है जब हम अपने पूर्वजों की कहानियों, उनके आदर्शों और उनके संस्कारों को अगली पीढ़ी की आत्मा में रोपित करें। दरअसल, परिवार की कहानियों का बच्चों पर गहरा असर पड़ता है। जब हम अपने बच्चों को दादा– दादी , नाना–नानी या पूर्वजों के संघर्षों और उपलब्धियों की कहानियां सुनाते हैं तो वे गौरवान्वित महसूस करते हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास पैदा होता है। चुनौतियों का सामना करने का आत्मबल भी बढ़ता है। वहीं ऐसे बच्चे अधिक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हैं। यह सच है कि जब परिवार के आदर्श और पूर्वजों की कहानियां बच्चों के हृदय में उतरती हैं, तब वे उनके जीवन के सबसे बड़े प्रेरणास्रोत बन जाते हैं। यही भाव एक विद्यालय की इस छोटी–सी घटना में झलकता हैकृएक बार एक विद्यालय के शिक्षक ने बच्चों से पूछा दृ 'तुम्हारे आदर्श कौन हैं?' किसी ने खिलाड़ी का नाम लिया, किसी ने फिल्म अभिनेता का। किसी ने किसी संत–महात्मा को अपना आदर्श बताया तो किसी ने सामाजिक कार्यकर्ता को। लेकिन एक बच्चा चुपचाप बैठा रहा। शिक्षक ने कारण पूछा तो उसने धीरे से जवाब दिया ' सर मेरे आदर्श तो मेरे दादाजी हैं। वे बहुत साधारण से व्यक्ति थे, पर गांव के हर जरूरतमंद आदमी की मदद करते थे। जब भी किसी के ऊपर कोई मुसीबत आती, वे सबसे पहले वहां उसकी मदद करने पहुंच जाते। हालाकि आज वे हमारे बीच नहीं हैं, पर उनकी बातें और उनके संस्कार मेरे साथ हैं।' शिक्षक भावुक हो गए दृ 'बेटा, यह जवाब बताता है कि तुम्हारे भीतर अपने परिवार के संस्कार की कितनी गहरी जड़ें हैं। यही वह ताकत है जो तुम्हें हर परिस्थिति में मजबूत बनाए रखेगी।'यूं तो पितृ पक्ष पूर्वजों को समर्पित श्रद्धा, भक्ति,स्मृति और कृतज्ञता का पर्व है। लेकिन हमे इस दौरान अपने बच्चों के साथ पूर्वजों की जानकारी भी साझा करनी चाहिए। श्रद्धा जहां हमे अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ बनाती है। स्मृति हमें उनकी कहानियों और मूल्यों का स्मरण कराती है। वहीं हमें बच्चों को अपने पूर्वजों की कहानियां सुनानी चाहिये ताकि अपने परिवार के संस्कारों को अगली पीढ़ी को सौंपा जा सके। इससे बच्चों में अपने परिवार और संस्कृति के प्रति गर्व और सम्मान की भावना जाग्रत होगी। बच्चे अपनी विरासत से परिचित होंगे और हमारे पूर्वजों को स्मृति अमर रहेगी।

# ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट को क्यों नहीं पूरा होने देना चाहती है कांग्रेस

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



**सवाल यह है कि क्या हमें अपने सामरिक हितों और आर्थिक संभावनाओं को इसलिए छोड़ देना चाहिए कि कुछ जोखिम हैं? या हमें उन जोखिमों का वैज्ञानिक समाधान निकालना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए? सरकार का दावा यही है कि उसने वैज्ञानिक संस्थाओं, पर्यावरण विशेषज्ञों और जनजातीय कल्याण मंत्रालय की सलाह के आधार पर ही परियोजना को मंजूरी दी है। फिर केंद्रीय मंत्रियों ने बार-बार स्पष्ट किया है कि यह योजना केवल आधारभूत ढाँचे का विस्तार नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत में भारत की स्थिति को मज़बूत बनाने का राष्ट्रीय दायित्व है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने संसद में कहा कि विकास और पर्यावरण विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। ग्रेट निकोबार परियोजना इसका उदाहरण होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे भारत की सामरिक ढाल बताया। जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि जनजातीय अधिकारों और ग्रामसभा की सहमति को पूरी तरह सुनिश्चित किया गया है। अब कांग्रेस चाहे जितने तर्क दे, लेकिन सच्चाई यह है कि इस परियोजना को रोकना भारत की सुरक्षा और विकास, दोनों से समझौता करना होगा। आलोचना करना लोकतंत्र का हिस्सा है, पर तथ्यों के विपरीत भ्रम फैलाना जनता और देश दोनों के साथ अन्याय है। ग्रेट निकोबार परियोजना दुस्साहस नहीं, बल्कि दूरदृष्टि का प्रतीक है।**

भारतीय लोकतंत्र का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि यहाँ राष्ट्रीय महत्व की किसी भी योजना पर राजनीतिक बहस इतनी तेज हो जाती है कि असली तथ्य पीछे छूट जाते हैं और जनता के सामने आधे-अधूरे सच पहुंचते हैं। ग्रेट निकोबार की समग्र विकास परियोजना इसका ताजा उदाहरण है। यह परियोजना केवल एक बंदरगाह या हवाई अड्डा नहीं है, इससे बहुत आगे भारत की समुद्री सुरक्षा, वैश्विक व्यापार में भागीदारी और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। किंतु इसे लेकर कांग्रेस बार-बार शंका और भय का वातावरण बनाकर जनता को यह जताने की कोशिश कर रही है कि मानो सरकार देश और समाज को किसी बड़े संकट की ओर धकेल रही है।

केंद्र सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को भारत की सुरक्षा के एक मजबूत किले के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। स्वभाविक है कि इस दिशा में ग्रेट निकोबार परियोजना एक 'गेमचेंजर' साबित हो सकती है। इसके अंतर्गत गैलेथिया खाड़ी में विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, 300,000 से 400,000 लोगों के लिए एक नियोजित टाउनशिप, 450 एमवीए क्षमता वाला गैस और सौर आधारित पॉवर प्लांट और सड़कों-जलगृहों का नेटवर्क तैयार किया जाना है। नीति आयोग के नेतृत्व में और एएनआईआईडीसीओ के माध्यम से चल रही इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 81,000 करोड़ रुपये है।

आज रणनीतिक दृष्टि से ग्रेट निकोबार का महत्व किसी से छिपा नहीं है। यह मलक्का जलडमरूमध्य के पश्चिमी छोर और सिक्स डिग्री चैनल के पास स्थित है। दुनिया के 30 से 40 प्रतिशत समुद्री व्यापार जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं और चीन की ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा भी यहीं से आता है। यदि भारत इस क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति दर्ज करता है तो हिंद महासागर में बीजिंग की विस्तारवादी 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति को सीधी चुनौती मिलेगी। एक ओर चीन ग्वादर, हंबनटोटा और क्याउक्प्यू जैसे बंदरगाहों में निवेश करके हिंद महासागर में घेराबंदी कर रहा है, तो दूसरी ओर भारत का यह कदम स्वाभाविक रक्षा प्रतिक्रिया है। जोकि पूरे हिंद-प्रशांत की समुद्री सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। नौसैनिक दृष्टि से भी यह योजना दूरगामी है। प्रस्तावित हवाई अड्डा नागरिक और सैन्य, दोनों उपयोग के लिए होगा। यह भारत की एकमात्र त्रि-सेवा कमान–अंडमान और निकोबार कमान को तत्काल तैनाती और निगरानी की नई क्षमता देगा। नौसेना के युद्धपोत, एयर फोर्स के विमान और थलसेना की लॉजिस्टिक सप्लाई इस द्वीप से तेजी से संचालित की जा सकेंगी। यह केवल रक्षा और व्यापार नहीं, बल्कि मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन का भी केंद्र बनेगा। वस्तुतः आर्थिक दृष्टि से यह परियोजना भारत के लिए वरदान है। आज भारत के कंटेनर जहाजों को सिंगापुर या कोलंबो होकर गुजरना पड़ता है। इस पर हर साल लगभग 1800 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। ग्रेट निकोबार पर बनने वाला ट्रांसशिपमेंट पोर्ट यह निर्भरता खत्म कर देगा। इसकी क्षमता पहले चरण में 4 मिलियन टीईयू होगी और 2050 तक यह 16 मिलियन टीईयू तक पहुँच सकती है।

यह भारत को वैश्विक समुद्री व्यापार का प्रमुख केंद्र बनाएगा, विदेशी मुद्रा की बचत करेगा और हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करेगा। इसके साथ ही इस परियोजना से लगभग ढाई लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। पर्यटन, लॉजिस्टिक्स, शिक्षा और स्वास्थ्य के नए अवसर खुलेंगे। लेकिन कांग्रेस इस योजना को दुस्साहस बताकर आदिवासी अधिकारों और पर्यावरणीय खतरे का मुद्दा उठा रही है। सोनिया गांधी ने हाल ही में एक लेख में चेतावनी दी कि यह परियोजना शोम्पेन और निकोबारी जनजातियों के अस्तित्व के लिए संकट है और इससे लाखों पेड़ काटे जाएंगे। जयराम रमेश ने पेड़ों की संख्या 8.5 लाख से बढ़ाकर 32 से 58 लाख तक बताई और इसे पर्यावरणीय विनाश कहा। राहुल गांधी ने जनजातीय मामलों के मंत्री को पत्र लिखकर वन अधिकार अधिनियम के उल्लंघन की बात उठाई। इन आरोपों में सच्चाई कितनी है, यह अलग बहस हो सकती है। पर इससे जुड़ा महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि शोम्पेन और निकोबारी जनजातियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक का विशेष पैकेज रखा गया है। किसी भी जनजातीय परिवार को जबरन विस्थापित नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका सुधारने के लिए योजनाएँ हैं। द्वीप के 82 प्रतिशत क्षेत्र को अब भी संरक्षित रखा जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण और पुनर्वनीकरण के लिए 30 वर्षों में 9,162 करोड़ रुपये का प्रावधान है। समुद्री जीवों, प्रवाल भित्तियों और लेदरबैक कछुए तक के संरक्षण हेतु वैज्ञानिक उपाय तय किए गए हैं। सरकार का दावा है कि यह परियोजना विकास और पर्यावरण संरक्षण, दोनों के संतुलन के साथ आगे बढ़ेगी। क्या कांग्रेस इस बात से डर रही है कि ग्रेट निकोबार आईलैंड प्रोजेक्ट की शुरुआत नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2021 में की है। इस मेगा प्रोजेक्ट को अंडमान-निकोबार द्वीप समूहों के आखिरी छोर तक बनाया जाना है। इसमें मालवाहक जहाजों के लिए बंदरगाह, एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट, स्मार्ट सिटी और 450 मेगावॉट की गैस और सौर बिजली परियोजना स्थापित किया जाना शामिल है और यदि से सफल होता है तो इसका श्रेय मोदी सरकार एवं भाजपा को सदियों तक मिलता रहेगा? यहाँ सवाल उठता है कि यदि 2012 में कांग्रेस सरकार के समय आईएनएस बाज को कैंपबेल बे में स्थापित करना सही था, तो आज उसी क्षेत्र में विस्तृत विकास करना क्यों गलत है? जब तत्कालीन यूपीए सरकार ने समुद्री रणनीति को ध्यान में रखकर इस क्षेत्र को महत्व दिया था, तो अब उसे आदिवासी अस्तित्व पर हमला बताना क्या दोहरा रवैया नहीं है?

आज आईएनएस बाज भारतीय नौसेना का एक ऐसा नौसैनिक हवाई स्टेशन है, जो ग्रेट निकोबार द्वीप पर कैंपबेल बे से भारत के दक्षिणी क्षेत्र की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मलक्का जलडमरूमध्य और सिक्स डिग्री चैनल पर नजर रखने में मदद करता है। क्या कोई इस सामरिक महत्व को नकार सकता है? परियोजना के विरोध में भूकंपीय जोखिम का तर्क भी दिया जा रहा है। 2004 की सुनामी के समय यह क्षेत्र प्रभावित हुआ था, लेकिन उसके बाद से ही यहाँ मजबूत भूकंपीय निगरानी और आपदा प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। यह तर्क देना कि आपदा की आशंका से विकास रोक दिया जाए, वैसा ही है जैसे भूकंप संभावित क्षेत्रों में कोई शहर या उद्योग न बसाया जाए। इस दृष्टि से देखें तो भारत के उच्च जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्रों में उत्तर-पूर्वी राज्य, हिमालयी क्षेत्र (जैसे कश्मीर और उत्तर बिहार), गुजरात का कच्छ क्षेत्र और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं, जहाँ शक्तिशाली भूकंप आ सकते हैं। इन क्षेत्रों में दिल्ली, श्रीनगर और गुवाहाटी जैसे कई बड़े शहर भी स्थित हैं जो भूकंप के प्रति संवेदनशील माने जाते हैं। तब तो फिर इस सभी शहरों एवं राज्यों को खाली कर देना होगा। कांग्रेस यहां यह भूलती हुई नजर आ रही है कि आधुनिक इंजीनियरिंग और तकनीक का उद्देश्य ही यही है कि जोखिम के बावजूद सुरक्षित निर्माण हो सके।

सवाल यह है कि क्या हमें अपने सामरिक हितों और आर्थिक संभावनाओं को इसलिए छोड़ देना चाहिए कि कुछ जोखिम हैं? या हमें उन जोखिमों का वैज्ञानिक समाधान निकालना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए? सरकार का दावा यही है कि उसने वैज्ञानिक संस्थाओं, पर्यावरण विशेषज्ञों और जनजातीय कल्याण मंत्रालय की सलाह के आधार पर ही परियोजना को मंजूरी दी है। फिर केंद्रीय मंत्रियों ने बार-बार स्पष्ट किया है कि यह योजना केवल आधारभूत ढाँचे का विस्तार नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत में भारत की स्थिति को मज़बूत बनाने का राष्ट्रीय दायित्व है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने संसद में कहा कि विकास और पर्यावरण विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। ग्रेट निकोबार परियोजना इसका उदाहरण होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे भारत की सामरिक ढाल बताया। जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि जनजातीय अधिकारों और ग्रामसभा की सहमति को पूरी तरह सुनिश्चित किया गया है।

वास्तव में यदि विपक्ष यदि इस पर गंभीर है तो उसे ठोस वैकल्पिक सुझाव देने चाहिए, न कि केवल भय और अविश्वास का वातावरण बनाना चाहिए। आज दुनिया के तमाम देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की होड़ में हैं। यदि भारत अपने सामरिक स्थानों को मजबूत नहीं करेगा तो यह बड़ा अवसर गंवा देगा और चीन जैसी शक्तियाँ शून्य भर देंगी। यह अवसर गँवाना ही हमारे लिए दुस्साहस होगा। क्योंकि ग्रेट निकोबार परियोजना भारत की भावी सामरिक और आर्थिक शक्ति का आधार है और यह हिंद महासागर में भारत की भूमिका को निर्णायक बनाएगी।

अब कांग्रेस चाहे जितने तर्क दे, लेकिन सच्चाई यह है कि इस परियोजना को रोकना भारत की सुरक्षा और विकास, दोनों से समझौता करना होगा। आलोचना करना लोकतंत्र का हिस्सा है, पर तथ्यों के विपरीत भ्रम फैलाना जनता और देश दोनों के साथ अन्याय है। ग्रेट निकोबार परियोजना दुस्साहस नहीं, बल्कि दूरदृष्टि का प्रतीक है।

विचार

# सामाजिक विषमताएं बनाम देश का आर्थिक विकास

संजीव ठाकुर

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक, आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में विषमताओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं।

आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है। और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है।

पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया।

आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ




अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है।

सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी। आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी, नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता, भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा, तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा।

## तर्पण

### निस्वार्थ भाव से पिता का प्रेरणादायक सफर








पितृ पक्ष में मैं अपने पूजनीय पिता स्व. अनोखे लाल बाजपेयी को भवपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनकी मृत्यु 1994 में हुई, पर उनके आदर्श और शिक्षाएँ आज भी मेरे जीवन का मार्गदर्शन करती हैं। पिताजी हमेशा कहते थे कि गरीबों की निस्वार्थ मदद करो और बड़ों का सम्मान करो।

समाजसेवा के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण मुझे प्रेरित करता है। उन्होंने कभी स्वार्थ की भावना नहीं रखी और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए मैंने भी समाजसेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाया।

आज भी उनके विचार मेरे लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो मुझे निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने की शक्ति देते हैं। मैं संकल्प लेता हूँ कि उनके आचरणों और मूल्यों को जीवनभर अपनाऊँगा।

**सुभाष चन्द्र बाजपेयी**
**मोहल्ला सराफान, छिबरामऊ**

## राशिफल



**मेषः**- आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**वृषभ** :- स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

**मिथुनः**- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्कः**- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रश्रिम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** :- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्या** :- समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रश्रिम तीव्र होगा।

**तुलाः**- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिक** :- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव।

**धनु** :- नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर** :- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रश्रिम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ** :- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीन** :- क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

# श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य ही श्राद्ध है

रमेश सर्राफ धमोरा

श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य जिससे पितरों को शांति मिलती है। श्राद्ध की उत्पत्ति पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता से हुई है जिसकी शुरुआत वैदिक काल से मानी जाती है। महाभारत के अनुसार सबसे पहले महर्षि निमि ने अत्रि मुनि के उपदेश से श्राद्ध किया और यह परंपरा धीरे–धीरे प्रचलित हुई। पितृ दोष होने पर व्यक्ति को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए पितृपक्ष में पितरों का स्मरण और पूजन करना आवश्यक है। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। पितृ पक्ष को श्राद्ध पक्ष के नाम से भी जाना जाता है। पितृ पक्ष में पितरों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पितर संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस पक्ष में विधि– विधान से पितर संबंधित कार्य करने से पितरों का आर्शावाद प्राप्त होता है।

श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं। इसलिए शास्त्र पूर्व जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धादि कर्म का विधान निर्मित करते हैं। सभी संस्कारों विवाह को छोड़कर श्राद्ध ही ऐसा धार्मिक कृत्य है जिसे लोग पर्याप्त धार्मिक उत्साह से करते हैं। विवाह में बहुत से लोग कुछ विधियों को छोड़ भी देते हैं परन्तु श्राद्ध कर्म में नियमों की अनदेखी नहीं की जाती है। क्योंकि श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य परलोक की यात्रा की सुविधा करना है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होकर करीब 16 दिनों तक चलने वाले श्राद्ध में अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पृथ्वी पर वास करेंगे। इन 16 दिनों तक पितरों को प्रसन्न करने के लिए उन्हें यज्ञ, जल से तर्पण दिया जाएगा। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए जगह–जगह पिंडदान, नारायण बलि, जल तर्पण आदि कर्मकांड़ों से उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पितृपक्ष में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जौ तथा चावल का पिण्ड देता है। उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना–अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते हैं। इसलिए इसको पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है।

श्राद्ध पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं। जिनसे गुण हमें विरासत में मिलें हैं। उनका हम पर न चुकाये जा सकने वाला ऋण हैं। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में जो तर्पण किया जाता है। उसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि इससे पितरों को स्वर्ग प्राप्त होता है और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। मंदिरों और नदियों के किनारे पितरों को तर्पण देने की सदियों से चली आ रही धार्मिक परम्परा आज भी अनवरत रूप से जारी है। श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धा (सच्चा विश्वास और प्रेम) से किया जाने वाला कर्मकांड जो मृत पूर्वजों (पितरों) की आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए किया जाता है। यह उनके प्रति कृतज्ञता, सम्मान और स्मरण भाव को व्यक्त करने का एक तरीका है, और इसके माध्यम से उन्हें संतुष्ट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। श्राद्ध का वैज्ञानिक पहलू भी है। वेदों में, दर्शन शास्त्रों में, उपनिषदों एवं पुराणों आदि में हमारे ऋषियों–मनीषियों ने इस विषय पर विस्तृत विचार किया है। श्रीमद्भागवत गीता में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुनः जन्म लेती है और बार–बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है। इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। श्रद्धया इदं श्राद्धम, अर्थात जो श्रद्धा से किया जाये वही श्राद्ध है। श्राद्ध प्रथा वैदिक काल के बाद शुरू हुई और इसके मूल में इसी शलोक की भावना है। उचित समय पर शास्त्र सम्मत विधि द्वारा पितरों के लिए श्रद्धा भाव से मन्त्रों के साथ जो दान–दक्षिणा आदि दिया जाय वही श्राद्ध कहलाता है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा के दिन सूर्य के कन्या राशि में प्रवेश करने पर इस दिन इसे कनायत भी कहते हैं और इसी दिन से पितृ पक्ष शुरू होता है। पुराणों में इसके आयोजन को लेकर कई कथाएं हैं। जिसमें कर्ण के पुनर्जन्म की कथा काफी प्रचलित है। हिन्दू धर्म में सर्वमान्य श्री रामचरित में भी श्री राम के द्वारा राजा दशरथ और जटायु को गोदावरी नदी पर जलांजलि देने का उल्लेख है। भरत के द्वारा दशरथ हेतु दशगात्र विधान का उल्लेख भरत कीन्हि दशगात्र विधाना तुलसी रामायण में हुआ है । भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं– पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा वे सब बुजुर्ग भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया। पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन कर्म एवं वाणी से संयम का जीवन जीते हैं। पितरों को स्मरण करके जल चढ़ाते हैं। निर्धनों एवं ब्राह्मणों को दान देते हैं। विष्णु पुराण के अनुसार दरिद्र व्यक्ति केवल मोटा अन्न, जंगली साग, फल और न्यूनतम दक्षिणा यदि वह भी ना हो तो सात या आठ तिल अंजलि में जल के साथ लेकर ब्राह्मण को देना चाहिए या किसी गाय को दिन भर घास खिला देनी चाहिए। अन्यथा हाथ उठाकर दिक्पालों और सूर्य से याचना करनी चाहिए कि हे प्रभु मैंने हाथ वायु में फैला दिये हैं, मेरे पितर मेरी भक्ति से संतुष्ट हों। देश में श्राद्ध के लिए हरिद्वार, गंगासागर, जगन्नाथपुरी, कुरुक्षेत्र, चित्रकूट, पुष्कर, बद्रीनाथ सहित कई स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है। लेकिन गया का स्थान उसमें सर्वोपरि कहा गया है।

गयाजी में फल्गु नदी के किनारे श्राद्ध कर्म करना सबसे ज्यादा पुण्य प्रदान करने वाला माना जाता है। जो व्यक्ति गयाजी में श्राद्ध करने जाता है उसको पूरे पितृ पक्ष वहीं रह कर श्राद्ध क्रिया पूरी करनी पड़ती है। गयाजी में पिंडदान करने से सात पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है। गयाजी में पूरे साल पिंडदान किया जाता है। शास्त्रों में पितरों के लिए पितृपक्ष के दौरान पिंडदान करने का अलग महत्व बताया गया है। मान्यता है कि गयाजी में श्राद्ध कर्मकांड सृष्टि के रचना काल से शुरू है। वायुपुराण, अग्निपुराण तथा रूढ पुराण में गया तीर्थ का वर्णन है। भगवान ब्रह्मा ने पृथ्वी पर आकर फल्गु नदी में प्रेतशिला पर पिंडदान किया था। त्रेता युग में भी भगवान श्रीराम भी अपने पिता राजा दशरथ के मरणोपरांत फल्गु नदी के तट पर श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान, कर्मकांड को कर पितृऋण से मुक्त हुए थे। श्राद्ध महिमा में कहा गया है– आयुः पूजां धनं विद्यां स्वर्ग मोक्ष सुखानि च। प्रयच्छति तथा राज्यं पितरः श्राद्ध तर्पिता।। – अर्थात जो लोग अपने पितरों का श्राद्ध श्रद्धापूर्वक करते हैं, उनके पितर संतुष्ट होकर उन्हें आयु, संतान, धन, स्वर्ग, राज्य मोक्ष व अन्य सौभाग्य प्रदान करते हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# मृतकों के परिजनों को राज्यमंत्री ने दिया सहायता राशि का प्रमाण पत्र

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




टिकैतनगर नगर पंचायत कार्यालय के पंडित दीनदयाल सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।विधानसभा दरियाबाद के व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती के लिए आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम नगर पंचायत के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस दौरान राज्यमंत्री शर्मा ने दो मृतक परिवारों को सहायता राशि के प्रमाण पत्र वितरित किए। टिकैतनगर के तालाब में डूबने से मृत व्यक्ति के परिवार को और कोठरीगौरिया में घाघरा नदी में डूबने से मृत व्यक्ति के परिवार को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ,ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह सहित विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए व्यापारी उपस्थित रहे।

## हज उमरा जाने वाले जायरीन रोशन अली का रोहित मिश्रा ने किया स्वागत



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** हज उमरा को जाने वाले जायरीन रोशन अली का स्वागत युवा नेता रोहित मिश्रा द्वारा फूलमाला पहनकर किया गया। हज उमरा जाने से पूर्व रोशन अली गांव में घूम कर सभी ग्रामीणों से मिले। ग्रामीणों ने उनके ऊपर पुष्प वर्षा भी की। एयरपोर्ट पर जाने से पूर्व रोशन अली ने कहा कि मक्का मदीना पहुंच कर सबसे पहले अपने मुल्क व अपने सभी लोगों की तरक्की व खुशहाली की दुआ करूंगा। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से रितेश पांडे कुलदीप मिश्रा इमरान अली महफूज अली मोहम्मद जीशान आदि रहे।

# जागरूकता साइकिल रैली न्याय चला निर्धन से मिलने के सपने को करेगी साकार : जिला जज

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

> जनपद न्यायाधीश ने हरी झण्डी दिखाकर साइकिल जागरूकता रैली को किया रवाना



आगामी 13 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से आज प्रतिमा श्रीवास्तव माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय बाराबंकी स्थित प्रशासनिक कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर साइकिल जागरूकता रैली को रवाना किया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय बाराबंकी, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बाराबंकी विशेष न्यायाधीश ई0सी0एक्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त जनपद न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारीगण, क्षेत्राधिकारी सदर, यातायात पुलिस एवं टी0आर0सी0 लॉ कालेज की अध्यापकगण उपस्थित रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अवगत कराया गया कि न्याय चला निर्धन से मिलने के सपना को साकार करने के लिए गांवों में एवं दूरदराज स्थित लोगों को जागरूक करने के लिए माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया की मंशा से इस राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से इस साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली टी0आर0सी0 लॉ कालेज के विधि छात्रों के द्वारा निकाला गया। साइकिल रैली में विधि के विभिन्न सेमेस्टर में शिक्षारत छात्रों ने साइकिल से राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया एवं मार्ग में विभिन्न जगहों, गांवों, बाजार इत्यादि में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार पत्र वितरित करते हुए और राष्ट्रीय लोक अदालत एवं उनमें निस्तारित किये जाने वाले मामलों/वादों के विषय में भी जानकारियां दी गईं।

## सहकारी गन्ना विकास समिति की बैठक सम्पन्न



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सहकारी गन्ना विकास समिति हैदरगढ़ द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहकारी गन्ना विकास समिति हैदरगढ़ अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बैठक में उपस्थित सदस्यों से गन्ना संरक्षण गन्ना समिति कार्यालय हेतु भवन निर्माण एवं गेट एरिया में गन्ना की बुवाई का क्षेत्रफल बढ़ाने पर विचार विमर्श किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से प्रगतिशील किसान पुनीत मिश्रा गंगाबक्स सिंह विजय प्रताप सिंह चीनी मिल हैदरगढ़ से मनोज शुक्ला बादल सिंह श्रवण कुमार यादव जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक का सफल संचालन सचिव विनोद सिंह यादव द्वारा किया गया।

## खबरें एक नजर में

### कार की टक्कर से युवक की मौत



**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।** आटो से उतर रहे यात्री को कार सवार ने टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान दस दिन बाद मौत हो गई। ऊसराहार थाना क्षेत्र के गपचिया निवासी अजय कुमार 31 अगस्त भरथना से आटो से घर वापस आ रहा था अजय के पिता सुखवीर ने बताया शाम को वह जैसे ही आटो से रिदौली गांव के समीप उतरा उसी समय लाल रंग की शिफ्ट कार ने टक्कर मार दी जिससे उसके दोनो पैर टूट गए सुखवीर ने बताया टक्कर मारने वाला कार चालक नगला नया अमथरी गांव का है गंभीर रूप से घायल अजय कुमार को सैफई अस्पताल मे भर्ती कराया गया जंहा इलाज के दौरान दस दिन बाद उसकी मौत हो गई सूचना पर ऊसराहार पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया थानाध्यक्ष बलराम मिश्रा ने बताया अजय को नाजुक हालत मे सैफई भर्ती कराया गया था जंहा बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

### असंतुलित ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, कार सवार बाल-बाल बचे

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बुधवार की दोपहर थाना क्षेत्र के सहाबपुर टोल प्लाजा के निकट हुई मार्ग दुर्घटना मे ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से कार सवार बाल बाल बच गये। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। बताते चले कि बुधवार की दोपहर बाराबंकी की ओर से सरिया लेकर आ रहा एक ट्रैक्टर ट्राली असुंतलित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गया तभी सामने से परसपुर गोंडा से लखनऊ जा रहे जगदम्बिका प्रसाद मिश्रा की गाडी नम्बर यूपी 32 एक्स के 1526 ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ गयी गनीमत रही दुर्घटना मे कोई घायल नही हुआ। दुर्घटना के बाद हाइवे पर जाम लग गया मौक़े पर पहुंची पुलिस ने जाम को हटवाकर यातायात को चालू कराया।

### बाइक सवार पिता-पुत्र को अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर, गम्भीर रूप से घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अमेठी जनपद बार्डर हजारीगंज गांव के समीप बाइक से दुकान जा रहे पिता पुत्र को ओवर टेक कर रहे अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एम्बूलेंस से सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सको ने गंभीर अवस्था में दोनो को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे 731 पर सुबह लगभग 08 बजे कोतवाली क्षेत्र के भवानी सिंह का पुरवा मजरे खानपुर गांव निवासी अरविंद दीक्षित उम्र लगभग 50 वर्ष अपने पुत्र करन के साथ बाइक पर सवार होकर अमेठी जनपद के तिलोई बाजार जा रहे थे। पिता पुत्र नेशनल हाईवे पर स्थित हजारीगंज गांव के समीप पहुंचे ही थे तभी लखनऊ की तरफ से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ओवर टेक के दौरान बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग और राहगीरो ने घायल के घर के सदस्यो को सूचना देने के उपरांत दोनों घायलो को एबूलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ भेज दिया। अस्पताल पहुंचे दोनों घायलों को इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया और फिर हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलो को केजीएमयू ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है।

### बस के कट मारने से ट्रक अनियंत्रित, हादसे में बिजली विभाग के कर्मचारी की मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शहर के फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में आगरा–कानपुर नेशनल हाईवे पर अजीतनगर के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। बस के अचानक कट मारने से अनियंत्रित हुए ट्रक ने बाइक सवार बिजली विभाग टीजी 2 कर्मचारी को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल कर्मचारी ने मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना सोमवार करीब तीन बजे की है। समृद्धि हॉस्पिटल के सामने एक प्राइवेट बस तेज रफ्तार में अचानक कट मारकर निकली। उसी वक्त पास से गुजर रहा ट्रक नियंत्रण खो बैठा और सामने चल रहे बाइक सवार को रौंद दिया। टक्कर लगते ही बाइक समेत 35 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र सूरज दोहरे सड़क पर जा गिरे और बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन गहरी चोटों के कारण डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। मंगलवार तड़के उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक सुशील कुमार मूल रूप से कानपुर देहात के पछलक सिटी गांव के रहने वाले थे। वर्ष 2017 से वह बिजली विभाग में टीजी–2 के पद पर टकरूपुर, चकरनगर पावर स्टेशन पर तैनात थे। परिवार समेत वह टकरूपुर के सरकारी क्वार्टर में रहते थे। सोमवार को किसी जरूरी काम से एचडीएफसी बैंक जाने के लिए इटावा आए थे कि रास्ते में यह बड़ा हादसा हो गया। परिजनों के मुताबिक हादसे में उनकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रक चालक मौके से भाग निकला। मृतक के परिवार में पत्नी प्रियंका देवी, एक छोटा बेटा और मां कुसमा देवी के अलावा चार भाई और चार बहनें हैं। अचानक हुए इस हादसे से घर में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार शाम को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

### सर्पदंश से युवक की हालत बिगड़ी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के बरहा कलां गांव निवासी शैलेन्द्र पुत्र बांके लाल 25 वर्ष बुधवार की शाम कूडा डालने के लिए गांव के बाहर जा रहा था तभी जहरीले कीडे ने काट लिया जिसपर वह चीखते हुए घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी जिसपर उसे मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# विद्यालय में अनुपस्थित रहते हैं शिक्षक, चार शिक्षिकाओं में एक ही मिली उपस्थित

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा की रीढ़ कही जाने वाली प्राथमिक शिक्षा जिसको मजबूत करने के लिये सरकार शिक्षको को तकनीकी प्रशिक्षण दिलाने के साथ तमाम योजनाएं लागू करके शिक्षा पर लगातार जोर दे रही है। जबकि शिक्षकों को विद्यालय से नदारद रहने की आदत, सरकार की मंशा पर पानीं फेर रही है।

जिसका जीता जागता सबूत हरख विकास खण्ड के ग्राम फतुल्लापुर के प्राथमिक विद्यालय में देखने को मिला है जहां तैनात चार शिक्षिकाओ मे बुधवार को लगभग दस बजे प्रधानाध्यापिका वंदना ही मौजूद रहीं।बाकी शिक्षिकाओ की अनुपस्थिति के बारे में पूछने कोई मेडिकल तो कोई छुट्टी पर होने की बात कही गयी।जहां स्तिथि ऐसी देखने को मिली कि कुछ बच्चों को राष्ट्रीय गान तक नहीं आता।कक्षा चार की छात्रा तो चार का पहाड़ा तक नहीं पढ़ सकी।सूत्रों के अनुसार इस विद्यालय की एक शिक्षिका सृष्टि जैन का विद्यालय में कभी कभी आती है।जबकि वहां संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पर सहायिका व आगंवाणी कार्यकत्री भी मौजूद नहीं थी और अकेले ही प्रधानाध्यापिका वंदना पूरे विद्यालय को संभालने हेतु मेहनत करते देखी गयी।इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात की गयी तो बताया गया कि जांच की जायेगी। खण्ड शिक्षाधिकारी अश्वनी प्रताप सिंह से की गयी वार्ता में मामले को देखने का आश्वासन मिला,

ग्राम प्रधान ने बताया कि सृष्टी जैन की नदारद रहने की सूचना मिलती है।जिसे लेकर हमने उनसे कहा भी गया था,आगे विभागीय लोग ही जाने।

## ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जांच करने पहुंची टीम

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सिरौली गौसपुर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की शिकायत के बाद जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर जांच टीम ने निरीक्षण किया। यह शिकायत तहसील के समाधान दिवस में की गई थी।बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडेले के नेतृत्व में टीम सुबह 11 बजे पंचायत भवन पहुंची। टीम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक, जिला सलाहकार हर्षित मिश्रा और सचिव ज्योति चौहान मनोज मिश्रा शामिल थे।टीम ने पिछले दो वर्षों के विकास कार्यों से जुड़ी पत्रावलियों की जांच की। इसके बाद पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय और अन्य विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण ग्राम प्रधान मैकूलाल और ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया।सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने सभी विकास कार्यों और संबंधित दस्तावेजों की विस्तृत जांच की है।

## जन सत्ता दल की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार, विजय प्रताप सिंह युवा प्रकोष्ठ के बने जिलाध्यक्ष



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जनसत्ता दल संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह बाबी एवम प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज सिंह ने विजय प्रताप सिंह पिंटू को युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। जिलाध्यक्ष व प्रधान महासचिव ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ को मनोनयन पत्र देकर कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज सिंह ने कहा कि आज जनसत्ता दल के प्रति लोगो क़ा विश्वास निरंतर बढ़ रहा हैं और पार्टी से जुड़ने वालों की संख्यां लगातार बढ़ रही हैं जिस तरह से पार्टी निरंतर अपना विस्तार कर रही हैं आने वाले समय मे जनसत्ता दल जनपद में मजबूत स्थिति मे होगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भईया ने राजनीति नही सेवा नीति की भावना से लगातार जिस तरह से असहाय गरीब लोगो के लिये निरंतर उनकी सेवा कर रहे है जो एक जनसेवक का दायित्व औऱ धर्म है इससे लोगो क़ा जनसत्ता दल के प्रति विश्वास बहुत बढ़ा हैं और आम जनमानस जनसत्ता दल को प्रदेश क़ा आने वाला भविष्य की नजर से देख रहा हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह बाबी ,प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज सिंह ,जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद सिंह राठौर ही ,प्रधान महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इम्तियाज राइन जी ,प्रधान महासचिव अधिवक्ता प्रकोष्ठ संतोष श्रीवास्तव, पाठक सहित अन्य पदाधिकारियो ने नव नियुक्त पदाधिकारी को माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी।

## पूर्व चेयरमैन ने बल्लभ पंत को दी श्रद्धांजलि



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता सन्टू ने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत को उनकी जंयती पर श्रद्धांजलि दी। पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता सन्टू एंव व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें अबेडकर चौराहे के पास इओ आवास में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन ने कहा कि पंत जी ने यूपी के विकास की आधारशिला रखी। इस अवसर पर सभासद अभिषेक त्रिपाठी, केशव यादव, रेडीमेड ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देव गुप्ता, चंकी यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सत्यम कुलश्रेष्ठ को मिला विशिष्ट शिक्षक सम्मान



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाने वाले युवा पर्यावरणविद व शिक्षक डॉ. सत्यम कुलश्रेष्ठ को लखनऊ मे विशिष्ट शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। उनको यह सम्मान लखनऊ शहर की महापौर सुषमा खरकवाल एवं पब्लिक स्कूल सीपी. सिंह फउंडेशन के प्रबंधक लोकेश सिंह, डायरेक्टर रश्मि पाठक द्वारा प्रदान किया गया। उनको यह सम्मान वर्तमान परिवेश में नयी शिक्षण प्रणाली लागू करने एवं उच्च स्वास्थ्य देखभाल शिक्षा देने के लिए दिया गया। सत्यम कुलश्रेष्ठ को इससे पहले भी 25 से अधिक प्रदेशीय एवं राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं। डॉ. सत्यम ने बताया कि दस साल से वह पर्यावरण संरक्षण जागरुकता के लिए कार्यरत हैं एवं वर्तमान में वो लखनऊ में प्लास्टिक वैस्ट मैनेजमेंट पर जागरूकता अभियान चलाने का कार्य कर रहे हैं।

# रेडीमेड ऐसोसिएशन ने डीएम से की मांग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



शहर में हर वर्ष सर्दियों के मौसम में लगनें वाले तिब्बती बाजार सहित अन्य बाजारों को परमीशन न देने के लिए उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रेडीमेड ऐसोसिएशन के अध्यक्ष देव गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में एक प्रतिनिध मंडल जिला अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि शहर में हर बर्ष सर्दियों के मौसम में लगने वाले तिब्बती बाजार सहित अन्य बाजारों को परमीशन व्यस्ततम यातायात वाली जगहों पर न दी जाए, सर्दियों का समय आते ही, तिब्बती सहित अन्य बाजार बीएसऐ दफ्तर के सामने पड़ी खाली जमीन पर लग जाते हैं।

चूकिं यह स्थान बहुत व्यस्ततम यातायात के बीच है, आस पास स्कूल आदि भी हैं तथा घनी आबादी वाला क्षेत्र है, इस क्षेत्र में कस्तूरबा गांधी महिला छात्रावास भी है ,इसलिए यहां अक्सर दुर्घटना की भी संभावना रहती है, रामनगर रेलवे फाटक बंद होनें से यहां यातायात का दबाव और बड़ गया है, इसलिए यहां अवैध रूप से बन रहे बाजारों को परमीशन न दी जाए।

बाहर से आये अतिक्रमण कारी सरकारी जमीनों पर कब्जा कर स्थानीय व्यापारियों को नुकसान करते हैं, तथा इनका ज्यादा तर सामान कर अपवचंना द्वारा आता है यदि अवश्यसंभावी हो तो इन बाहर से आये व्यापारियों को नुमाइश मैदान में नुमाइश के समय ही जगह दी जाए, जिला अधिकारी ने इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है। प्रतिनिधि मंडल में दर्जनों रेडीमेड ऐसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सांसद-विधायक ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर बांटी राहत सामग्री

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



जिले के सांसद साक्षी महाराज और क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने आज बुधवार को बांगरमऊ गंगा कटरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटरी गदनपुर आहार के भीषण बाढ़ की चपेट में आ चुके मजरा लोकइया पुरवा, धन्ना पुरवा, हरीगंज, नया पुरवा व भिखार पुरवा का सघन दौरा किया। नेता द्वय ने बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत सामग्री वितरित की और उनसे संवाद उन्हें हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर कट्टर बाढ़ राहत केंद्र पर सांसद श्री साक्षी महाराज ने गंगा कटरी वासियों से कहा कि मोदी और योगी सरकार गरीबों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती है। प्रदेश सरकार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के जरिए बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करके उनको मदद उपलब्ध करा रही है। विधायक श्री कटियार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जहां कही बाढ़ की समस्या हो, वहां राहत सामग्री तुरंत पहुंचाई जाए। साथ ही वह भी लगातार बाढ़ पीड़ितों के सम्पर्क में रहकर मूलभूत सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। बाद में सांसद और विधायक ने स्ट्रीमर से बाढ़ग्रस्त गांवों का भ्रमण कर वहां के हालातों का जायजा लिया।

दौरे में उनके साथ भाजपा नेता रामचंद्र वर्मा, बांगरमऊ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुनलाल दिवाकर, फतेहपुर चौरासी ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, अतुल मिश्रा, ब्लाक प्रमुख गंजमुरादाबाद विवेक पटेल, पप्पू निषाद, जितेंद्र यादव प्रधान, राजाराम निषाद पूर्व प्रधान सहित प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहा।

# सपा महिला नेत्री अन्नू टण्डन ने बाढ़ पीड़ितों से की मुलाकात

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



जिले की पूरी गंगा कटरी इस वक्त बाढ़ की बुरी चपेट में है। उक्त गांव के जो लोग अपना घर छोड़कर पास के किसी ऊंचे स्थान पर डेरा डाल रहे हैं उनकी मदद के लिये आज सपा राष्ट्रीय सचिव अन्नू टण्डन ने सफीपुर तथा सदर विधानसभा के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचकर अपनी सारी गृहस्थी को गांव में छोड़कर आये बाढ़ पीड़ितों के लिये भोजन की व्यवस्था किया। पूर्व सांसद अन्नू टण्डन जी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से मिलकर स्थिति का जायजा लिया तथा संकट की इस घड़ी में व्यक्तिगत रूप से हर संभव मदद की बात कही। अन्नू टण्डन जी ने सफीपुर ब्लाक की गहोली बाजार व सड़क के किनारे रह रहे नीबीगाढ़ा, हमजापुर, इब्राहिमाबाद आदि तथा मरौंदा सूचित के प्राइमरी स्कूल तथा जानकीकुण्ड परियर में डेरा जमाये पनपथा, बाबू बंगला, माना बंगला, देवी पुरवा, कटरी मरौंदा आदि गांवों के बाढ़ पीड़ितों के एक–एक परिवार के स्थान पर पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को भोजन कराया। अन्नू टण्डन जी ने बाढ़ पीड़ित कुछ सदस्यों के बीमारी में समुचित इलाज के लिये सपा कार्यकर्ताओं को अपनी तरफसे सहायता करने के निर्देश भी दिये। बाढ़ पीड़ित में प्रमुख रूप से राम बरन कुरील, अनूप मेहरोत्रा, सुखवीर मेजर, अखण्ड प्रताप सिंह, ओम प्रकाश सविता, संजय निगम, मनोज रावत, विवेक शुक्ला, सज्जाद मास्टर, विशाल गौतम, एजाज खां, मनमोहन राठौर, राम विलास यादव, रामधन गुप्ता, आशीष कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## फर्जी पत्रकार बन अवैध वसूली के आरोप में दो गिरफ्तार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** थाना बिहार क्षेत्र के गौरा गांव में मंगलवार दोपहर दो युवकों ने खुद को पत्रकार बताकर लकड़ी ठेकेदार से वसूली की कोशिश की। रुपये न देने पर वीडियो बनाकर अधिकारियों को भेजने और मारपीट की धमकी दी। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गौरा निवासी अखिलेश सिंह पुत्र महेश सिंह जो बबूल व सफेदा की लकड़ी का ठेकेदार है, ने बताया कि 9 सितम्बर की दोपहर करीब 3:30 बजे दो युवक आए और पत्रकार बताकर उससे दो हजार रुपये की मांग करने लगे। संदेह होने पर जब ग्रामीणों ने पूंछताछ की तो उनकी पहचान अंकित कुमार यादव पुत्र संतोष कुमार और सौरभ द्विवेदी पुत्र उमाशंकर द्विवेदी, निवासी ग्राम पाही हरदो थाना बीघापुर के रूप में हुई। आरोप है कि रुपये न देने पर दोनों ने वीडियो बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजने की धमकी दी और मारपीट पर आमादा हो गए। थाना प्रभारी बिहार राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# बाढ़ के चलते किसानों की 150 एकड़ धान व सब्जी की फसल बर्बाद

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



गंगा में लगातार बढ़ रहे जलस्तर के चलते बीघापुर तहसील क्षेत्र के गंगा कटरी के इलाके में रहने वाले लोग परेशान हैं लगभग 100 एकड़ धान की फसल जल में डूब जाने से नष्ट हो गई है वही 50 एकड़ में लगा करेला, कुंदरु, परवल के खेतो में पानी भर जाने से किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

गंगा में जलस्तर बढ़ जाने से बाढ़ का विकराल रूप हो गया है। तहसील क्षेत्र के लगभग 6 ग्राम सभाओं और उनके मजरों में चारों ओर पानी भर जाने से हाहाकार मचा हुआ है। आवागमन बंद जाने से दूलीखेड़ा व लालखेडा के मजरे टापू बन गए हैं। लगातार एक पखवाड़े से ज्यादा पानी खेतों में भरे रहने के चलते पानी में डूबी धान की फसल गल गई है। उंचे खेतों में भी पानी पहुंच जाने से करेला परवल कुंदरु अन्य सब्जी की फसले नष्ट होने के कगार पर पहुंच गई है। लगभग 5 एकड़ में करेले का फसल उत्पादन करने वाले सोनू सैनी ने बताया कि ज्यादा जलस्तर बढ़ जाने से खेतों में पानी भर गया है करेले के खेत में पानी भरने से करेले की फसल को किसी भी तरह नहीं बचाया जा सकता। 5 एकड़ में लगभग एक लाख रुपए का खर्चा आया है। सुधीर सिंह चौहान ने बताया कि पानी का जलस्तर बढ़ने से धान की फसल पूरी तरह डूब गई है एक पखवाड़े से भी पानी में धान की फसल डूबी है। दूलीखेड़ा निवासी वीरेंद्र यादव, रोहित निषाद ने बताया कि सैकड़ो बीघा दलहनी फसल तिल्ली बर्बाद हो गई है। ग्राम प्रधान श्री कृष्ण यादव ने किसानों को हुए नुकसान के मुआवजा दिलाने की मांग की है।किसान आनंद शुक्ल, मोनू शुक्ल, राम मिलन सिंह ने गढ़ेवा, करमी, मलुहा खेड़ा, पाही, बैदरा, चंदनपुर, दूलीखेड़ा, लाल खेड़ा के मजरो में हुए किसानों के नुकसान का मूल्यांकन कराकर किसानों को शासन से आर्थिक सहायता की मांग की।

## आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ की मौत, तीन मवेशी भी मरे

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र के करीमाबाद गांव निवासी गजराज 46 पुत्र मुन्ना लोध बुधवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के सुतिया तारा के पास मवेशियों को चराने गया था जहां शाम को तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गयी। साथ ही दो भैस भी मर गयी जबकि पडोसी गांव सथरा निवासी प्रेमचंद का एक भैसा भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना जैसे ही घर पहुंची तो कोहराम मच गया। मृतक के तीन पुत्र अनूप छोटू व दो बेटी है। पत्नी सियादुलारी पति की मौत की सूचना पर रोते बिलखते मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने सदर कोतवाली पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

# महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर दी जान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र की निबई चौकी के गांव गंगासेवकखेड़ा में 38 वर्षीय विवाहिता ने घर में छत के कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। गंगा सेवक खेड़ा निवासी धर्मेंद्र कुमार गौतम पुत्र चंद्र कुमार की पत्नी सर्वेश कुमारी सुबह लगभग 11 बजे खाना बनाकर खाने के बाद अंदर कमरे में गई और छत के कुंडे में से लटक आत्महत्या कर ली। काफी देर कमरे से बाहर न आने पर घर में मौजूद सास व पति धर्मेंद्र गौतम में जाकर देखा तो पत्नी कमरे में लटकी थी। दरवाजा तोड़कर नीचे उतारा तब तक पत्नी की मौत हो गई थी। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि धर्मेंद्र की तहरीर पर पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतका का मायका अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव झऊहा गोरी त्रिभानपुर में है। मायके पक्ष से अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है। धर्मेंद्र दिल्ली में रहकर नौकरी करता था पत्नी की बीमारी की वजह से इस समय वह गांव में ही रह रहा था। मृतका के एक पुत्री है।

# सहकारी समितियों के अध्यक्ष व सचिव आपस में तालमेल रखें : अर्चना पांडेय

**एम पैक्स सदस्यता महाअभियान की कार्यशाला आयोजित**




**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

गंगोत्री गेस्ट हाउस में आयोजित सहकारिता विभाग के अंतर्गत एम पैक्स सदस्यता महा अभियान की कार्यशाला में विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा सहकारी समितियां के सचिव और अध्यक्ष आपस में तालमेल बनाए रखें।

विधायक ने कहा जनपद में खाद की कहीं कोई कमी नहीं है। हर समिति पर डीएपी, एनपीके और यूरिया उपलब्ध है। किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार 10 बोरी तक खाद ले सकता है। सभी लोग एम पैक्स के नए सदस्य अधिक से अधिक बनाएं। इससे समिति में सदस्यता का पैसा ज्यादा आने से लिमिट बढ़ जाएगी और खाद भी ज्यादा मिलने लगेगी।

अध्यक्षता कर रहे फर्रूखाबाद डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के सभापति कुलदीप गंगवार ने कहा खाद के लिए हमारा कार्यकर्ता कतई परेशान नहीं हो। हम समिति के हर सदस्य को खाद देंगे। सभी सदस्यों को आवश्यक सूचनाओं वाली बुकलेट दी जाएगी। इसका विमोचन 12 सितंबर को लखनऊ में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। सहकारी समिति छिबरामऊ पूर्वी के अध्यक्ष मुनीश मिश्रा ने कहा हमारी समिति में सभी सदस्यों को खाद मिल रही है लेकिन हमने तय किया है कि समिति से जुड़े गांवों के लोगों को ही खाद दी जाएगी। इसके अलावा इंतखाब लेकर नगद में भी खाद दी जा रही है। कार्यशाला में सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं ग्राम विकास बैंक के सभापति रामेंद्र त्रिपाठी, संतोष चतुर्वेदी, रामेंद्र त्रिवेदी, सुधा कटियार, और कोऑपरेटिव राजीव लोचन शर्मा, फर्रुखाबाद डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के उपसभापति राजेश त्रिपाठी एवं महाप्रबंधक सुनील त्रिपाठी सहित जनपद की समस्त सहकारी समितियों के अध्यक्ष और सचिव उपस्थित रहे।

## जिलाध्यक्ष गौरव चतुर्वेदी का जोरदार स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** राष्ट्रीय लोकदल के किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गौरव चतुर्वेदी का माल्यर्पण करके जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वागत कंदरपी दीक्षित, अवनीश मिश्रा, नवीन शुक्ला, शिवम शुक्ला, कललू दुबे, प्रीतम, सुरेंद्र लाला, अवनीश जाटव, गणेश तिवारी, आदेश राजपूत, शिवम राजपूत, रोहित शाक्य, जावेद सिंह शाक्य, शिवम चतुर्वेदी व पुरुषोत्तम तिवारी एडवोकेट जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोक दल उपस्थित रहे।

# महाधिवेशन एवं टेंट डेकोर एक्सपो के लिए किया जनसंपर्क

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



टेंट कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का तृतीय टेंट डेकोर एक्सपी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में 12, 13 एवं 14 सितंबर को होने जा रहा है। इसके लिए प्रदेश सचिव राजू एवं उनकी टीम ने कई जगह जाकर सघन जनसंपर्क किया।

प्रदेश सचिव राजू के साथ जिलाध्यक्ष दीपू और श्यामू आदि ने सौरिख में जनता टेंट, रोशन लाइट, जावेद टेंट, अनंत टेंट, ठाकुर टेंट, बंसी टेंट, गुरसहायगंज में भीम कैटरर्स, चकोर टेंट, मोहित डेकोरेटिव सहित कन्नौज में विशाल भारद्वाज, छिबरामऊ में आलोक वर्मा, रवि गुप्ता, एवं रामेश्वरम गेस्ट हाउस आदि पहुंचकर लखनऊ के महा अधिवेशन में पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राजू ने कहा यह अधिवेशन सभी टेंट व्यवसायियों के लिए एक मील का पत्थर है, जहाँ हम अपनी समस्याओं पर चर्चा करेंगे और समाधान तलाशेंगे।

आज जीएसटी हमारी सबसे बड़ी चुनौती है। जटिल कर प्रणाली और अस्पष्ट नियम हमारे व्यवसाय को प्रभावित कर रहे हैं। छोटे व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन, रिटर्न फाइलिंग और कर भुगतान में कठिनाई हो रही है। इसके अलावा, बिजली बिल, लाइसेंस शुल्क और श्रम लागत जैसी समस्याएँ भी हमारी राह में रोड़े हैं। हमें एकजुट होकर सरकार से स्पष्ट और सरल नीतियों की माँग करनी होगी। साथ ही, टेंट व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी नवाचार और वित्तीय सहायता की जरूरत है। यह अधिवेशन हमें नई दिशा देगा, जहाँ हम अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# जलभराव की समस्या से त्रस्त त्रिपाठीनगर के लोग



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला त्रिपाठीनगर में बरसात के मौसम में जलभराव की गंभीर समस्या ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है, जिसको लेकर उन लोगों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर 5 दिनों में समस्या का समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

शोभित भदौरिया पुत्र विश्वनाथ सिंह सहित मोहल्लेवासियों का कहना है कि नगरपालिका रोड पर बने नाले की नियमित सफाई न होने के कारण बरसात में नाले का गंदा पानी गलियों और घरों में घुस जाता है। इससे न केवल घरों में पानी भरता है, बल्कि सामान खराब होने, खाने-पीने की दिक्कत और बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। मकानों के गिरने की आशंका भी लोगों को सताती है। मोहल्लेवासियों ने कई बार नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर नाले की सफाई की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। भीषण बारिश में नाले का पानी सड़कों पर बहने लगता है, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। मोहल्लेवासियों ने अब सख्त रुख अपनाते हुए एसडीएम को दिए ज्ञापन कहा है कि पांच दिनों के भीतर नाले की सफाई कर जलभराव की समस्या का समाधान किया जाए। ऐसा न होने पर वे नगरपालिका परिषद के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी नगरपालिका की होगी। निवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है ताकि उन्हें इस समस्या से निजात मिल सके। इस दौरान सौरभ द्विवेदी, उर्मित सिंह, सुनील शर्मा, राम प्रकाश अग्निहोत्री, अरविंद कुमार बाजपेई, गोविंद द्विवेदी, बबलू ठाकुर व संतोष शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।



## श्री राम कथा में चरम पर रहा भक्तों का उत्साह

**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित दुर्लभ सत्संग व श्री राम कथा के तीसरे दिवस पर भक्तों का उत्साह चरम पर रहा। सुबह 5 बजे प्रहलाद जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि मनुष्य जब तक स्वयं के साधनों पर निर्भर रहता है, तब तक वह ईश्वर की सच्ची प्रार्थना नहीं कर पाता। उन्होंने गज और ग्राह के युद्ध का उदाहरण देते हुए बताया कि जब गज ने हृदय से प्रभु को पुकारा, तब भगवान ने तुरंत प्रकट होकर उसे बचा लिया। दोपहर 1ः30 बजे से श्री राम कथा में महाराज श्री ने शिव-पार्वती विवाह का मनोहर वर्णन किया। शिव की भूत-प्रेतों वाली बारात देखकर पार्वती की माता मैनावती बेहोश हो गईं, तत्पश्चात भगवान शंकर सुंदर रूप में प्रकट हुए और विवाह संपन्न हुआ। कथा के माध्यम से भक्तों को भक्ति और समर्पण का गहरा संदेश मिला। चौथे दिन भगवान श्री राम के जन्मोत्सव का वर्णन होगा, जिसमें महाराज श्री ने सभी भक्तों को नए वस्त्रों में शामिल होने का आह्वान किया।

# आनंद गुप्ता बने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने आनंद गुप्ता को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया।

उन्होंने कहा कि आनंद गुप्ता के नेतृत्व में कन्नौज जिले में एक मजबूत संगठन का निर्माण होगा एवं उनके द्वारा जिले के व्यापारियों की समस्याओं का मैं पूर्ण रूप से निवारण करने का आश्वासन देता हूं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा मंत्री जी एवं संगठन द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई उसका निष्ठा पूर्वक पालन करूंगा एवं संगठन को पूरे जिले में मजबूत करने का कार्य करूंगा। बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री बृजेश शुक्ला, प्रदेश मंत्री सागर अग्रवाल, सत्य प्रकाश गुलेरी, गौरव गोयल एडवोकेट, राहुल शर्मा, डॉक्टर आदित्य श्रीवास्तव, अतुल वर्मा, अभय गुप्ता, शरद गुप्ता, अवनीश गुप्ता, दीपक कठेरिया, संतोष कमल व रोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कन्नौज को इत्र और धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण से मिलेगी वैश्विक पहचान




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के तहत कन्नौज विजन पर हुई गोष्ठी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ५समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विजन के तहत जनपद को समृद्ध और सक्षम बनाने की दिशा में कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के उद्यमियों, व्यवसायियों, होटेलियर्स एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। गोष्ठी में बेड एंड ब्रेकफास्ट-होमस्टे रूरल होमस्टे नीति 2025 पर विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया।

विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि कन्नौज में दौलेश्वर भोलेनाथ मंदिर एवं मां अन्नपूर्णा मंदिर का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा होने के बाद ये स्थल धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र बनेंगे। उद्यमियों और व्यापारियों ने उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति के गठन का सुझाव दिया जिसमें कृषि पर्यटन एवं स्थानीय उद्योगों से जुड़े सदस्य हों। इत्र व्यवसायियों ने इत्र को कृषि आधारित उद्योग मानते हुए इस पर जीएसटी दर को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने की मांग रखी। इस मौके पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सहित अधिकारी एवं व्यापारी व उद्योग बंधु रहे।

### गंभीरता से अमल करने के दिए निर्देश

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि इत्र उद्योग और पर्यटन को एकीकृत कर कन्नौज को वैश्विक मंच पर स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से अमल करने के निर्देश दिए।

### बेड एंड ब्रेकफास्ट होमस्टे नीति से मिलेगा नया अवसर

कन्नौज। जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. एम मकबूल ने कहा कि बेड एंड ब्रेकफास्ट होमस्टे नीति 2025 के अंतर्गत ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र का कोई भी नागरिक पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर लाभ प्राप्त कर सकता है। इस नीति के तहत करों की देयता आवासीय दरों पर होगी, अतिरिक्त निर्माण पर 25 प्रतिशत तक सब्सिडी, तथा सोलर सब्सिडी की सुविधा भी मिलेगी। साथ ही चयनित इकाइयों में कार्यरत अधिकतम आठ कर्मियों को काशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान लखनऊ द्वारा निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# गैंगस्टर एक्ट के मामले में दोषी को तीन साल की कैद



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज संगठित अपराध के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी को 03 वर्ष का कठोर कारावास तथा 5000 के आर्थिक दण्ड से दण्डित किया। मामला उन संगठित अपराधों से जुड़ा है जिनमें अभियुक्तगण द्वारा समाज में भय, आतंक तथा अवैध आर्थिक और भौतिक लाभ अर्जित करने की नीयत से अपराध कारित किया गया था। विवेचना उपरांत थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। पुलिस टीम अभियोजन पक्ष मॉनीटरिंग सेल एवं कोर्ट पैरोकारों के प्रयास से प्रथम ;गैंगस्टर कोर्ट द्वारा अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र चंद्रभान जाटव निवासी राजापुर थाना सौरिख को दोषी ठहराया गया तथा 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 के जुर्माने से दण्डित किया गया।

## अतिरिक्त दहेज की मांग करने पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हटा निवासिनी सोनिया जाटव पत्नी देवेंद्र पुत्री मोहर सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि मेरी शादी वर्ष 2020 में देवेंद्र जाटव पुत्र राजा बाबू निवासी ग्राम कुसमरा थाना जालौन के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी जिसमें मेरे पिता ने समर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन मेरे पति देवेंद्र ससुर राजा बाबू पुत्र पंचम लाल सास कांति देवी देवरा आशीष जाटव आए दिन अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मेरे साथ गाली गलौज करने लगे और बोले मांग पूरी न होने पर तुम्हें यहां नहीं रहने देंगे और मुझे 31 अगस्त 2025 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मारपीट से मेरी पुत्री श्रव्य उम्र करीब 3 वर्ष के भी हाथ में चोटें आई हैं तब से मैं अपने पिता के पास ही रह रही हूं सोनिया की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उत्तर प्रदेश और भारत का भविष्य हमें तय करना है: मंडलायुक्त

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



**विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 संवाद और सुझाव से जालौन ने दी अपनी भागीदारी**

माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, गौरी शंकर वर्मा मण्डलायुक्त झांसी-नोडल अधिकारी विमल कुमार दुबे, सेवानिवृत्त आईएएस विजय सिंह निरंजन, सेवानिवृत्त आईपीएस हीरा लाल, प्रो. डा. रामप्रकाश वैज्ञानिक, कृषि विभाग, प्रो. डा. आदित्य कुमार राजनीति विज्ञान विभाग, डीवी कॉलेज, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विषय पर विचार विमर्श एवं सुझाव कार्यक्रम आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि उत्तर प्रदेश और भारत का भविष्य हमें तय करना है। यह अभियान प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प का हिस्सा है।

समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल पर दिए गए सुझाव 12 प्रमुख सेक्टरोंद्व कृषि, पशुधन, उद्योग, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और सुशासनद्वके विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा बनेंगे। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हम वर्ष 2047 में कैसा उत्तर प्रदेश चाहते हैं, इस पर स्पष्ट रोडमैप बने। जालौन में प्राकृतिक संपदा की कोई कमी नहीं है।

यहां पांच नदियां हैं, सौर ऊर्जा से 6 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य है, कृषि उत्पादकता में जनपद ने राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान पाया है। जालौन को उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का इंजन बनाया जा सकता है। इस अवसर पर व्यवसायी, उद्यमी, श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, मीडिया प्रतिनिधि एवं आम जनमानस ने भी अपने मूल्यवान सुझाव साझा किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुएं में गिरकर महिला की मौत

**जालौन।** ग्राम एदलपुर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में गिरकर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार को एदलपुर निवासी सुनीता देवी पत्नी शिवकुमार घर के पास स्थित कुएं में अचानक गिर गई। ग्रामीणों को कुएं से गिरने की आवाज सुनाई दी तो सभी मौके पर दौड़े और उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने महिला को बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सुनीता देवी को मृत घोषित कर दिया। मृतका के बेटे सुमित और सौरभ ने बताया कि मां अचानक घर के पास स्थित कुएं में गिर गई थीं।

# न.प. कार्यालय के स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का हुआ परीक्षण

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



चिकित्सा आपके द्वार के तहत नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 80 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि नगर की जनता को नजदीकी स्थान पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आज चिकित्सा शिविर आयोजन किये जाते हैं। इसके साथ ही शिविर के माध्यम से लोगों को अपने घर के नजदीक स्वास्थ्य परीक्षण के साथ निशुल्क उपचार मिल जाता है। सबसे ज्यादा लाभ महिलाओं व बुजुर्गों को होता है जिन्हें चिकित्सालय तक पहुंचने में दिक्कत होती है। शिविर चिकित्साधिकारी डा. सहन बिहारी गुप्ता, विजय राव, प्रीति राठौड़, अमित कुमार टीम ने नगर पालिका कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके साथ शिविर में आए मरीजों का ज्वर, जुखाम, खांसी, श्वांस, बात,प्रवाहिका, अतिसार, प्रतिश्याम, विषम ज्वर, रक्तचाप, मधुमेह, अतिसार, अर्श, अश्मरी, मूत्रकृच्छ, खांसी, घुटने के दर्द तथा गृहणी के आये मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा दी गई। शिविर में 80 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 3-5 दिन की दवा दी गयी।

# बिना मंडी शुल्क दिए जा रहे ट्रक को मंडी सचिव ने पकड़ा

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

बिना मंडी शुल्क जमा किए लाही लादकर ले जा रहे ट्रक को चेकिंग के दौरान मंडी सचिव ने पकड़ा। ट्रक में 230 क्विंटल लाही लदी हुई पाई गई। जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए है। पकड़े गए ट्रक को मंडी परिसर में खड़ा कराया गया है और दो लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है।

बिना मंडी शुल्क जमा किए उपज का परिवहन करने की सूचना मिलने पर मंडी सचिव रवि कुमार, सहायक राघवेंद्र, योगेश कुमार व टीम के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास चेकिंग कर थे। इसी दौरान मध्य प्रदेश की ओर से एक ट्रक आता दिखा। जिसको रोककर ट्रक की जांच की गई तो उसमें 230 क्विंटल लाही लदी हुई थी। मंडी सचिव ने मंडी से संबंधित प्रपत्र मांगे तो चालक नहीं दिखा सका। पूछने पर ट्रक चालक ने बताया कि वह लाही को बनारस लेकर जा रहा था। कागजात न मिलने पर मंडी सचिव ने ट्रक को माल सहित मंडी परिसर में खड़ा कराया है। मंडी सचिव रवि कुमार ने बताया कि ट्रक में 230 क्विंटल लाही लदी हुई थी। जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। मंडी शुल्क संबंधित आवश्यक प्रपत्र चालक नहीं दिखा सका।

# नायब तहसीलदार ने किया चार पोलिंग बूथों का निरीक्षण

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने 4 पोलिंग बूथों का औचक निरीक्षण करके त्रिस्तरीय पंचायत की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम का जायजा लिया।

नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला के द्वारा कदौरा विकास खंड के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय तिरही, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय बबीना, फ्तेह चंद्र स्मारक इंटर कॉलेज उदनपुर तथा सरकारी विद्यालय बागी में स्थापित पोलिंग बूथों का औचक निरीक्षण किया। ड्यूटी में मौजूद बीएलओ के कामकाज की हकीकत को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि अपने-अपने बूथों में मौजूद रहकर ईमानदारी से वृहद पुनरीक्षण -2025 के कार्य को निपटाने में सक्रिय भूमिका का निर्वाह करें। नायब तहसीलदार ने कहा कि सभी सुपरवाइजर तथा बीएलओ अपने अपने बूथों में उपस्थित रहकर फार्म संख्या 6-7 व 8 को भरने की कार्यवाही गतिशीलता से करें तथा पात्र लोगों के नाम निर्वाचक नामावली में पंजीकरण करा लें। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नही होनी चाहिये। निरीक्षण के दौरान लेखपाल शिवमंगल पाठक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सहकारी समिति की जर्जर छत की मरम्मत की उठाई मांग

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** सहकारी समिति के भवन की जर्जर छत की वजह से खाद की बोरियों को गोदाम पर स्टाक किया जाता है जहां बड़े वाहन तक नहीं पहुंच पाते हैं। मलिकपुर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति का भवन की छत जर्जर हो चुकी है जिसकी वजह से विभाग की ओर से मुहैया कराई गई खाद की बोरियों को मजरा बल्लापुर्वा स्थित गोदाम पर स्टाक करके वितरण किया जाता है। किसान महिपाल सिंह, अनुज कुमार, अनुरुद्ध कुमार, लालू यादव, कुलदीप कुमार, नरेन्द्र सिंह आदि ने सहकारिता विभाग के उच्च अफसरों से समिति की जर्जर छत की मांग उठाई है।

# भाकियू ने मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा पत्र

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक दिन बुधवार को डा. केदार नाथ की अध्यक्षता में आहूत हुई जिसमें किसानों से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण के लिए 11 बिंदु का मांग पत्र तैयार किया गया।

उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को पत्र सौपते हुए भाकियू नेताओं ने बताया कि तहसील की सभी समितियां में समय पर खाद बीज उपलब्ध कराया जाए वही ग्राम पड़री में रामप्रकाश पुत्र रामनाथ का कनेक्शन 2022-23 में हुआ था लेकिन कुछ सामान शेष रह गया था उसकी पी आर बनाकर भेजना है। वही चमड़ा ठाकुरपुर में तालाब से झला मंदिर तक नाला की सफाई कराई जाए और मौज बरोदा खुर्द में ट्यूबवेल नंबर 39 में लगे स्टार्ट को ठीक कराया जाए और मौजा भेंड़ रतनपुरा में फक्कड़ बाबा से लेकर मलंगा नाला तक चकरोड डलवाया जाए और ग्राम अंडा में अस्पताल के सामने झूलने बाले तारों को ठीक कराया जाए वहीं ग्राम घमूरी में में रोड किनारे रोड किनारे पेट्रोल पंप से घमुरी तक जो नाला बन रहा है। उसको कम से कम डेढ़ मीटर ऊंचा किया जाए और सिमरिया स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में दबाए उपलब्ध कराई जाएं।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में ब्लाक प्रमुख ने लाखों रुपये के विकास कार्यों पर लगायी मोहर

- बोलीं, जनता ने फिर मौका दिया, तो क्षेत्र में बहेगी विकास की गंगा
- क्षेत्रीय लोगों ने डॉ. अनीता रंजन व डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का किया स्वागत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**




बैठक के दौरान मौजूद ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन व डॉ. जितेंद्र सिंह यादव एवं मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान

क्षेत्र पंचायत की बैठक में ब्लॉक प्रमुख ने लाखों रुपए की योजनाओं पर अपनी मोहर लगायी। साथ ही अब तक क्षेत्र में कराये गये विकास कार्यों का लेखा जोखा रखा। उन्होंने बैठक में आने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया। इससे पूर्व सभी ने फूल-मालाओं से उनका व डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का स्वागत किया।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय सभागार में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन के निर्देशन क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गयी। डॉक्टर अनीता रंजन ने अपनी निधि से कराए गए विकास कार्यों के बारे में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधानों को अवगत कराया। वहीं लाखों रुपये के लम्बित विकास कार्यों पर भी मोहर लगी। इससे पूर्व जैसे ही सपा के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व ब्लाक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन ब्लाक पहुंचे, तो क्षेत्रीय लोगों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

इसके बाद सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों से विकास कार्यो के लिए प्रस्ताव लिए और लोगों को आश्वासन दिया कि सभी के क्षेत्र में कुछ ना कुछ विकास कार्य कराए जाएंगे और यदि जनता ने जैसा कि अभी तक के कार्यकाल में भरोसा किया, वैसे ही आगे भी इस प्रकार मौका दिया, तो क्षेत्र में विकास की गंगा बहायी जायेगी। विकास कार्यों में कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर अनीता रंजन, डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव के अलावा विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, सहायक विकास खंड अधिकारी सुखदेश कुमार, ग्राम सचिव जगवीर सिंह यादव, बृजेश कुमार, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, मोतीलाल यादव, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, कमल सिंह यादव, आकांक्षा सक्सेना, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार सहित सभी ग्राम सचिव तथा ग्राम प्रधान मनोज कुमार, राजीव यादव, अजय राज यादव, गोविंद सिंह गंगवार, दिनेश यादव, विनोद कुमार यादव, अनुराग मिश्रा, चरण सिंह यादव, पवन सिंह यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य जोगेंद्र सिंह, राजन गंगवार, ग्राम प्रधान संजीव यादव, सुमित कुमार शाक्य, हर्षित गंगवार, ग्राम सचिव जगवीर सिंह यादव, अकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह, आलोक दीक्षित, कनिष्ठ सहायक राज भारती सहित समस्त ब्लाक कर्मचारी तथा समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान बैठक में मौजूद रहे।

### ब्लाक प्रमुख ने पूरे कार्यकाल का वेतन बाढ़ पीड़ितों को किया दान

फर्रुखाबाद। ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन ने बैठक के दौरान अपने दूसरे कार्यकाल का पूरा वेतन बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ दान में देने की घोषणा की। बताते चलें कि इससे पूर्व भी ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन ने अपने पहले कार्यकाल का अपना पूरा वेतन कोरोना काल के चलते दान में दे दिया था। उनके इस कार्य की सभी ने दिल खोलकर सराहना की।

# महिला ने स्वयं पेट्रोल डालकर लगायी थी आग, पुलिस जांच में खुलासा



घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसओजी/सर्विलांस/थाना जहानगंज की पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दिनांक 8 सितंबर को वादी द्वारा थाना जहानगंज पर उसकी पुत्री को पेट्रोल डालकर जलाने व उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के संबंध में तहरीर दी गयी थी। जिसके आधार पर पुलिस ने मु0अ0सं0 151/2025 धारा-191(2)/105 बी.एन.एस. बनाम दीपक पुत्र मुन्ना सिंह निवासी उपरोक्त व पांच व्यक्ति नाम, पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में अभियुक्त दीपक पुत्र मुन्ना सिंह निवासी कछियन नगला थाना जहानगंज निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया। वहीं जांच में यह खुलासा हुआ है कि जली हुई हालत में स्कूटी चलाकर अस्पताल पहुंचने वाली महिला ने ही खुद को आग लगाई थी। उसका 4 साल से अफेयर था। प्रेमी साथ रहने का दबाव बना रहा था। इसी से परेशान होकर उसने आत्मदाह कर लिया। घरवाले उसे अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसपी आरती सिंह ने मामले के खुलासे के लिए सीओ के नेतृत्व में 5 टीमें बनाई थीं। जांच में पता चला कि 6 सितंबर को महिला और उसके प्रेमी में झगड़ा हुआ था। इसी के बाद उसने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली थी। पुलिस ने प्रेमी को गिरफ्तार किया है।



मृतक किशोरों के फाइल फोटो

## पानी में डूबकर दो किशोरों की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बरसात के पानी में नहाने गये दो नाबालिक बच्चों की डूब कर मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिवार में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम चौसपुर निवासी मुस्ताक पुत्र आसिफ उर्फ इद्दू उम्र 12 वर्ष, आसिफ उर्फ लाल मियां का 12 वर्षीय पुत्र लारेब बीती शाम एक गड्ढे में नहा रहे थे, तभी अचानक गहरे पानी में चले जाने से दोनों बच्चे डूब गये और उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। जब घर वालों को खबर मिली तो परिवार में मातम छा गया। आनन-फानन में परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे, तो देखा कि बच्चों की लाश पानी में नीचे चली गयी थी। आनन-फानन में लोगों ने किशोरों के शवों गड्ढे से बाहर निकाला और फतेहगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# एसबीआई-बीओआई की प्रगति रिपोर्ट खराब आने पर डीएम खफा

- ऋणपरक योजनाओं की समीक्षा कर दिये दिशा निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद बैंक के अधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त ऋणपरक योजनाओं की समीक्षा समस्त जिला समन्वयक विभिन्न बैंकों की उपस्थिति में सम्बन्धित अधिकारी द्वारा करायी गयी।

बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी योजना, प्रधान मंत्री खाद्य उद्योग सूक्ष्म उन्नयन योजना, माटी कला योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना की बैंकवार समीक्षा की गयी। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा समस्त लम्बित प्रकरणों को एक सप्ताह में तथा स्वीकृत प्रकरणों को तीन कार्यदिवस के भीतर वितरित करने को निर्देशित किया गया। बैठक में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया तथा बैंक ऑफ इण्डिया की प्रगति अत्यन्त खराब होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा चेतावनी निर्गत की गई तथा कल स्टेट बैंक के ऋण स्वीकृत अधिकारी को मण्डलायुक्त के समक्ष उपस्थित होने को निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मोहम्मद आजम सहायक प्रबन्धक को सहायक आयुक्त उद्योग के पद पर पदोन्नति पर बधाई दी गयी। बैठक में उपायुक्त उद्योग खादी ग्रामोद्योग, जिला उद्यान अधिकारी एवं समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाइक सवार बाढ़ के पानी में डूबा, तलाश जारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



मृतक लाल मियां का फाइल फोटो



घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण

कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला थला कुआँखेड़ा निवासी लाल मियाँ उम्र 18 वर्षीय पुत्र कल्लू मियाँ की मोटर मैकेनिक की दुकान अहमदगंज में है। रोज की भांति वह कुआंखेड़ा क्षेत्र के गांव मौलागंज निवासी दोस्त आरिफ के साथ बाइक से कायमगंज बाजार में कुछ सामान लेने आ रहा था। बताया गया कि जब दोनों पहाड़ी गांव स्थित बूढ़ी गंगा पुलिया के पास पहुंचे, तभी लाल मियाँ बाइफ पकड़कर पैदल चलने लगा, तभी बाढ़ के पानी में उसका पैर फिसल गया।

जिससे लाल मियां बहाव की गहराई में चला गया। साथी आरिफ ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका। देखते ही देखते लाल मियां पानी में डूब गया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर में चीख.पुकार मच गयी। मां नसरीन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई।

हादसे की खबर फैलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में पुलिया के पास जुट गए। देर रात तक गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से चांद मियां को खोजने का प्रयास जारी रहा। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल सका था।

# उद्योग व्यापार मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, किया सम्मान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



एसडीएम को सम्मानित करते व्यापारी

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को नगर की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन दिया। जिसमें मांग की गई की प्रातः 5:00 बजे होने वाली विद्युत कटौती का समय बदलकर प्रातः 8:00 के पश्चात किया जाए, क्योंकि प्रातः मॉर्निंग वॉक के लिए महिलाएं, बच्चे एवं नगरवासी निकलते हैं। उस समय आवारा कुत्तों का ज्यादा आतंक होता है, नगर में आवारा गाय एवं सांड नगर पालिका कायमगंज द्वारा पकड़वाने की व्यवस्था की जाए, इससे जनहानि होने की संभावना बनी रहती है तथा जो लोग अपने जानवर दिन भर के लिए सड़क पर छोड़ देते हैं उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। व्यापारियों को एसडीएम ने आश्वासन दिया कि आपकी दोनों मांगों का समाधान कराया जायेगा। इसके बाद व्यापारियों ने गणेश महोत्सव का सुंदर ढंग से समापन कराने एवं बारावफात का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न कराने के लिए माला पहनाकर व शाल उड़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री सत्यनारायण वर्मा, जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष शिव बालक शर्मा, विधानसभा महामंत्री रंजीत कुमार एवं महेंद्र राजपूत, युवा जिला अध्यक्ष रोहित गुप्ता, महामंत्री प्रियंक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक महेश्वरी, तहसील अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, नगर मंत्री पंकज अग्रवाल, अनाज कमेटी के अध्यक्ष रजनीश यादव, जिला मंत्री ब्रजकिशोर दुबे, विधानसभा उपाध्यक्ष राकेश राठौर सहित अनेकों पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बाइक से गिरकर युवती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा थाना अलीगंज क्षेत्र के गाँव नगला मोहन निवासी रश्मी उम्र 18 वर्षीय पुत्री मुन्ना उर्फ राधेश्याम अपने भान्जे बन्टू के साथ बाइक पर बैठकर ब्राहिमपुर जागीर थाना कायमगंज आई थी। वहाँ से कुछ सामान खरीदकर वापस अपने घर के लिए लौट रही थी। ब्राहिमपुर से निकलते ही कुछ ही दूरी पर चलती बाइक में रश्मी का पैर अचानक चला गया। जिससे वह नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। भान्जे ने मौसी के घायल होने की सूचना अपने नाना को दी। मौके पर पहुँचे नाना घायल अवस्था में रश्मी को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# लोक अदालत की तैयारी बैठक सम्पन्न, 128442 मामले चिन्हित



बैठक लेते अपर जिला जज/नोडल अधिकारी व मौजूद प्रशासनिक अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.09.2025 के सम्बन्ध में दिनांक 10.09.2025 को नीरज कुमार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में प्रशासनिक मामलों से सम्बन्धित तैयारी बैठक अभिनितम उपाध्याय अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में एवं उनके विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन संजय कुमार सचिव/अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। बैठक में अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण होने योग्य राजस्व/चकबन्दी/लघु फौजदारी/विद्युत विभाग आदि राजस्व मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। राजस्व वाद 283 मामले, फौजदारी वाद 1007 मामले एवं प्रकीर्ण वाद 127152 मामले कुल 128442 मामले प्रशासन की ओर से चिन्हित किये गये हैं। बैठक में संजय कुमार नगर मजिस्ट्रेट, अरुण कुमार गुप्ता विद्युत विभाग के (एसडीओ), उमा शंकर चकबन्दी अधिकारी आदि प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित हुये।

### बाबा हंसगिरी कमेटी ने निकाली गजानन की भव्य झांकी



भगवान गणेश की झांकी निकालते पदाधिकारी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। सांझी महोत्सव के दूसरे दिन गंगादरवाजा स्थित बाबा हंसगिरी सांझी कमेटी की ओर से भगवान गणेश की भव्य झांकी निकाली गई। शिवालय से शुरू हुई यह झांकी लोकमन, गुड़मंडी, मुख्य चौराहा, लोहाई बाजार और श्यामागेट होते हुए बजरिया स्थित लंगड़े बाबा के मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। स्थानीय लोगों ने जगह-जगह झांकी का स्वागत कर श्रद्धा भाव से दर्शन किए। शताब्दियों से मनाए जा रहे इस महोत्सव में पूरे 15 दिनों तक बजरिया और गंगादरवाजा मोहल्लों के बीच बारी-बारी से झांकियों की प्रतिस्पर्धा होती है। इस अवसर पर सांझी कमेटी के रवि कौशल, गोविंद रावत, प्रशांत तिवारी, सौरभ सक्सेना, संजय गुप्ता, प्रदीप सक्सेना, किशन रावत, मनजीत कौशल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कोतवालेश्वर हनुमानजी सेवा ट्रस्ट ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करते ट्रस्ट के पदाधिकारी

कोतवालेश्वर हनुमान जी सेवा ट्रस्ट द्वारा कायमगंज क्षेत्र के गंगा के किनारे बसे गांव अहमदगंज, गंगाइया, छत्तरई, सिनौली, महादेवपुर, पचरौली व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोड किनारे झोपड़ी डालकर रह रहे बाढ़ पीड़ितों को भोजन, बिस्कुट व अन्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान बाढ़ पीड़ित महिला, पुरुष, बच्चे समाजसेवियों की प्रशंसा करते नजर आये। बताते चलें कि बाढ़ का कहर एक महीने से ज्यादा समय से जारी है। लोगों को काफी दिक्कतों का करना पड़ रहा है। कई लोगों ने तो अपना घरवार छोड़कर सड़क पर बसेरा बना रखा है। ऐसे में इनकी मदद करने जो कोई भी जाता है, वह इनके लिए भगवान से कम नहीं होता है। बुधवार को ट्रस्ट के लोग जब राहत सामग्री लेकर पहुंचे, तो यह लोग भोजन के पैकेट लेने के लिए काफी आतुर दिखे। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, उपाध्यक्ष कन्हैयालाल, प्रबंधक संगम शाक्य, कोषाध्यक्ष अशोक गंगवार, मन्दिर सदस्य दीपक शाक्य, गुरूदेव, सदस्य नीरज श्रीवास्तव, निखिल, शिवम व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में खामियां देख डीएम नाराज



विद्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मोहम्मदाबाद का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के बच्चों के लिये बनाये जा रहे भोजन की गुणवत्ता चेक की। विद्यालय की बाउन्ड्रीबाल सही कराने के निर्देश दिये। हॉस्टल की सीढ़ियों के पास टाइल लगाने के लिये निर्देशित किया व निर्देशित किया कि फर्श का ढलान ऐसा रखा जाए कि पानी न रुके। विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य की गति अत्यंत धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व कार्य को जल्द पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया। बच्चों के छात्रावास में बिछाई गई बेडशीट गंदी पाई गई। विद्यालय में विद्युत की बायरिंग के पैनल खुले पाये गये। विद्यालय के अंदर निर्मित सड़क की स्थिति अत्यंत जीर्णशीर्ण पाई गई। प्रधानाचार्य कक्ष में लगे एयर कंडीशनर का आउटडोर यूनिट कॉरिडोर में लगाया गया है जिससे गर्म हवा बच्चों के क्लासरूम में जा रही थी। जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी व संबन्धित मौजूद रहे।

# गोली मारने की घटना जांच में निकली झूठी, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा



पुलिस हिरासत में आरोपी युवक

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से युवक घायल हो गया था। स्वजनों ने गांव निवासी एक युवक पर रंजिश में गोली मारने का आरोप लगाया था। पुलिस जांच में गोली मारने का मामला झूठा निकला। युवक ने स्वयं ही गोली मारी थी। पुलिस ने चार दिन बाद आरोपित को तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बिल्हा निवासी 35 वर्षीय रामप्रकाश जाटव पड़ोसी गांव स्थित एक दूध डेयरी पर बीते रविवार सुबह चार बजे वह घर से जाने के लिए निकला था। रास्ते में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक के गोली लग गई। स्वजन इलाज के लिए लोहिया ले गए। स्वजनों ने गांव निवासी एक युवक पर गोली मारने का आरोप लगाया था। प्राथमिक जांच में पुलिस को मामला संदिग्ध मिला। बुधवार को पुलिस ने आरोपित युवक रामप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। युवक के पास से तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मेडिकल कराकर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने आरोपित युवक ने स्वयं गोली मारी थी। युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### गैंगेस्टर के मामले में दो आरोपियों को तीन-तीन वर्ष का कारावास




पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट ने प्रवेश कुमार पुत्र राम सिंह, जयवीर उर्फ सुआलाल पुत्र पुत्तूलाल गंगवार निवासी घसिया चिलौली कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन-तीन वर्ष का कारावास व पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते 25 वर्षों पूर्व कोतवाली कायमगंज के तत्कालीन थानाध्यक्ष ने संतोष भारद्वाज ने प्रवेश, जयवीर, सोवरन के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने प्रवेश, जयवीर को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष का कारावास व पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मुकदमा विचारण के दौरान सोवरन की मृत्यु हो गई थी।

# निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर में बांटे जायेंगे उपकरण

- मानव सेवा करना ही मेरा संस्कार डॉ. अंकित सरीन
- 18 से 20 सितम्बर तक चलेगा शिविर


सम्बोधित करते भूपेन्द्र प्रताप सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर 18, 19 व 20 सितम्बर को सेवा केंद्र एनकेपी डिग्री कालेज के सामने आयोजित होगा। दिव्यांग शिविर के बारे में डा0 डॉक्टर रजनी सरीन के निवास लोहाई रोड पर जानकारी देते हुए डॉ0 अंकित सरीन (कोलोरेक्ट सर्जन ऑफ़ अमेरिका) ने अपने गृह निवास में अपनी मां के संस्कार मानव सेवा का संकल्प लेकर वसुधैव कुटुम्बकम के रूप में मानव सेवा कर रहे हैं। उनका उद्देश्य लोगों को रोग से मुक्त करके खुशी जीवन जीना जो एक अच्छे डॉक्टर का कर्तव्य होता है मैंने अपनी माता से सेवा कार्य सीखा, जो वर्तमान समय में कर रहा हूं सभी लोग सेवा कार्य में लगे। वार्ता में डॉ0 रजनी सरीन ने बताया कि एसएन साध ट्रस्ट द्वारा 18 सितंबर से 20 सितंबर तक निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर सेवा केंद्र एनकेपी डिग्री कॉलेज के सामने सेवा केन्द पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें डॉ. सुबोध वर्मा हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. शिखर सक्सेना कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। दिव्यांगों के लिए जयपुर फुट के सहयोग से दिव्यांगों को कृत्रिम पैर, पोलियो ग्रस्त व्यक्तियों को कैलीपर, बैसाखी आदि निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि एसएन साध ट्रस्ट द्वारा राकेश एवं चमकेश साध जो कार्य कर रहे हैं वह मानव की सच्ची सेवा है। राकेश साध ने कहा कि शिविर के माध्यम से हम विकलांगों की सहायता कर रहे हैं। अभिव्यंजना के समन्वयक एलआईसी प्राचार्य भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि संस्था कई सेवा के कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है, पात्र लोगों तक सहायता पहुंचे। दिव्यांगों को अगर उपकरण मिले, तो यह सबसे बड़ी सहायता है। इसी तरह बाढ़ पीड़ितों को भी सहायता दी जा रही है। कैम्प लगवाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मरीज को आधार कार्ड लाना आवश्यक है। इस मौके पर उदय पाल, सुजीत उर्फ छोटू, रोहित गर्ग, शीश मल्होत्रा, डॉ. राजकुमार सिंह, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, सूरज सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## गौरव दिवस के रुप में मनायी गई गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रखा बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में पंडित गोविंद बल्लभ पंत का 138वां जन्मदिवस गौरव दिवस के रुप में मनाया गया। प्रधानाचार्या डॉ. नीतू मसीह ने विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं व कर्मचारियों के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री व भारत के चौथे गृह मंत्री के रुप में अपना योगदान दिया। भारत को भाषा के अनुसार राज्यों में विभक्त करना, तथा हिन्दी को भारत की राज्य भाषा के रुप में प्रतिष्ठित किया। छात्राओं ने विभिन्न विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये और भाषण व कवितायें प्रस्तुत की। इस अवसर पर वीना एडवर्ल्ड, नीतिका सनी, नेहा मिश्रा, ममता पॉल, भावना लाल, रचना हिल्स, पूजा, लक्ष्मी आदि अध्यापिकायें मौजूद रही।


# महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य पोषण जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में मौजूद मातृ शक्ति व अन्य

महिला कल्याण विभाग लखनऊ के निर्देशों के क्रम में संकल्प हब फर इम्पावरमेंट ऑफवूमेन के अंतर्गत सितंबर माह में 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को जनपद में नवम दिवस की थीम महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता विषय पर कन्या जन्मोत्सव डॉ0 राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय महिला परिसर में आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र ने लिंगानुपात, भ्रूण हत्या व बेटियों को सम्मान व शिक्षा का अधिकार के विषय पर विस्तार से जागरुक कर जानकारी दी। सीएमएस महिला धीर सिंह ने महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण के विषय पर जानकारी दी। जिला मिशन समन्वयक नेहा मिश्रा ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व महिला कल्याण विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। जेंडर स्पेशलिस्ट कुमुदिनी रमन द्वारा टोल फ्री नंबर के बारे में बताया गया। जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला देवी द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के विषय में जानकारी दी गई व जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा 20 नवजात बेटियों के साथ केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया एवं बेबी केयर किट, मिठाई एवं खिलौने उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. अवनीश मौर्या, एसएमओ प्रवीण कुमार, फार्मेसी इंचार्ज आशुतोष यादव, रीतम शाक्य, हर्ष कुमार, राजू राठौर आदि उपस्थित रहे।

# महावीर दिगंबर जैन मंदिर में शांति धारा अष्ट द्रव्यों से हुआ पूजन


पूजन करते कन्हैया लाल, कमल, अभिषेक आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर मोहल्ला जोगराज में भक्ति भाव से अभिषेक शांति धारा अष्ट द्रव्यों से पूजन किया गया।

कन्हैयालाल जैन ने बताया कि भादो के महीने के शुक्ल पक्ष में पंचमी से लेकर चौदस तक 10 दिन के लिए पर्व मनाए जाते हैं, इसे दश लक्षण पर्व कहा जाता है। पहला दिन उत्तम क्षमा, मार्वल, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य, बह्मचर्य। यह दश धर्म निर्ग्रंथ दिगम्बर मुनियों के द्वारा धारण किये जाते हैं और श्रावकगण इन 10 दिनों में इनकी साधना करते हैं पर्व राज पर्यूषण पर्व के दिनों में धूप दशमी एवं अनंत चौदस का विशेष महत्व है, पर्व आने पर धर्मात्मा के अंदर खुशी का संचार होता है। जैसे वर्षा होने पर चातक प्रसन्न हो जाता है आम के बौर आने पर कोयल कूकती है, सावन आने पर मोर हर्षित होकर नृत्य करता है, जहां पाप कर्मों का दहन किया जाता है, आत्मा से पृथक किया जाता है, उसे पयूर्षण कहते हैं। इस अवसर पर इन्द्रों के वेश में कन्हैया लाल जैन, कमल जैन, अभिषेक जैन, विकास जैन, नीरज जैन ने भगवान शांतिनाथ की विश्व शांति एवं समाज की शांति हेतु वृहद्व शांति धारा की गई। इस दौरान अजय कुमारअधीक्षक अभियंता बिजली विभाग, इंजीनियर राजीव गोयल, पवन कुमार जैन, रोमिल जैन, मयंक जैन, मोहित जैन, संजय जैन, अतुल जैन, पंकज जैन, पूनम जैन, मनी जैन, ममता जैन, मिनी जैन, मोनी जैन, अंजू जैन, वर्षा जैन, आरती जैन, आकांक्षा, शिखा जैन, विमला जैन, राजकुमारी जैन, बीना जैन, नेहा जैन, नीलम, रुचि जैन, अर्चना जैन अन्य श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

# इग्नू की सत्रांत परीक्षा 01 दिसम्बर से प्रारम्भ

- परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 06 अक्टूबर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की दिसम्बर 2025 सत्र की सत्रात परीक्षा 01 दिसम्बर से प्रारम्भ होगी, जो 14 जनवरी 2026 तक चलेगी। सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र विद्यार्थी को ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरना होगा। परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 06 अक्टूबर है। 1100 रू0 बिलम्ब शुल्क के साथ 20 अक्टूबर तक अन्तिम रूप से परीक्षा फार्म भर सकते हैं। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, डॉक्टर अनिल कुमार मिश्र ने जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि लखनऊ क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत यू0पी0 के 32 जिले आते हैं। जिनमें से 18 अध्ययन केन्द्र को दिसम्बर 2025 सत्र की सत्रांत परीक्षा सम्पादित कराने के लिए नामित किया गया है। इसमें से लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, सीतापुर, फर्रुखाबाद, जालौन, कानपुर नगर, कानपुर देहात, चित्रकूट, झांसी, अयोध्या, अमेठी सामिल हैं। डॉ0 मिश्र ने कहा कि परीक्षा फार्म भरते समय छात्रों को यह ध्यान रखना होगा कि वे परीक्षा किस मोड में देना चाहते हैं। पेन और पेपर अथवा सी0बी0टी0 (कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट) जिसको इग्नू के समर्थ पोर्टल पर जाकर लिंक के माध्यम से ऑनलइन परीक्षा फार्म भर सकते हैं।

डीएन पीजी कॉलेज फतेहगढ़ अध्ययन केन्द्र-2729 के समन्वयक डॉ0 आरएन सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया 06 सितम्बर 2025 से प्रारम्भ हो गयी है जो 06 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। इसमें वे समी विद्यार्थी परीक्षा फार्म भरने के पात्र होंगे। जिन्होंने जनवरी अथवा इससे पूर्व (जिसका विश्वविद्यालय द्वारा समय निर्धारित हो) का है परीक्षा फार्म भर सकते है।

# जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर-19 में महावीर इ.का. रहा विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कबड्डी प्रतियोगिता में सम्मानित होते खिलाड़ी

जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शक्ति सैनिक इंटर कालेज मौधा में सम्पन्न हुआ। 51 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महिला आयोग की पूर्व सदस्य अर्चना राठौर व प्रबंधक पीयूष राठौर ने किया। प्रतिभागी टीम अंडर-19, अंडर-17, अंडर-14 के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। अंडर-19 बालक वर्ग के विजेता महावीर इंटर कालेज नगला खैरबंद रहा। उपविजेता शक्ति सैनिक इंटर कालेज मौधा रहा। अंडर-17 चौधरी गजराज इंटर कालेज टिलिया विजेता व उपविजेता केवी इंटर कालेज शमशाबाद रहा। अंडर-14 विजेता में चौधरी गजराज सिंह इंटर कालेज टिलिया व उपविजेता शक्ति सैनिक कालेज रहा। बालिका वर्ग अंडर-19 में राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ विजेता व उपविजेता स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज रहा। अंडर-17 दयानंद इंटर कालेज विजेता व उपविजेता महावीर इंटर कालेज नगला खैरबंद रहा।

निर्णायक मण्डल में अनुराग पटेल, सुब्रत शाक्य, इनजाद अहमद सिद्दीकी, देवेन्द्र कुमार, राहुल यादव, अभिषेक अवस्थी, सुनील कुमार, केशव गंगवार, तुषार चौधरी, चंदन कुमार आदि ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गजेन्द्र सिंह पाल ने की। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। लेखा विभाग के अवनीश कुमार, प्रदीप यादव, आकाश कुशवाहा, संदीप कुमार गौतम के अलावा दिग्विजय सिंह यादव, जितेन्द्र सिंह पाल, ज्ञानेन्द्र सिंह, राजेश सिंह राठौर, जितेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, मनोज कुमार ने व्यवस्था देखी। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य कणवेन्द्र सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# मत्स्यजीवी सहकारी अध्यक्ष वीरु साहनी ने की समीक्षा बैठक, दिये दिशा-निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


वीरू साहनी का स्वागत करते लोग

निरीक्षण भवन में वीरू साहनी सभापति मत्स्यजीवी सहकारी संघ लिमिटेड की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि मछुआ समुदाय का दुर्घटना बीमा कराए। जनपद की कई समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। हुसैनपुर नोखड़ा कमालगंज के समिति के प्रतिनिधि ने शिकायत की कि उनके तालाब में पानी कम है। ग्राम सभा बिजोरी कायमगंज के पटटाधारक ने शिकायत की कि वहां पर उसके पटटे पर अवैध कब्जा किया हुआ है, सभापति ने कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ कैंप लगाने के निर्देश दिये। लोगों को जागरूक करें, मछुआ समुदाय के लोगों के बीमा कराए, एनएफडीपी पोर्टल पर उनका पंजीकरण कराए, केसीसी बनवाने के लिए प्रेरित करें, जनपद में 11 समितियां है। जनपद में गंगा नदी की लंबाई 105 किलोमीटर है। उन्होंने नवीन समिति बनाने के लिए निर्देश दिए। कंपनी की बनाई हुई नाव की गुणवत्ता खराब निकालने के कारण उन्होंने कहा कि लाभार्थी स्वयं नाव बनाएं। सब्सिडी उनके खाते में स्थानांतरित की जाएगी। समिति नियमों के अनुसार ही बनाएं। उन्होंने कहा ग्राम सभा के एक हेक्टेयर के तालाब पर 1 लाख 60 हजार रुपए का लोन मिलने का नियम है, एक समिति में 30 लोग हो सकते हैं। एक प्रतिनिधि ने शिकायत की कि उसने आवेदन किया, परंतु उसका केसीसी नहीं बना। इस पर सभापति ने एलडीएम को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। माह में न्यूनतम दो बार कैंप लगाने के निर्देश दिए। कायमगंज के तीन तालाब हैं इनकी नीलामी नहीं हो सकी है। नगला हूसा अमृतपुर के सौरभ मिश्रा ने पटटा किए हुए तालाब पर अवैध कब्जा कर रखा है, उन्होंने कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सदर क्षेत्र में पटटेदार के तालाब के सही सीमांकन की शिकायत आने पर उन्होंने उचित सीमांकन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सब तालाबों की 100 प्रतिशत नीलामी कराए। समीक्षा बैठक में एसडीएम सदर न्यायिक व संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएन कालेज में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्राचार्य मनोज गर्ग

दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग का आयोजन प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य मनोज गर्ग व मुख्य अतिथि जिला सेवा योजन अधिकारी अमित तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

मुख्य अतिथि ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर के बारे में जानकारी दी और कहा कि सरकारी नौकरी, प्राइवेट सेक्टर व रोजगार के अवसर, एकाउंट फाइनेंशियन, एनालाइसिस, टैक्स कन्सल्टेंट, बैंकिंग इन्श्योरेंस, स्टॉक मार्केट, डाटा एंट्री, एसएससी, यूपीएससी आदि के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। संचालन कर रहे विनय कुमार बाथम ने कहा कि एनएसएस, एनसीसी, रोवर्स रेंजर्स, कम्प्यूटर कोर्सेज, स्टेनो ग्राफर कोर्सेज व टीचिंग से संबंधित टीईटी, सीटीईटी आदि की जानकारी दी। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ नौकरी के लिए तैयार कैसे करें, और स्वयं को परखे आदि पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सेवा योजन कार्यालय के संजय कुमार, नीरज कुमार, प्राध्यापक डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. सतेन्द्र मिश्रा, डॉ. रामनरेश सिंह, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, डॉ. मोहम्मद अमीन, डॉ. प्रियांशु सिन्हा, अनामिका मिश्रा सहित महाविद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# उपराष्ट्रपति की जीत पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई


मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाते भाजपाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को त्रिपोलिया चौक पर भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में हर्ष व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण एवं आतिशबाजी छुड़ाई। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने सर्वसम्मति से देश के 15वें उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार घोषित किया था। संपन्न हुए चुनाव में एनडीए उम्मीदवार को 452 मत के साथ देश का उपराष्ट्रपति चुनाव गया है। एनडीए उम्मीदवार की जीत ने साबित कर दिया कि विपक्ष का इंडिया गठबंधन पूर्ण रूप से बिखर गया है। भूदेव सिंह राजपूत ने बताया कि देश में राष्ट्रवादी विचारधारा की विजय हुई है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने पूर्व में कई पदों पर रहते हुए राजनीतिक क्षेत्र में सेवा और समर्पण का योगदान दिया है। इस अवसर पर डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, चित्रा अग्निहोत्री, संजीव गुप्ता, राहुल राजपूत, रामनरेश गौतम, शरद श्रीवास्तव, राजकुमार वर्मा, शिवम मिश्रा, अमन अवस्थी, मयंक बुंदेला, विकास पांडे, अंकित गुप्ता, गौतम दुबे, कृष्ण मुरारी राजपूत, मीरा सिंह, श्वेता दुबे, मदीना बेगम, बबिता पाठक, अर्चना वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, सत्यम कटियार, धर्मेंद्र राजपूत, अभिषेक बाथम, अभिषेक बाजपेई, अंकित तिवारी, विनोद अग्निहोत्री, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# सेंट एंथनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान क्लब का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद फादर व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेंट एंथनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहगढ़ में बुधवार को विज्ञान क्लब का उद्घाटन कर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र प्रसिद्ध खगोलशास्त्री, खगोलीय फोटोग्राफर, सूर्यग्रहण पर्यवेक्षक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध विज्ञान संप्रेषक अमृतांशु वाजपेयी रहे। वे प्रोजेक्ट सप्तऋषि इंडिया के प्रधान अन्वेषक, विध्यार्थी विज्ञान मंथन के सह-संपादक और पुस्तकों के लेखक भी हैं। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य फादर जोबी जोसफ के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। छात्र नेतृत्व में अध्यक्ष अनय त्रिवेदी, उपाध्यक्ष ऐमन अली और सचिव देवांश सिंह गौतम ने दायित्व निभाया। शिक्षक प्रतिनिधियों में जेम्स जोसफ, चेरी मैसी और अम्शा जेसी शामिल रहीं। अमृतांशु वाजपेयी ने कहा आज कि दुनिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के महत्व पर बल दिया। विशेष रूप से विद्यार्थियों की शिक्षा और पाठ्यक्रम में स्टीम लर्निंग की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आलोचनात्मक सोच, जिज्ञासा और नवाचार भविष्य निर्माण में अत्यंत आवश्यक हैं। साथ ही विद्यार्थियों को स्वयं में सकारात्मक परिवर्तन लाकर बेहतर शिक्षार्थी और जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को नई प्रेरणा दी और विद्यालय की उस दृष्टि को और मजबूत किया, जिसमें युवा पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना का संवर्धन प्रमुख है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकायें एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की उठायी मांग


धरना प्रदर्शन के दौरान मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक के नेतृत्व में कई शिक्षक संगठनों ने धरना प्रदर्शन में शामिल होकर प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, बेसिक शिक्षा मंत्री ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बड़ी संख्या में शिक्षकों ने पहुंचकर धरना प्रदर्शन में भाग लिया और दिये गये ज्ञापन में मांग की कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में संशोधन कर अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता से मुक्त किया जाये। शिक्षा का अधिकार अधिनियम में शिक्षक नियुक्त होने अथवा प्रोन्नति हेतु टीईटी उत्तीर्णता को अनिवार्य किया गया था। जिसमें अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी टीईटी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होने से संबंधित कोई आदेश दिशा निर्देश नहीं था न ही भारत सरकार अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में कोई कार्रवाई की गई, परंतु हाल में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गलत तथ्यों के आधार पर यह आदेश जारी किया गया है कि देश में शिक्षक बने रहने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। जिसमें मात्र 5 साल की सेवा बचे लोगों को छूट दी गई है, परंतु प्रोन्नति में उन्हें भी छूट नहीं दी गई है। प्रदेश के लगभग 8 लाख शिक्षक/शिक्षिकाओं की नौकरी/प्रोन्नति पर खतरा उत्पन्न हो गया है। वहीं टीईटी उत्तीर्ण करने हेतु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दो वर्षों का समय दिया गया है ऐसे में प्रदेश के शिक्षक/शिक्षिकाओं को टीईटी उत्तीर्ण होना संभव प्रतीत नहीं होता है। ऐसे में शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्णता की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए। साथ ही टीईटी अनिवार्यता नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक, आयेन्द्र सिंह यादव, प्रवेश सिंह तोमर, अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष नरेंद्र जाटव, यूटा के जिलाध्यक्ष पियूष कटियार, पंकज यादव, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के सर्वेश त्रिवेदी, सुजीत सिंह, शिक्षामित्र वेलफेयर संघ के अनुराग पांडे, धीरेन्द्र यादव, प्रमोद यादव, घनश्याम वर्मा, विमलेश राजपूत, रेखा सिंह, अमिता पाठक, सुषमा, रमेंद्री, रोली पांडेय, रेशमा आर्या, उपासना कटियार, मंजरी शाक्य, नीतू सिंह, आभा, वंदना सिंह, ज्योति, प्रवीणा दुबे आदि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथिः नीर भरी दुख की बदली को किया नमन्


महादेवी वर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उमड़ी कल थी, मिट आज चली मैं नीर भरी दुख की बदली, विस्तृत नभ का कोई कोना मेरा न कभी अपना होना, परिचय इतना इतिहास यही, उमड़ी कल थी मिट आज चली...............**

छायावाद की दीपशिखा से आलोकित करने वाली महादेवी वर्मा फर्रुखाबाद में जन्मीं तो पांचाल धरा धन्य हो गयी, लेकिन आज भी विडंबना है कि उनकी प्रतिमा के आसपास फल विक्रेता उन्हें घेरे रहते हैं। उनकी पुण्यतिथि पर हिन्दी प्रेमियों व महादेवी के अनुयाइयों ने उन्हें याद किया और अपने श्रद्धासुमन छायावाद की देवी को अर्पित किये।


आलोक बिहारी शुक्ल, प्राध्यापक

भारतीय महाविद्यालय के अस्टिेंट प्रोफेसर डॉ. आलोक बिहारी लाल शुक्ल ने बताया के महादेवी वर्मा चार प्रमुख स्तम्भों में एक प्रमुख मानी जाती हैं। 26 मार्च 1907 को उनका जन्म फर्रुखाबाद में हुआ। उनकी 37वीं पुण्यतिथि पर आधुनिक युग की मीरा को हम उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।


भूपेन्द्र प्रताप सिंह, समन्वयक

एलआईसी प्राचार्य व समाजसेवी तथा अभिव्यंजना संस्था के समन्वयक भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि हिन्दी साहित्य में साहित्य प्रेमियों के बीच आधुनिक युग की मीरा के नाम से सुविख्यात महादेवी वर्मा को हिन्दी के विशाल मंदिर में सरस्वती का जन्म फर्रुखाबाद में हुआ। उन्होंने इलाहाबाद में साहित्य संसद की स्थापना करके हिन्दी साहित्य को अत्यंत समृद्ध किया। नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, सप्तपर्णा जैसी उत्कृष्ट काव्यकृतियों को लेखनी दी।


संजय गर्ग, व्यापारी नेता

समाजसेवी व व्यावारी नेता, हिन्दी प्रेमी व अभिव्यंजना संस्था के कार्यक्रम संयोजक संजय गर्ग ने बताया कि फर्रुखाबाद का नाम पूरे भारत में आज भी महादेवी वर्मा के नाम से जाना जाता है। छायावाद की कवियत्री महादेवी वर्मा ने देश में अपनी ख्याति बनायी। आज उनकी यह छाप सबके दिलों में सीज है। ऐसी महान छायावाद देवी को हम सत्-सत् नमन करते हैं और उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।


राजकिशोर शुक्ला, प्रधानाध्यापक

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने बताया कि छायावाद के नाम से जानी जाने वाली कवियत्री महादेवी वर्मा की रचनायें आज भी प्रमुख हैं।

नीर भरी दुख की बदली व उनकी चार अन्य कृतियां जो मशहूर हुईं। आज भी उनको सब याद करते हैं। हिन्दी संस्थान का पहला भारत भारती सम्मान महादेवी वर्मा को मिला।

खड़ी बोली को उन्होंने हिन्दी की मधुरता और कोमलता से सुसज्जित किया।

# केंद्रीय विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता की दिलायी गई शपथ


सड़क जागरुकता की शपथ लेते विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ में विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा उपायों के प्रति जागरुक किया गया, साथ ही विशेष व्याख्यान सत्र आयोजित हुआ और विद्यार्थियों को सड़क जागरुकता की शपथ दिलायी गई। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण नियमों और यातायात के प्रति सतर्क रहने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क पर चलते समय पैदल यात्री, वाहन चालक एवं साइकिल सवार सभी को नियमों का पालन करना चाहिए। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की कठोर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अवयस्क द्वारा बिना वैध ड्राइविंग लाइसेन्स के विद्यार्थियों के द्वारा वाहन चलाये जाते पाये जाने पर चालान के साथ-साथ संरक्षक/मोटरवाहन स्वामी के विरूद्ध मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019 की धारा-199क के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। सभी 2218 छात्र-छात्राओं को जागरुक कर शपथ दिलायी गई। प्राचार्य वी0 अरोरा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उप प्राचार्य बीरम पाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

